

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश,छत्तीसगढ़, झारखण्ड असम से प्रसारित


वर्ष: 4 अंक: 17 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 27 अक्टूबर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

## कुआलालंपुर शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन, बोले- 21वीं सदी भारत और आसियान की सदी

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रविवार को कुआलालंपुर में आयोजित 22वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहा कि माता सिरिकिट के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत और आसियान मिलकर दुनिया की लगभग एक-चौथाई आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने




21वीं सदी भारत और आसियान देशों की सदी है। उन्होंने कहा कि दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संगठन आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का प्रमुख स्तंभ है और दोनों क्षेत्रों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध बहुत गहरे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशिया और उसके प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम को 47वें आसियान शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के लिए बधाई दी और फिलिपींस को भारत के लिए समन्वयक देश के रूप में उत्कृष्ट भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने लेस्ते तिमोर को आसियान का 11वां सदस्य बनने पर स्वागत किया इसके अलावा थाईलैंड की रानी कहा कि हम केवल भौगोलिक रूप से नहीं, बल्कि साझा इतिहास, संस्कृति और मूल्यों से भी गहराई से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि भारत और आसियान वैश्विक दक्षिण के समान विचार वाले साझेदार हैं, जो स्थिरता, विकास और समृद्धि के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज के अनिश्चित समय में भी भारत-आसियान समग्र रणनीतिक साझेदारी निरंतर प्रगति कर रही है। यह साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास की मजबूत नींव बनती जा रही है। उन्होंने यह भी दोहराया कि भारत आसियान की केंद्रीय भूमिका और हिंद-प्रशांत दृष्टिकोण का समर्थन करता है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी का किया उद्घाटन

**समाज जागरण**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज रविवार को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र के अच्छे स्वास्थ्य संस्थान स्वस्थ और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अमूल्य योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और गुणवत्ता सुनिश्चित करना सभी हितधारकों की जिम्मेदारी है, ताकि देश का कोई नागरिक प्रभावी इलाज से वंचित न रहे।




राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा राष्ट्र निर्माण का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने बताया कि सरकार देशभर में स्वास्थ्य और चिकित्सा ढांचे, संस्थानों और सेवाओं को लगातार सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा, "सरकार की ये सभी पहल एक स्वस्थ और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे रही हैं। लेकिन इसके साथ ही निजी क्षेत्र को भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।"

राष्ट्रपति ने यशोदा अस्पताल के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान इस अस्पताल ने बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज किया। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल ने राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम जैसी सरकारी प्राथमिकताओं को अपनाया है, जो सराहनीय है। राष्ट्रपति ने संस्थान से सिकल सेल एनीमिया से संबंधित राष्ट्रीय अभियानों में भी सक्रिय योगदान देने की अपील की।

उन्होंने अस्पताल के हितधारकों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए अनुसंधान और अन्य संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ाने की सलाह दी। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि चिकित्सा जिम्मेदारी के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाना भी स्वास्थ्य संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने यशोदा मेडिसिटी के 'सभी के लिए सस्ती और विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं' मिशन पर भरोसा जताया और कहा कि इससे न केवल स्थानीय बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी स्वास्थ्य क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों के उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थानों के सहयोग से भारत जल्द ही वैश्विक स्वास्थ्य गंतव्य के रूप में और अधिक पहचान हासिल करेगा।

## जल जीवन मिशन से बदली ग्रामीण भारत की तस्वीर

देश में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की दिशा में जल जीवन मिशन ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। 22 अक्टूबर तक इस मिशन के तहत 15.72 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल की सुविधा मिल चुकी है, जो ग्रामीण भारत के 81 प्रतिशत से अधिक घरों को कवर करता है। गौरतलब है कि पीएम मोदी ने 15 अगस्त 2019 को इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की थी। उस समय केवल 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों को नल से जल मिल रहा था, जबकि अब 12.48 करोड़ अतिरिक्त घर इस सुविधा से जुड़े हैं। 2.08 लाख करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता से चल रहे इस मिशन ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सबसे तेज विस्तार का रिकॉर्ड बनाया है।

# लोक आस्था का महापर्व : खरना के पावन अवसर पर पीएम मोदी ने दी शुभकामनाएं

**समाज जागरण**

लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा देशभर में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। शनिवार को नहाय-खाय के साथ इसकी शुरूआत हुई और रविवार को दूसरे दिन खरना का पर्व मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक संदेश साझा किया और इसके साथ प्रसिद्ध गायक दिनेश लाल यादव का छठ गीत 'सुख लेके उगिह दुख लेके डुबिह' भी साझा किया। उन्होंने लिखा, "आप सभी को महापर्व छठ खरना पूजा की असीम शुभकामनाएं। सभी व्रतियों को सादर नमन! श्रद्धा और संयम के प्रतीक इस पावन अवसर पर गुड़ से तैयार खीर के साथ सात्विक प्रसाद ग्रहण करने की परंपरा रही है। मेरी कामना है कि इस अनुष्ठान पर छठी मइया हर किसी को अपना आशीर्वाद दें।"



गीत 'सुख लेके उगिह दुख लेके डुबिह' को दिनेश लाल यादव ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। इसके बोल अवधेश कुमार सिंह विमल बवारा ने लिखे हैं, जबकि संगीत अनिल अनमोल शर्मा ने दिया है। यह गीत छठ पूजा की भक्ति, भावना और लोक संस्कृति को खूबसूरती से दर्शाता है।

छठ पूजा का पहला दिन शनिवार को नहाय-खाय के रूप में मनाया गया, जहां व्रतियों ने गंगाजल से स्नान कर अरवा चावल, चना दाल, लौकी की सब्जी और आंवले की चटनी का प्रसाद ग्रहण किया। रविवार को खरना के दिन व्रती पूरे दिन अन्न-जल का त्याग कर उपवास रखती हैं। शाम को मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर और रोटी बनाकर छठी मइया को अर्पित किया जाता है। पूजा के बाद व्रती वही प्रसाद ग्रहण करती हैं और फिर अगले 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखती हैं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, खरना से लेकर पारण तक व्रतियों पर छठी मैया की विशेष कृपा बनी रहती है। यह पर्व सूर्य उपासना, शुद्धता, अनुशासन और परिवार की मंगलकामना का प्रतीक माना जाता है।

## मुख्यमंत्री जी आज मेरे घर आए और आशीर्वाद दिया... चिराग पासवान

**समाज जागरण**

पटनाः बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के मुखिया चिराग पासवान के घर पहुंचे थे. इसके बाद चिराग पासवान का बयान आया है. उन्होंने कहा कि आज छठ का मौका है और मेरे लिए आज का दिन बेहद खास है..मुख्यमंत्री जी आज मेरे घर आए और आशीर्वाद दिया. चिराग पासवान ने आगे के कहा कि कुछ लोग विवाद पैदा करने की कोशिश में लगे थे. बेवजह झूठा प्रचार करने में लगे हुए थे..मुख्यमंत्री जी से मेरा बहुत अच्छा रिश्ता है. किन्हीं को कोई गलतफहमी नहीं होना चाहिए.



विपक्ष के एलजेपी और जेडीयू के बीच विवाद के सवाल पर चिराग पासवान ने कहा कि सीट बंटवारे के बारे में विपक्ष द्वारा यह कहा जा रहा था कि सीएम नाराज थे और जेडीयू और एलजेपी के बीच तनाव था...मैं साफ करना चाहता हूं कि यह सच नहीं है; दोनों दलों के बीच कभी कोई समस्या नहीं रही है."

आपको बता दें कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तमाम राजनीतिक कड़वाहटों को भुलाकर केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान के पटना स्थित आवास पर पहुंचे. यह नजारा इसलिए भी खास था क्योंकि पिछले पांच सालों में यह पहला मौका था जब नीतीश कुमार, चिराग के घर गए. मुख्यमंत्री का काफिला चिराग के आवास पर रुकते ही चिराग पासवान ने पैर छूकर नीतीश कुमार से आशीर्वाद लिया. इस पर नीतीश ने मुस्कुराते हुए चिराग से कहा, "क्या जी, हम तो आपका दर्शन करने के लिए चले आए हैं. यह एक वाक्य बिहार की राजनीति में बदलते समीकरणों की पूरी कहानी कह गया.

# 'राष्ट्रपति पुतिन वक्त बर्बाद नहीं करते', ट्रंप के साथ मीटिंग न करने पर रूस का रिएक्शन, क्या दे रहा इशारा?

रूस-अमेरिका के बीच यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की उम्मीदों पर फिर से पानी फिर गया. रविवार को रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने साफ-साफ कहा, 'राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मीटिंग सिर्फ मीटिंग के लिए नहीं करते. उन्हें वक्त बर्बाद करना बिल्कुल पसंद नहीं, मतलब बिना तैयारी के कोई भी मीटिंग बेकार है. इसलिए विदेशमंत्री सर्गेई लावरोव और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को तैयारी का निर्देश दिया गया है. प्रॉसेस जटिल है.' उन्होंने कहा, राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मीटिंग कैंसल होने की बात गलत है, क्योंकि डेट्स ही फिक्स नहीं थीं.



क्रेमलिन का ये रिएक्शन उस वक्त आया, जब ट्रंप ने कहा कि मीटिंग 'वेस्ट ऑफ टाइम' होगी. लेकिन रूस का ये स्टैंड इशारा दे रहा कि राष्ट्रपति पुतिन किसी भी कीमत पर झुकने के लिए तैयार नहीं. वे अपनी पुरानी शर्तों पर कायम हैं. यूक्रेन की डी-मिलिटराइजेशन करना होगा. डोनबास पुतिन अब नहीं छोड़ने वाले और NATO का विस्तार उन्हें बिल्कुल पसंद नहीं है.

**अलास्का से बुडापेस्ट तक का ड्रामा**

शुरूआत अगस्त में हुई जब अलास्का के एंकरेज में ट्रंप-पुतिन की पहली समिट हुई. वहां दोनों ने यूक्रेन पर बात की. ट्रंप ने कहा, मैं युद्ध 24 घंटे में खत्म कर दूंगा. पुतिन ने शांति की बात मानी, लेकिन शर्तें रखीं. 16 अक्टूबर को ट्रंप ने ऐलान किया, दो हफ्तों में बुडापेस्ट में दूसरी मीटिंग होगी. पहले लावरोव-रूबियो बात करेंगे. लेकिन 21 अक्टूबर को ही ट्रंप ने यू-टर्न ले लिया. कहा, मीटिंग वेस्ट ऑफ टाइम होगी, अगर बिना प्रोग्रेस के होती है. व्हाइट हाउस ने कहा, तुरंत किसी मीटिंग का कोई प्लान नहीं. रूस ने तुरंत इसे फर्जी न्यूज बता दिया. लेकिन पेस्कोव ने माना, डेट सेट ही नहीं था. उन्होंने एक्स पर लिखा, कैंसलेशन गलत, लेकिन ओवरनाइट नहीं हो सकता। ज्यादा नाइट्स चाहिए? फिर लावरोव ने रूबियो से फोन पर बात की, लेकिन शर्तों पर अड़े रहे.

## लिव-इन रिलेशनशिप समझौते की आड़ में लव जिहाद?




मुंबईः पिछले कुछ सालों से देश में हिंदूवादी संगठनों द्वारा 'लव जिहाद' का मुद्दा लगातार उठाया जा रहा है, और अब देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के बोरीवली इलाके से एक ऐसी ही चौंकाने वाली घटना सामने आई है. विवाद तब शुरू हुआ जब 21 वर्षीय एक हिंदू युवती और शाहिद शेख नाम के एक मुस्लिम युवक के बीच हुए लिव-इन रिलेशनशिप समझौते की एक प्रति सोशल मीडिया पर वायरल हुई. इस समझौते के सामने आते ही हिंदू संगठनों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, और विश्व हिंदू परिषद ने साफ तौर पर इसे लिव-इन की आड़ में किया जा रहा 'लव जिहाद' का एक नया तरीका करार दिया है. उसने मुंबई के सामाजिक माहौल में बवाल खड़ा कर दिया है.

VHP का आरोप है कि इस 500 रुपए के स्टांप पेपर पर किए गए समझौते का मकसद केवल कानूनी पचड़ों से बचना और भोले-भाले हिंदू लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाना है. संगठन का दावा है कि यह एक नया चलन है जिसके तहत कानूनी कमियां निकाली जा रही हैं ताकि आरोपी आसानी से बच सकें. इस घटना ने एक बार फिर 'लव जिहाद' और लिव-इन रिलेशनशिप की कानूनी सुरक्षा की सीमा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसके चलते मुंबई पुलिस पर समय रहते सख्त कदम उठाने का दबाव बढ़ गया है.

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी

**समाज जागरण**

राष्ट्रपति सचिवालय ने एतवार को कहा कि भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने छठ पूजा के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं भेजी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा, "छठ पूजा के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।छठ पूजा के दौरान, भक्त सूर्य की पूजा करते हैं और उन्हें अर्घ्य देते हैं।



इस पर्व पर हम प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। हम नदियों और तालाबों की पूजा करते हैं और अपने परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना करते हैं।यह पर्व स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। छठ पूजा समाज में एकता, सहयोग और सामूहिक भागीदारी का संदेश भी देती है। इस पावन अवसर पर मैं सभी नागरिकों की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना करता हूं।

## तो बदल जाएगा दिल्ली का नाम...

**समाज जागरण**

नई दिल्ली. पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी का अंग्रेजी नाम 'Delhi' से बदलकर 'Dilli' करने की मांग की. उन्होंने पत्र में कहा कि 'दिल्ली' का मूल नाम संस्कृत शब्द 'धिल्लिका' से निकला, जो समय के साथ 'दिल्लि' बन गया. ऐतिहासिक ग्रंथों, फारसी इतिहास और यात्रियों के उल्लेख में भी नाम का उच्चारण हमेशा 'दिल्लि' ही रहा है. गोयल के अनुसार, 'Delhi' ब्रिटिश शासन का प्रभाव है जो मूल उच्चारण और सांस्कृतिक पहचान से मेल नहीं खाता. उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग सदियों से 'दिल्लि' ही बोलते आए हैं, और कविता, लोकगीतों और साहित्य में भी यही नाम प्रयुक्त हुआ है. मुंबई, कोलकाता और चेन्नई की तरह नाम बदलने में आर्थिक या तकनीकी कठिनाइयां अब बड़ी बाधा नहीं हैं, डिजिटल युग में यह आसान है.

## भारत से दोस्ती, पाकिस्तान से प्यार...

आसियान समिट में विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात से चंद घंटे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा, हम पाकिस्तान के साथ साझेदारी बढ़ाने का मौका देख रहे हैं, लेकिन ये भारत के साथ हमारे ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण रिश्ते को कमजोर नहीं करेगा. उन्होंने इसे परिपक्व और व्यावहारिक विदेश नीति का हिस्सा बताया. ये बयान ऐसे समय में आया जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान के नेताओं के साथ गलबहियां कर रहे थे. उन्हें महान बताने में जुटे थे. यानी एक ओर तो भारत से दोस्ती और दूसरी ओर पाकिस्तान से प्यार... आखिर अमेरिका पाना क्या चाहता है? एक्सपर्ट कह रहे कि रुबियो का यह बयान बता रहा कि अमेरिका की नजर में भारत पाकिस्तान कहां खड़े हैं? वह पाकिस्तान को पाना तो चाहता है, लेकिन भारत को किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहता.



रुबियो ने साफ कहा, जैसे भारत ऐसे देशों से रिश्ते रखता है जिनसे अमेरिका नहीं रखता, वैसे ही उल्टा भी सही. ये अमेरिकी पॉलिसी का बेस है. उनका इशारा शायद भारत-रूस-चीन दोस्ती की ओर था. अमेरिका की यही नीति है. साउथ एशिया में दोनों देशों को अलग-अलग तरीके से हैंडल करना. पाकिस्तान के साथ रिश्ते अफगानिस्तान, काउंटर-टेरर और मिनरल्स पर फोकस्ड हैं. ट्रंप ने भारत पाकिस्तान सीजफायर के बाद माइनिंग एग्रीमेंट भी किए हैं. लेकिन भारत के साथ रिश्ते गहरे, ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण हैं. अमेरिका को चीन को काउंटर करने के लिए भारत चाहिए. दवअऊचलाने के लिए भारत चाहिए. इंडो-पैसिफिक के लिए भारत की जरूरत है. लेकिन अमेरिका के लिए अपने हित प्रॉयोरिटी पर हैं और वह वही कर रहा है.

## पर्दे के पीछे छिपते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी




तो ये तय हो गया है कि भारत के पंत प्रधान माननीय नरेंद्र दामोदरदास मोदी एसोसिएशन ऑफ साउथ ईस्ट एशियन नेशन्स (आसियान) समिट में शामिल होने मलेशिया नहीं जा रहे. मोदी इस समिट में आभासी (वर्चुअली) जुड़ेंगे.मोदी की जगह भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समिट में हिस्सा लेंगे. यह समिट मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में 26 से 28 अक्तूबर तक है.

आसियान सम्मेलन के जरिये दुनिया एक होने के बजाय दो धडों में बंटती नजर आ रही है. एक तरफ अमेरिका है और दूसरी तरफ रूस, चीन तथा भारत. अमेरिका के टैरिफ वार से आतंकित इन तीन बडे देशों ने शायद अमेरिका के सामने घुटने न टेकने की रणनीति बनाई है, इसीलिए इस समिट में भारत के पंत प्रधान नरेन्द्र मोदी के अलावा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिनभी शामिल नहीं शामिल हो रहे.

आसियान की इस समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अलावा जापान की प्रधानमंत्री सनाए तकाइची, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा और दक्षिण अफ़्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी शामिल होंगे.

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपना एशिया दौरा मलेशिया से शुरू कर रहे है, जो जापान के बाद दक्षिण कोरिया में खत्म होगा. दक्षिण कोरिया में आयोजित एशिया पैसिफिक इकनॉमिक कोऑपरेशन (एपीईसी) समिट में ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हो सकती है.ट्रंप अमेरिका के तीसरे राष्ट्रपति हैं, जो मलेशिया दौरे पर जा रहे हैं. ट्रंप से पहले बराक ओबामा और लिंडन बी जॉनसन ने मलेशिया का दौरा किया था.

भारतीय विदेश मंत्रालय के मुताबिक, "प्रधानमंत्री मोदी आसियान समिट में 26 अक्तूबर को वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे. वहीं 27 अक्तूबर को मलेशिया में आयोजित 20वें ईस्ट एशिया सम्मेलन में एस जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे."जाहिर है कि पंत प्रधान मोदी के मलेशिया नहीं जाने का मतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से उनकी आमने-सामने की मुलाकात नहीं होगी. मोदी वैश्विक आयोजनों से दूर रहने के लिए नहीं जाने जाते हैं.कुआलालंपुर समिट में मोदी के नहीं जाने को असामान्य फैसले के रूप में भी देखा जा रहा है.

आपको याद दिला दूं कि वर्ष 2020 और 2021 में कोविड महामारी के कारण पीएम मोदी आसियान समिट में वर्चुअली शामिल हुए थे जबकि 2022 में भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उनका प्रतिनिधित्व किया था.

इसके अलावा 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद से नरेंद्र मोदी खुद सभी आसियान समिट में शामिल हुए हैं. यहाँ तक कि 2023 में भारत में आयोजित जी-20 समिट से ठीक पहले मोदी जकार्ता में आयोजित आसियान समिट में शरीक हुए थे.

दुनिया में सबसे ज्यादा घूमने वाले मोदी जी के आशियान समिट में न जाने की वजह अंतर्राष्ट्रीय दबाब तो है ही साथ ही बिहार विध का प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव भी है. मोदी जी को अपने संकटमोचक गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति पर भी पूरा यकीन नहीं है, इसलिए वे एक दिन को भी बिहार को अपनी नजरों से ओझल नहीं होने देना चाहते. वैसे टैरिफ प्रहार के बाद से हाल के मोदी ने कुछ वैश्विक आयोजनों से दूरी बनाई है. इससे पहले मिस्त्र के शर्म अल-शेख शहर में आयोजित गजा शांति सम्मेलन से दूर रहे थे.आपको याद होगा कि सितंबर महीने में मोदी जी न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करने वाले थे लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप से मुलाकात टालने की गरज से मोदी ने इससे भी दूरी बनाई थी.मजे की बात ये है कि मोदी ने तीन दिन पहले ही गुरुवार को एक्स पर लिखा, "आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में वर्चुअल रूप से शामिल होने और आसियान-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतीक्षा कर रहा हूँ."लेकिन अचानक सब कुछ बदल गया

विपक्षी दल कांग्रेस ने पीएम मोदी के मलेशिया नहीं जाने के फैसले पर सवाल उठाया है. कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का 'सामना नहीं करना चाह रहे' हैं.जयराम रमेश ने कहा, "सोशल मीडिया पर राष्ट्रपति ट्रंप की तारीफ में पोस्ट करना एक बात है लेकिन उनसे आमना-सामना करना दूसरी बात है." उन्होंने एक्स पर लिखा, "पीएम मोदी के मलेशिया नहीं जाने की वजह साफ है, वह राष्ट्रपति ट्रंप के सामने नहीं आना चाहते, जो वहां मौजूद होंगे. उन्होंने कुछ हफ़्ते पहले मिस्त्र में गजा शांति शिखर सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी इसी वजह से ठुकरा दिया था."

सवाल ये है कि माननीय मोदी जी क्या अब प्रधानमंत्री के रूप में कभी ट्रंप से मिलेंगे ही नहीं? क्या अब वे ट्रंप के राष्ट्रपति रहते कभी अमेरिका भी जाएंगे या नहीं? क्या भारत की विदेशनीति अनबोला साधकर अपना लक्ष्य हासिल कर सकती है? या फिर मोदी जी ट्रंप के हथियार की नोंक पर व्यापार समझौते पर दस्तखत करने से बचने के लिए पुतिन और शी जिन पिंग की तरह अडकर ट्रंप को जीतने की कोशिश करेंगे? फिलहाल तेल देखिए, तेल की धार देखिए.

**@राकेश अचल**

## माँ की माँ- नानी।

तुम तो घर की सबसे धीमी
आवाज होती,
पर सबसे गहरी।
तुम्हारे कदमों की आहट
कभी सुनी नहीं
बस महसूस हुई,
जैसे रसोई में घी की खुशबू,
या धूप में सूखते सफेद कपड़ों
की महक।

तुम्हारी आँखों में
समय बैठा
धीरे-धीरे बुनता हुआ
हम सबकी उम्र।
तुम्हारे हाथ
जैसे पुराने पेड़ की शाखाएँ,
थकी नहीं हो,
बस ठहर गई हो ।

माँ जब डांटती ,
तुम मुस्करा देती हो
जैसे किसी ने आँधी में
दीपक बचा लिया हो।

कभी-कभी सोचता हूँ,
तुम मां की मां नहीं मेरी मां हो,
घर के आँगन में वो तुलसी अब
भी है,
पर उसमें तुम्हारी खुशबू आती।

माँ उसकी चाल में
तुम्हारा वही स्वभाव लौट आया।
कभी-कभी लगता ,
समय नहीं बीता –
बस तुम माँ बनकर मेरा ख्याल
रखती हो।

संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़

# एक पर्व नहीं है महापर्व है छठ पूजा




**रमेश सर्राफ धमोरा**

दिवाली के बाद छठ पूजा का त्योहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस पर्व के दौरान घर से लेकर घाटों तक बेहद खास रौनक देखने को मिलती है। छठ पूजा की शुरूआत कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से होती है और समापन सप्तमी तिथि पर होता है। इस दौरान छठी मैया की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस व्रत को निर्जला किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसर छठी मैया की उपासना और व्रत करने से संतान को दीघार्यु का आशीर्वाद प्राप्त होता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

छठ पूजा भगवान सूर्य की उपासना का पर्व है। भारत में सूर्य पूजा की परम्परा वैदिक काल से ही रही है ।उत्तर प्रदेश और बिहार में मनाया जाने वाला यह बेहद अहम पर्व है जो पूरे देश में धूम-धाम से मनाया जाता है। छठ पूजा केवल एक पर्व नहीं है बल्कि महापर्व है जो कुल चार दिन तक चलता है। नहाय खाय से लेकर उगते हुए भगवान सूर्य को अर्ध्य देने तक चलने वाले इस पर्व का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है। हमारे देश में सूर्य उपासना के कई प्रसिद्ध लोकपर्व हैं जो अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग रीति-रिवाजों के साथ मनाए जाते हैं। सूर्य षष्ठी के महत्व को देखते हुए इस पर्व को सूर्य छठ या डाला छठ के नाम से संबोधित किया जाता है। इस पर्व को बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नेपाल की तराई समेत देश के उन तमाम महानगरों में मनाया जाता है। जहां-जहां इन प्रांतों के लोग निवास करते हैं। यही नहीं, मॉरिशस, त्रिनिडाड, सुमात्रा, जावा समेत विदेशों में भी भारतीय मूल के प्रवासी छठ पर्व को बड़ी आस्था और धूमधाम से मनाते हैं। डूबते सूर्य की विशेष पूजा ही छठ का पर्व है। चढ़ते सूरज को सभी प्रणाम करते हैं।

छठ पर्व की सांस्कृतिक परम्परा में चार दिन का व्रत रखा जाता है। यह व्रत भैया दूज के तीसरे दिन यानि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से आरंभ हो जाते है। व्रत के पहले दिन को नहा-खा कहते हैं। जिसका शाब्दिक अर्थ है स्नान के बाद खाना। इस दिन पवित्र नदी में श्रद्धालु स्नान करते हैं। वैसे तो यह पर्व मूल रूप से गृहिणियों द्वारा मनाया जाता है। लेकिन आजकल पुरुष भी इसमें समान रूप से सहयोग देते हैं।

ऊर्जा का सबसे बड़ा स्त्रोत सूर्य है। इस कारण शास्त्रों में सूर्य को भगवान मानते हैं। सूर्य के बिना कुछ दिन रहने की जरा कल्पना कीजिए। इनका जीवन के लिए इनका रोज उदित होना जरूरी है। कुछ इसी तरह की परिकल्पना के साथ पूर्वोत्तर भारत के लोग छठ महोत्सव के रूप में इनकी



आराधना करते हैं। सामान्यता यह त्योहार बिहार, झारखण्ड और पूर्वी उत्तर-प्रदेश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश और बिहार में छठ पूजा को महापर्व घोषित कर सरकारी छुट्टी भी लागू कर दी गई है।

छठ पूजा का व्रत सूर्य भगवान, उषा, प्रकृति, जल, वायु आदि को समर्पित है। इस व्रत को करने से निःसंतान दंपत्तियों को संतान सुख प्राप्त होता है ।छठ पर्व को किसने शुरू किया इसके पीछे कई ऐतिहासिक कहानियां प्रचलित हैं। लंका विजय के बाद रामराज्य की स्थापना के दिन कार्तिक शुक्ल षष्ठी को भगवान राम और माता सीता ने उपवास किया और सूर्यदेव की आराधना की थी। सप्तमी को सूर्योदय के समय अनुष्ठान कर सूर्यदेव से आशिर्वाद प्राप्त किया था। इसी के उपलक्ष्य में छठ पूजा की जाती है।

छठ का पौराणिक महत्व अनादिकाल से बना हुआ है। रामायण काल में सीता ने गंगा तट पर छठ पूजा की थी। महाभारत काल में कुंती ने भी सरस्वती नदी के तट पर सूर्य पूजा की थी। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें पांडवों जैसे पुत्रों का सुख मिला था। द्रौपदी ने भी हस्तिनापुर से निकलकर गढ़ गंगा में छठ पूजा की थी। छठ पूजा का सम्बंध हठयोग से भी है। जिसमें बिना भोजन ग्रहण किए हुए लगातार पानी में खड़ा रहना पड़ता है। जिससे शरीर के अशुद्ध जीवाणु परास्त हो जाते हैं।

छठ पर्व की परम्परा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा हुआ है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। जिस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावॉयलट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं। इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। इस पर्व के पालन से सूर्य प्रकाश की इन पराबैंगनी किरणों से जनसाधारण को हानि न पहुंचे। इस अभिप्राय से सूर्य पूजा का गूढ़ रहस्य छिपा हुआ है। इसके साथ ही घर-परिवार की सुख- समृद्धि और आरोग्यता से भी छठ पूजा का व्रत जुड़ा हुआ है। इस व्रत का मुख्य उद्देश्य पति, पत्नी, पुत्र, पौत्र सहित सभी परिजनों के लिए मंगल कामना से भी जुड़ा हुआ है।

लोक परम्परा के मुताबिक सूर्य देव और छठी मईया का संबंध भाई-बहन का है। इसलिए छठ के मौके पर सूर्य की आराधना फलदायी मानी गई। छठ पूजा अथवा छठ पर्व कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। छठ से जुड़ी पौराणिक मान्यताओं और लोक गाथाओं पर गौर करें तो पता चलता है कि भारत के आदिकालीन सूर्यवंशी राजाओं का यह मुख्य पर्व था। छठ के साथ स्कंद पूजा की भी परम्परा जुड़ी है। भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कंद की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा रक्षा की थी। इसी कारण स्कंद के छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। कार्तिक से संबंध होने के कारण षष्ठी देवी को स्कंद की पत्नी देवसेना नाम से भी पूजा जाने लगा।

एक मान्यता के अनुसार छठ पर्व की शुरूआत महाभारत काल में सबसे पहले सूर्यपुत्र कर्ण ने सूर्य की पूजा करके की थी। कर्ण भगवान सूर्य के परम भक्त थे और वो रोज घंटों कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वह महान योद्धा बने। आज भी छठ में अर्घ्य दान की यही परंपरा प्रचलित है। छठ पर्व के बारे मे एक कथा और भी है। इस कथा के मुताबिक जब पांडव अपना सारा राजपाट जुए में हार गए तब दौपदी ने छठ व्रत रखा था। इस व्रत से उनकी मनोकामना पूरी हुई थी और पांडवों को अपना राजपाट वापस मिल गया था।

महापर्व छठ हिंदू धर्म में एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें ना केवल उदयाचल सूर्य की पूजा की जाती है बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य को भी पूजा जाता है। मान्यता है कि छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं और उन्हीं को प्रसन्न करने के लिए भगवान सूर्य की अराधना की जाती है। पर्व का प्रारंभ नहाय-खाय से होता है, जिस दिन व्रती स्नान कर अरवा चावल, चना दाल और कद्दू की सब्जी का भोजन करते हैं। नहाय-खाय के दूसरे दिन यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष पंचमी के दिनभर व्रती उपवास कर शाम में रोटी और गुड़ से बनी खीर का प्रसाद ग्रहण करते हैं। इस पूजा को खरना कहा जाता है। इसके अगले दिन कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को उपवास रखकर शाम को अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। अगले दिन यानी सप्तमी तिथि को सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करके व्रत तोड़ा जाता है। छठ पूजा के व्रत को जो भी रखता है। वह इन दिनों में जल भी नही ग्रहण करता है। इस व्रत को करने से सुख-समृद्धि और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इस पूजा वैसे तो मुख्य रुप से सूर्य देवता की पूजा की जाती है। लेकिन साथ ही सूर्य देव की बहन छठ देवी की भी पूजा की जाती है। जिसके कारण इस पूजा का नाम छठ पूजा पड़ा। इस दिन नदी के तट में पहुंचकर पुरुष और महिलाएं पूजा-पाठ करते है। साथ ही छठ माता की पूजा को आपके संतान के लिए भी कल्याणकारी होती है।

# पटना के दुल्हिन बाजार स्थित विश्व प्रसिद्ध ओलार्क सूर्य मंदिर की महिमा है अपरंपार

## पुर्ण होती हैं सभी की मनोकामनाएं

पटना/ जिले के पालीगंज अनुमंडल के दुल्हिन बाजार प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उलार गांव स्थित विश्व प्रसिद्ध बारह अर्क स्थलों में से एक द्वापरकालीन पौराणिक ओलार्क सूर्य मंदिर स्थित है। कहा जाता कि इस मंदिर की महिमा अपरंपार है जहां पूजा अर्चना करने से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। इसी वजह से लोक आस्था और अटूट विश्वाश के प्रतीक छठ महापर्व के अवसर पर यहां श्रद्धालुओ की भीड़ उमड़ती है। यह जिला मुख्यालय पटना से 40 किलोमोटर और पालीगंज अनुमंडल मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। उलारधाम सूर्य मंदिर की मेला परिसर लगभग तीन किलोमीटर से अधिक दूरी तक फैला हुआ रहता है। जिसमें उलार धाम, अलीपुर, भरतपुरा, दुल्हिन बाजार, लाला भदसारा, रकसिया, अछुआ सहित आसपास के कई गांवों तक मेला परिसर का फैलाव रहता है। मेले परिसर में भीड़ को नियंत्रित करना पटना जिला प्रशासन और पालीगंज अनुमंडल प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती रहती है।

* क्या है मान्यताएं *

हिंदुओ का महान धर्मग्रन्थ शाम्ब पुराण के अनुसार ओलार्क सूर्य मंदिर का निर्माण ऋषि गर्ग द्वारा कुष्ठ रोगी होने के लिए दिये गए श्राप से मुक्ति के लिए द्वापरकाल में श्रीकृष्ण के जामवंती पुत्र राजा शांब ने कराया था। क्योंकि राजा शाम्ब को गर्ग ऋषि की श्राप से भयंकर कुष्ठ हो गई थी। अपने भयंकर कुष्ठ व्याधि की मुक्ति के लिए भगवान श्री कृष्ण द्वारा सुझाए गए मार्ग के बाद राजा शांब ने गर्ग ऋषि की अपने द्वारा किए गए अपमान की क्षमा मांगते हुए उनसे श्राप मुक्ति के उपाय मांगा था। जिसपर गर्ग ऋषि ने राजा शाम्ब को क्षमा याचना से प्रसन्न होकर भयंकर कुष्ठ व्याधि से मुक्ति के उपाय बताए थे। जिसमें उन्होंने सूर्य उपासना के लिए बाहर अर्क स्थलों की स्थापना कराते हुए बारह अलग अलग जगहों पर सूर्य मंदिर की निर्माण कर वहां सूर्य उपासना करने को कहा था। जिसके बाद राजा शांब ने अपने कुष्ठ व्याधि से मुक्ति के लिए पूरे विश्व में सूर्य उपासना के लिए बारह अर्क स्थलों की स्थापना कराए तथा बारह वर्ष लगातार सूर्य उपासना किया था। उन विश्व के बारह अर्क स्थलों में उलार के ओलार्क, देव के देवार्क, उड़ीसा के कोणार्क, पंडारक के पुण्यार्क, अङ्गरी के औंगार्क, काशी के लोलार्क, कन्दाहा सहरसा के मार्केण्डेयार्क, उत्तराखण्ड कटारमल के कटलार्क, बड़गांव के बालार्क, चंद्रभागा नदी किनारे चानार्क, पंजाब के चिनाव नदी किनारे आदित्यार्क तथा गुजरात के पुष्पावती नदी किनारे मोढेरार्क शामिल है। उन्हीं बारह अर्क स्थलों में से एक ओलार्क सूर्य मंदिर शामिल हैं। जोकि अब उलारधाम के नाम से विश्व विख्यात है। दिन प्रति दिन यहां पर सूर्य उपासना के लिए आने वाले श्रद्धालु भक्तों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है। इस सम्बंध में ओलार्क सूर्य मंदिर के महंथ श्री अवध बिहारी दासजी महाराज कहते हैं उलार धाम की एक अलग पौराणिक एवं इतिहासिक महत्व है। यहां की महिमा अपरंपार है ,जो भी श्रद्धालु अपने मन में अटूट श्रद्धा और विश्वास के साथ छठ पूजा करने यहां पर आते हैं उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। मुख्य रूप से श्रद्धालु अपने मन में परिवार के लिए सुख - समृद्धि, संतान प्राप्ति, निरोगी काया सहित अन्य मन्नते लेकर आते है। जिनकी सभी मन्नते तथा मनोकामनाएं भास्कर और छठी मईया की कृपा से पूरी होती है।



उलार्क मंदिर में स्थापित सूर्य की प्रतिमा

* इतिहास *

भारतीय इतिहास के अनुसार मुगल शासक औरंगजेब ने इस स्थान पर बने मंदिर को तोड़वा दिया था. पर भक्तगण जीर्ण शीर्ण मंदिर के ऊपर लगे पीपल के पेड़ तथा जंगलरूपी स्थान में भगवान सूर्य की प्रतिमा की पूजा करते रहे. अचानक 1948 में पहुंचे सन्त सद्गुरु अलबेला बाबाजी महाराज ने कठिया बाबा के बगीचा में रहनेवाले एक सन्त नारायण दास उर्फ सुखलु दास के आग्रह पर पीपल के पेड़ की पूजा अर्चना किये जिसके प्रभाव से पीपल का पेड़ सुख गया. उसके बाद अलबेलाजी महाराज ने स्थानीय लोगो तथा भक्तो के सहयोग से इस स्थान पर सूर्य मंदिर का निर्माण कराया. लोगो को मानना है कि मंदिर के पास बने चमत्कारी सरोवर में स्नान करने से थकावट दूर हो जाती है तथा चर्म रोगों से मुक्ति मिलती है. इसके जल तथा आस पास के मिटटी की जाँच के उपरांत गन्धक की मौजूदगी पायी गयी है.

* आँचल पर नेटुये का नाच नचवाने का है प्रचलन *

सूर्य मंदिर महंथ श्री अवध बिहारी दासजी महाराज बताते हैं कि जिस नि - संतान दंपति का संतान नहीं होता है वह अपने मन में सन्तान प्राप्ति की कामना लेकर यहां आकर सूर्य उपासना करते हुए छठ पूजा करती हैं। भगवान भास्कर और छठी मईया की दरबार में हाजरी लगाने वाले भक्त मन्नते मानते हैं उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होने के बाद यहां आकर पुनः दोबारा छठ व्रत करते है और खुश होकर महिलाएं अपने आँचल पर नेटुये का नाच नाचवाती है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। श्रद्धालुगण अपने मन में मनोकामनाएं लेकर यहां आते हैं और कार्तिक चैती छठ पर्व करते हैं। इस दौरान तलाब में स्नान कर भगवान भाष्कर और छठी मईया की आराधना करते हैं। साथ ही हर रविवार को भी यहां आकर हजारों लोग तालाब में स्नान कर भगवान भाष्कर की अराधना करते हैं।

*प्रशासनिक तैयारियां*

यहां छठ पूजा सम्पन्न कराने की दायित्व पटना जिला प्रशासन और पालीगंज अनुमंडल प्रशासन के लिए चुनौती पूर्ण होता है। यहां जुटने वाले लाखों श्रद्धालु भक्तों की सुविधाओं की विशेष ध्यान रखने हुए जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष भी सुरक्षा के कड़ी व्यवस्थाएं की गयी है। जगह-जगह पर महिला और पुरुष सैकड़ो सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गयी है। साथ ही ऐतिहासिक तालाब के गहरे पानी की बैरिकेटिंग के साथ-साथ किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एस-डीआरएफ की टीम वोट के साथ तैनात की गयी है। साथ ही छठ व्रतियों की सुविधाओं के लिए चेंजिंग रूम, शौचालय



की व्यवस्था, स्वच्छ पीने की पानी की व्यवस्था सहित किसी भी आपातकाल स्थिति में इमरजेंसी के लिए मेडिकल टीम के साथ कई एंबुलेंस गाड़ी मौजूद है। छठ व्रतियों को रहने के लिए कई टेंट सिटी की तात्कालिक निर्माण सरकारी एवं निजी संस्थानों द्वारा की गयी है। साथ ही मेले और छठ पूजा को लेकर जुटी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सैंकड़ों निजी वोलेंटियर के तैनाती सहित निजी संस्थाएं तथा कई राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकताओं द्वारा लाखों छठ व्रतियों के बीच पूजा सामग्रियों का वितरण भी किया गया है। पटना जिला प्रशासन और सूर्य मंदिर प्रबंधन समिति का मानना है कि हर साल को तरह इस वर्ष भी छठ पूजा के लिए आने वाले श्रद्धालु भक्तों की भीड़ दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। एक अनुमान के अनुसार इस वर्ष कार्तिक छठ पूजा के लिए लगभग पांच लाख छठ व्रतियों तथा श्रद्धालुओ की भीड़ जुटने की संभावनाएं है। जिसकी निगरानी सीसीटीवी तथा ड्रोन कैमरे से की जाएगी है।

* पूर्व में कैसे होती थी तैयारियां *

श्रद्धालुओं तथा ब्रतियो की सुविधाओं के लिये पूर्व में मंदिर पूजा कमिटी की ओर से ही सभी ब्यवस्था की जाती थी। लेकिन वर्ष 2016 में छठ पूजा की ब्यवस्था की जायजा लेने पहुंचे पटना जिला विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार ने बिहार सरकार की ओर से पांच लाख की राशि उपलब्ध कराई थी। तब से कार्तिक छठ पर्व के अवसर पर आयोजित होनेवाली उलार महोत्सव को संचालन के लिए सरकार की ओर से भी आर्थिक सहयोग किया जा रहा है। साथ ही इस मंदिर को राष्ट्रीय पञ्चांग से भी जोड़ दिया गया है। वही बढ़ती महंगाई को देखते हुए इस वर्ष उलार महोत्सव के आयोजन के लिए सरकार की ओर से अधिक राशि मिलने की उम्मीद की जा रही है।

**समाज जागरण पटना जिला**
**संवाददाता:- वेद प्रकाश**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# मत्स्य विभाग के मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने नोएडा में की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

नोएडा, 26 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण) उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य विभाग के माननीय मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने रविवार को नोएडा स्थित शक्ति सदन गेस्ट हाउस, सेक्टर-38 में मंडलीय एवं जिला स्तरीय अधिकारियों, लीड बैंक प्रबंधक तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और मत्स्यपालन क्षेत्र में रोजगार सृजन की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं कार्यक्रमों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, ताकि मत्स्यपालन से जुड़े लाभार्थियों को अधिकतम लाभ मिल सके।

डॉ. निषाद ने कहा कि मत्स्यपालन क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण



माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे आपसी समन्वय स्थापित करते हुए किसानों, मत्स्यपालकों और उद्यमियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करें।

बैठक में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य योजना, नील क्रांति मिशन, निशाद राज योजना तथा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों का चयन पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाए और उन्हें समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त हो।

उन्होंने सिंचाई विभाग को मत्स्यपालन के अनुकूल जलाशयों एवं तालाबों के पुनरुद्धार के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही लीड बैंक प्रबंधक को लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया सरल और त्वरित बनाने के निर्देश दिए।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत मत्स्यपालकों को चिकित्सा सहायता, शिक्षा सहायता, बीमा, प्रशिक्षण और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी सुविधाएँ दी जा रही हैं। बताया गया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत अब तक 8 लाभार्थी, निशाद राज योजना में 2 लाभार्थी, प्रधानमंत्री मत्स्य संविदा योजना में 15 लाभार्थी, तथा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के अंतर्गत 242 लाभार्थी लाभान्वित किए जा चुके हैं। डॉ. निषाद ने कहा कि राज्य सरकार मत्स्यपालन क्षेत्र को आत्मनिर्भर भारत अभियान का सशक्त स्तंभ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं के माध्यम से मत्स्यपालकों को तकनीकी सहायता, वित्तीय सहयोग और विपणन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य मत्स्य अधिकारी आशीष मौर्य, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के उपरांत मंत्री डॉ. निषाद ने मीडिया से संवाद करते हुए सरकार की प्राथमिकताओं और मत्स्यपालन के विकास को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता की जानकारी साझा की। (सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

## मेरठ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु पात्र मतदाता 6 नवम्बर तक कर सकते हैं आवेदन

गौतमबुद्धनगर, 26 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण)

भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार उत्तर प्रदेश विधान परिषद के मेरठ खण्ड स्नातक एवं मेरठ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण जारी है। इस क्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौतमबुद्धनगर अतुल कुमार ने जनपद के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को जानकारी दी है कि नामावली पुनरीक्षण कार्य निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम-31 (4) के अंतर्गत किया जा रहा है।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधान परिषद मेरठ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं आयुक्त मेरठ मण्डल हृषिकेश भास्कर यशोद द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, पात्र स्नातक मतदाताओं से फार्म-18 में तथा पात्र शिक्षक मतदाताओं से फार्म-19 में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

पात्र आवेदक अपने आवेदन 06 नवम्बर 2025 तक या उससे पूर्व संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में ऑफलाइन जमा किए जा सकते हैं या फिर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की आधिकारिक वेबसाइट www.ceoutarpradesh.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त नोटिस 30 सितम्बर 2025 को दैनिक जागरण और हिन्दुस्तान समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। उन्होंने जनपद के पात्र स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं से अपील की है कि जो लोग अब तक आवेदन नहीं कर पाए हैं, वे समय से आवेदन करें ताकि उनके नाम विधान परिषद के संबंधित निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जा सकें।

उन्होंने कहा कि यह पुनरीक्षण कार्य निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और मतदाताओं की अद्यतन जानकारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। पात्र मतदाता समय पर आवेदन कर अपने मताधिकार को सुनिश्चित करें।

## नोएडा सेक्टर-43 के गोदरेज पार्क में छठ महोत्सव की भव्य तैयारियाँ, व्रतियों में दिखा उत्साह



समाज जागरण

नोएडा, 26 अक्टूबर 2025 – नोएडा में सूयोर्पासना का पर्व छठ पूजा इस वर्ष और भी भव्य रूप में मनाया जा रहा है। सेक्टर-43 स्थित गोदरेज पार्क में छठ महोत्सव की तैयारियाँ लगभग पूरी हो चुकी हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए घाट स्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता और रोशनी की विशेष व्यवस्था की गई है।

गोदरेज पार्क छठ पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष पूजा स्थल पर 40 फीट लंबा और 20 फीट चौड़ा अस्थायी तालाब बनाया गया है, जहाँ व्रती महिलाएं भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगी। पूरे पार्क को रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है।

27 अक्टूबर की शाम को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा, जबकि 28 अक्टूबर की सुबह उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देकर व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास संपन्न होगा। इस दौरान छठ मइया के गीतों की गूंज और भक्ति की लहर पूरे क्षेत्र में छाई रहेगी।

समिति अध्यक्ष ने बताया कि आयोजन को पर्यावरण-सुरक्षित बनाने के लिए प्लास्टिक पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। पूजा सामग्री प्राकृतिक और पारंपरिक रूप में तैयार की जा रही है। प्रशासन और स्थानीय निवासियों का सहयोग इस बार उत्साहजनक रहा है।

छठव्रतियों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। महिलाएं खरना के पश्चात घाट पर सजावट और पूजा की तैयारी में जुटी हैं। नोएडा के कई सेक्टरों में भी इसी प्रकार के छठ महोत्सवों की गूंज सुनाई दे रही है।

## छठव्रतियों ने खरना की पूजा कर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की

नोएडा, 26 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण) सूयोर्पासना और लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारी नोएडा में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ जारी है। अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि सेक्टर-75 के गोल्फ सिटी, प्लॉट-8 में छठ घाट का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। घाट के निकट सूर्यपिंड का भी निर्माण किया गया है, जहाँ छठव्रतियों द्वारा भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। घाट परिसर में स्वच्छ जल, पर्याप्त प्रकाश, साफ-सफाई और सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

डॉ. शर्मा ने बताया कि छठ पर्व के दूसरे दिन कार्तिक शुक्ल पंचमी को आज व्रतियों ने पूरे विधि-विधान से खरना की पूजा की। दिनभर उपवास रखने के पश्चात व्रतियों ने स्नान कर प्रसाद तैयार किया, जिसमें रोटी, चना दाल, चावल का पिट्ठा, गुड़ की खीर, फल और तुलसी पत्ता सम्मिलित रहे। उन्होंने सिंदूर, पान, लौंग, कपूर, कसेली और नारियल के साथ भगवान सूर्य और षष्ठी माता की पूजा-अर्चना की।

खरना के पश्चात व्रतियों ने प्रसाद ग्रहण किया और परिवार के सदस्यों व पड़ोसियों को भी प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर घरों और सोसाइटियों में पारंपरिक लोकगीतों की गूंज और छठ मइया के भजनों की मधुर धुनों से वातावरण



भक्तिमय हो उठा।

सेक्टर-75 के सेंट्रल पार्क में श्री सूर्यदेव पूजा समिति नोएडा द्वारा श्री छठ पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि व्रतियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 60 फीट लंबा, 25 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा कृत्रिम तालाब तैयार किया गया है, जहाँ 27 अक्टूबर की सायंकाल अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को पहला अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। इस अवसर पर आकर्षक विद्युत सज्जा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम भी किए गए हैं।

महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा हेतु रविवार को आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष डॉ. मुन्ना कुमार शर्मा, महासचिव राजीव त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभात राय, सहकोषाध्यक्ष हरि प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ. शशांक शेखर, बसंत उपाध्याय, मनीष यादव, मनीष झा, अतुल जैन, अनुराग श्रीवास्तव, अनमोल सिंह, सुनील अग्रवाल, मधुरेन्द्र सिंह, संतोष कुमार, शोभित सक्सेना, विनोद कुमार, रमाशंकर शर्मा, उत्पल कुमार, दुगार्दास शाह, संजय कुमार, किरण कुमार, प्रशांत बिष्ट, वी.के. खुराना, विनय ठाकुर और नरेश केडिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

28 अक्टूबर को प्रातःकाल कार्तिक शुक्ल सप्तमी के अवसर पर उदीयमान भगवान सूर्य को दूध और जल से अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। अर्घ्य के उपरांत व्रतियों द्वारा घाट पर बने सूर्य पिंडों के समीप बैठकर भगवान भास्कर की पूजा की जाएगी। पूजा के बाद छठव्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास पूर्ण होगा। इसके पश्चात पारण के साथ चार दिवसीय छठ महापर्व का विधिवत समापन होगा।

डॉ. शर्मा ने कहा कि यह पर्व न केवल सूयोर्पासना का प्रतीक है बल्कि परिवार की सुख-समृद्धि, सामाजिक एकता और स्वच्छता का संदेश भी देता है।

## छठ महापर्व हेतु सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन एडवाइजरी

आगामी छठ महापर्व के अवसर पर जनसुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं दुर्घटनारहित आयोजन सुनिश्चित करने हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा निम्नलिखित दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं –

### डूबने से बचाव हेतु दिशा-निर्देश

- क्या करें:

1. केवल निर्धारित एवं सुरक्षित घाटों पर ही पूजा करें।
2. घाटों पर उतरते समय फिसलन व पानी की गहराई का ध्यान रखें।
3. अपने परिवार, बच्चों एवं बुजुर्गों को अकेला न छोड़ें।
4. पुलिस, गोताखोर, स्वयंसेवक दल व प्रशासनिक अधिकारियों के निदेशों का पालन करें।
5. किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 या स्थानीय नियंत्रण कक्ष को सूचित करें।

**क्या न करें:**

1. नशे की हालत या थकान में पानी में न उतरें।
2. अंधेरे या अनधिकृत घाटों पर पूजा न करें।
3. धक्का-मुक्की, सेल्फी या शोरगुल से बचें।
4. तेज बहाव या गहरी जगहों पर न जाएँ।

### भीड़ प्रबंधन हेतु दिशा-निर्देश

**क्या करें:**

1. घाटों पर प्रवेश एवं निकास मार्ग अलग-अलग रखें।
2. पुलिस, होमगार्ड एवं स्वयंसेवक दल द्वारा निरंतर निगरानी की जाए।
3. घाटों पर पर्याप्त प्रकाश, बैरिकेडिंग एवं रस्सी की व्यवस्था रहे।
4. एम्बुलेंस, चिकित्सा दल व फायर सर्विस तत्पर रहें।
5. लाउडस्पीकर से जनसंदेश व दिशा-निर्देश लगातार प्रसारित किए जाएँ।

**क्या न करें:**

1. एक समय में अत्यधिक भीड़ को घाट पर एकत्र न होने दें।
2. आतिशबाजी, अस्थायी स्टॉल या बाधा उत्पन्न करने वाले आयोजन की अनुमति न दें।

संदेश:

**"सुरक्षा हमारी ज़िम्मेदारी है – सुरक्षित छठ, सुखद छठ।"**

**– जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर की ओर से जनहित में जारी।**

## एपीजे अब्दुल कलाम उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित हुई डॉ कल्पना और प्रभा

समाज जागरण

नोएडा। डॉक्टर कल्पना भूषण और प्रभा दुबे को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य किया है और समाज में सकारात्मक योगदान दिया है। इस समारोह का आयोजन वेलवाइजर ट्रस्ट एवं फेम फाइंडर्स मीडिया द्वारा किया गया था, जिसमें कई प्रमुख लोगों को सम्मानित किया गया।




आयोजक मनोज जोशी ने बताया कि इस पुरस्कार का उद्देश्य लोगों को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने और समाज को देने के लिए प्रेरित करना है। डॉक्टर कल्पना भूषण ने इस सम्मान पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे पुरस्कार समाज में बेहतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं। प्रभा दुबे को भी शौर्य सम्मान अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है, जो उनकी वीरता और उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया है। इस प्रकार के पुरस्कार समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने और लोगों को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## गाज़ियाबाद में गोहत्या पर जनाक्रोश – गौ रक्षा दल और गो प्रतिष्ठा आंदोलन के दबाव के बाद पुलिस एक्शन में, मुठभेड़ में एक गौकश घायल–गिरफ्तार

**गोवंश की चीख और समाज की चुप्पी — जलालाबाद की धरती ने जो देखा, वह भारत की आत्मा का अपमान था**

**रिपोर्ट: रविंद्र आर्य**

गाज़ियाबाद / मुरादनगर। जनपद गाज़ियाबाद के थाना मुरादनगर क्षेत्र के ग्राम जलालाबाद में हुई दर्जनों गोवंशों की निर्मम हत्या ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। यह घटना न केवल धार्मिक भावनाओं का हनन थी, बल्कि मानवीय संवेदना पर भी गंभीर प्रहार था।

घटना के बाद गो प्रतिष्ठा आंदोलन, गऊ रक्षा दल और हिंद रक्षक दल सहित अनेक हिन्दू संगठनों ने सामूहिक विरोध प्रदर्शन किया और गाज़ियाबाद पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि दोषियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (ठरअ) के तहत कार्रवाई की जाए तथा गौझ संरक्षण हेतु विशेष निगरानी दल का गठन किया जाए।



ज्ञापन के बाद बढ़ते जनदबाव को देखते हुए प्रशासन सक्रिय हुआ और पुलिस ने आरोपी गिरोह की तलाश तेज कर दी। इसी क्रम में थाना मुरादनगर पुलिस टीम ने शनिवार रात मुखबिर की सूचना पर गंगनहर तिराहा और मनेखा खेड़ के ट्यूबवेल क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया, जिसके दौरान गौकशी करने आए गिरोह से मुठभेड़ हो गई।

**मुठभेड़ में एक अभियुक्त घायल, दो अन्य साथी गिरफ्तार**

पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग और सर्च ऑपरेशन के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक आरोपी हनीफ पुत्र सम्पत निवासी करलियां, थाना भोजपुर (गाज़ियाबाद) के पैर में गोली लग गई। उसके साथियों के नाम रोशन, रमजान, अब्दुल और मेहर आलम बताए गए हैं। कांबिंग के दौरान पुलिस ने दो अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उन्होंने दो दिन पूर्व मिलकपुरझजलालाबाद गाँव में गौवंशों को पकड़ा, उनकी हत्या की और मांस को रिजवान व मेहर आलम के जरिए दिल्ली के मुन्ना ढिक्का को बेच दिया।

पुलिस ने मौके से एक जीवित गोवंश, 01 अवैध तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस, 04 रस्सियाँ, लोहे की दाँव, 03 छुरियाँ, और लकड़ी का गुटका बरामद किया। घायल अभियुक्त का इलाज सीएचसी में कराया गया है।

**सुश्री लिपि नगायच, सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी** ने बताया कि "मुठभेड़ में एक गौकश घायल हुआ है तथा उसके दो साथी गिरफ्तार किए गए हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।"

**गऊ भक्तों का आक्रोश और प्रशासन पर दबाव**

गौ–हत्या की घटना के बाद गो प्रतिष्ठा आंदोलन के संयोजक महेश आहूजा, डॉ. सीताराम रमन, गऊ सेवक पवन तोमर, तथा हिंद रक्षक दल के प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं होती तो पूरा हिन्दू समाज सड़कों पर उतर आता। संगठनों ने कहा कि प्रशासन ने "जनभावना और धर्मरक्षा के दबाव में ही सही,लेकिन न्यायोचित कार्रवाई की शुरूआत की है।"

## गोल्ड जीतने वाले पहलवान को मिलेंगे 11 लाख : सतपाल यादव

नोएडा, 26 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण) उत्तर प्रदेश सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप 2025 के लिए जिला सीनियर पुरुष एवं महिला कुश्ती ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को सौहरखा कुश्ती अखाड़ा,



नोएडा में किया गया। इस मौके पर जिला कुश्ती संघ गौतमबुद्धनगर के अध्यक्ष सतपाल यादव ने घोषणा की कि यदि कोई पहलवान नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतता है, तो उसे संघ की ओर से 11 लाख का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी पहलवानों की रजिस्ट्रेशन फीस संघ द्वारा वहन की जाएगी, ताकि खिलाड़ियों पर आर्थिक बोझ न पड़े। आयोजन में संघ की ओर से फीस की एकमुश्त राशि आयोजकों को नगद दी गई। प्रतियोगिता में कई रोमांचक मुकाबले हुए और विजेताओं को सम्मानित किया गया। सतपाल यादव ने कहा कि कुश्ती संघ खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग देगा ताकि वे राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें। (सौजन्य : समाज जागरण संवाददाता, गौतमबुद्धनगर)

## विधायक संजीव शर्मा ने छठ घाटों का निरीक्षण किया

**शासन-प्रशासन के कार्यो से संतुष्ट व्रतियों ने शानदार व्यवस्थाओं के लिए विधायक संजीव शर्मा का आभार जताया।**

समाज जागरण

गाजियाबाद के विधायक संजीव शर्मा ने रविवार को छठ पूजा के लिए बनाए गए छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने बिजली, पानी, सफाई आदि की व्यवस्था को देखा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ पूजा के दौरान इस प्रकार की व्यवस्था बनाई जाए कि किसी को भी सूर्य भगवान को अर्घ्य देने में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चोपडा ने बताया कि विधायक संजीव शर्मा ने वार्ड 55 विजयनगर में मकान संख्या ए 481 के सामने, वार्ड 51 प्रताप विहार में मकान संख्या ई 424 के सामने शिव मंदिर पार्क पर बनाए गए छठ घाटों का निरीक्षण किया। नवयुग भोजपुरी विकास समिति के पदाधिकारियों ने छठ पूजा को लेकर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विधायक संजीव शर्मा का आभार व्यक्त किया। विधायक संजीव शर्मा ने प्रताप विहार, विजय नगर क्रासिंग, हिंडन नदी आदि पर बने अन्य छठ घाटों का निरीक्षण भी किया और



अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि छठ पूजा लोक आस्था का महापर्व



है। सूर्य देव और छठी मैया की आराधना को समर्पित यह पर्व प्रकृति, पवित्रता और जीवन ऊर्जा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। छठ पर्व न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। इस महापर्व पर सोमवार की संध्या को डूबते व मंगलवार की सुबह को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इस दौरान किसी को किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सभी व्यक्ति शासन और नगर निगम के कार्यों से संतुष्ट नजर आये। इस अवसर पर अनिल सिंह, ध्रूव देव यादव, आत्मा प्रसाद कुशवाहा, कामेश्वर गिरी, उमेश गिरी, राजाराम कुशवाह, बबलू जसवंत सिंह, जगदीश गुप्ता, आर पी शर्मा, आकाश सिंह, विकास सिंह, ओमप्रकाश तिवारी उमाशंकर केसरी आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## नहाए-खाए के साथ आरंभ हुआ आस्था का महापर्व छठ, शिव शक्ति अपार्टमेंट सेक्टर-71 में उत्साह का माहौल

नोएडा, 26 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण) कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से नहाए-खाए के साथ छठ पूजा का महापर्व शुरू हो गया। यह पर्व चार दिनों तक मनाया जाता है और महिलाएं निर्जला व्रत रखती हैं।



शिव शक्ति अपार्टमेंट, सेक्टर-71 में शिव शक्ति छठ पूजा समिति द्वारा भी छठ पूजा की तैयारियाँ लगभग पूरी कर ली गई हैं। पिछले तीन-चार वर्षों तक यह आयोजन अपार्टमेंट के बाहर होता था, लेकिन इस वर्ष इसे सेक्टर के अंदर भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है, जिससे सेक्टरवासियों में उत्साह का माहौल देखा गया।

समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार जायसवाल ने बताया कि घाट की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है। 40 फीट लंबा और 20 फीट चौड़ा घाट बनाया गया है। महासचिव एम.एल. यादव और संरक्षक कैलाश शाह, शैलेश श्रीवास्तव ने कहा कि घाट पर सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है। प्रशासन और प्राधिकरण का पूरा सहयोग मिल रहा है और घाट के चारों ओर सीसीटीवी कैमरा भी लगाया गया है।

संरक्षक गौरव कुमार यादव और कोषाध्यक्ष प्रमोद पांडे ने बताया कि यह महापर्व चार दिनों तक चलता है और धार्मिक मान्यता है कि सच्चे मन से किया गया व्रत घर में सुख और समृद्धि लाता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित थेः सत्येंद्र सिंह, मनोज कुमार जायसवाल, कैलाश शाह, गौरव कुमार यादव, शैलेश श्रीवास्तव, टी.एन. झा, बी.के. सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव, संजय शुक्ला, राजेश शुक्ला, विपुल विकास, शशिकांत दुबे, पंडित राज दुबे, विशाल और सचिन रामकुमार चौधरी। (सौजन्य : समाज जागरण संवाददाता, नोएडा)

दैनिक समाज जागरण नेशनल अखबार मे विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।

# पुलिस कमिश्नरेट ने छठ पूजा के अवसर पर घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा



गौतमबुद्धनगर, 26 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण) पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में डीसीपी नोएडा श्री यमुना प्रसाद और एडीसीपी नोएडा श्री सुमित कुमार शुक्ला ने नोएडा जोन के विभिन्न क्षेत्रों में छठ पूजा के अवसर पर बनाए गए मुख्य चार कृत्रिम घाटों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, प्रकाश व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और फायर टेंडर की उपलब्धता का गहनता से जायजा लिया। पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि सभी घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

डीसीपी और एडीसीपी ने संबंधित थाना प्रभारीगणों को नियमित फुट पेट्रोलिंग, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग, और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता रखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सभी पीसीआर और पीआरवी वाहनों को क्षेत्र में सक्रिय रहने और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया देने का निर्देश भी जारी किया गया।

# सपा नोएडा महानगर ने धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि नामदेव महाराज जी की जयंती



नोएडा, 26 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण) सपा नोएडा महानगर ने महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में सपा नोएडा महानगर कार्यालय, ए-स्क्वायर मॉल, सेक्टर-73 में संत शिरोमणि नामदेव महाराज जी की जयंती धूमधाम से मनाई।
महानगर अध्यक्ष डॉ. आश्रय गुप्ता ने कहा कि संत नामदेव अध्यात्म और मानव सेवा के लिए सदैव कार्य करते रहे। उन्होंने समाज को भक्ति मार्ग पर चलने और सेवा भाव अपनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहेः विकास यादव, महकार तंवर, गौरव कुमार यादव, दिव्यांशु यादव, रविंद्र यादव, रामवीर यादव, राणा मुखर्जी, लोकेश यादव, उदय सिंह, सतवीर यादव, कृपा शंकर यादव, अंकुर पहलवान, अंकित यादव, कुलदीप प्रजापति, सुरेंद्र, मनजीत, नकुल चौहान, राम सहेली, रेणुका मेथी, कमल सिंह गौतम, रंजन कुमार, मोहित यादव और वीर बहादुर।

इस अवसर पर सपा कार्यकताओं ने संत नामदेव के जीवन और संदेश पर चर्चा की और उनकी जयंती को श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया।

# छठ पूजा का महापर्व नोएडा में उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा है

नोएडा, 26 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण) हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्पूर्ण भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व के विभिन्न हिस्सों में छठ पूजा का आयोजन हो रहा है। यह महापर्व 25 अक्टूबर से शुरू होकर 28 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर श्रद्धालु 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर भगवान सूर्य और गंगा मां की पूजा-अर्चना करेंगे।

छठ पूजा का सांस्कृतिक और वैज्ञानिक महत्व भी अद्वितीय है। महाभारत काल में कर्ण ने इसकी शुरूआत की थी। आज यह पर्व बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। माताएं अपने पुत्रों की दीघार्यु की कामना करती हैं और सूर्य देव व छठी माता की आराधना भिन्न-भिन्न गीतों और परंपराओं के माध्यम से करती हैं। यह पर्व प्रकृति, जल, भूमि और सूर्य के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर भी है और किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है।

**छठ पूजा के अनुष्ठान**
नहाय-खायः पवित्र नदी में स्नान के बाद सात्विक भोजन किया जाता है।
खरनाः निर्जला उपवास के साथ सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है।
संध्या अर्घ्यः सूर्यास्त के समय अर्घ्य अर्पित किया जाता है।
उषा अर्घ्यः सूर्योदय के समय सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाता है।

**विशेष व्यंजनः**
*ठेकुआ*
*रसीया खीर*
*गुड़*
*चावल*
*गन्ने का रस*

नोएडा में भी यह पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। विशेष



फोटोः मोनिका श्रीवास्तव

रूप से सेक्टर-75 की सोसाइटीज, सेक्टर-116, 7 सोसाइटीज, सेक्टर-71, ममूरा, सेक्टर-21 स्टेडियम और सेक्टर-56 सहित अन्य स्थानों पर विधिवत पूजा-अर्चना की जा रही है।
छठ पूजा हमें न केवल आध्यात्मिक बल देती है, बल्कि यह प्रकृति और सूर्य के महत्व को समझने और सराहने का अवसर भी प्रदान करती है।

**मोनिका श्रीवास्तव**

# दूसरी शादी करने के आरोपी किसान नेता को पुलिस ने किया गिरफ्तार



समाज जागरण
जसराना। पहली पत्नी होने के बाद भी झूठ बोलकर दूसरी शादी करने एवं पिता और भाईयों के साथ मिलकर दूसरी पत्नी के भाईयों की पिटाई लगाने के आरोपी किसान नेता को पुलिस ने उसकी आढ़त से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने कहा न्यायालय के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है।
थाना जसराना के गांव नगला नथुआ निवासी बृजमोहन उर्फ बिरजू की दोस्ती सोशल मीडिया के माध्यम से दिल्ली के करावल नगर निवासी रजनी यादव से हो गई। दोनों में प्यार हुआ तो बिरजू ने खुद को कुंवारा बताकर रजनी से शादी कर ली। रजनी को बिरजू की पहली शादी के बारे में मालूम हुआ तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि रजनी अपने भाईयों एवं मां के साथ आरोपी के घर नगला नथुआ पहुंची तो आरोपी बिरजू ने अपने भाईयों एवं पिता के साथ मिलकर उसके भाईयों की पिटाई लगा दी। पुलिस ने पीडिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की तो आरोपी रविवार को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को घिरोर रोड़ पर मौजूद उसकी गल्ले की आढ़त से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी ने न्यायालय में पेश किया। पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी।

# दीपावली आनंद मेले में वैष्णवी कला मंच के कलाकारों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**-संस्कार भारती के मेले में गिर्राज महाराज की झांकी रही आकर्षण का केंद्र**
**-आतिशबाजी का लोगों ने उठाया लुफ्त, खाने-पीने की स्टॉल पर रही भीड़**



समाज जागरण-ब्रजमोहन सिंह
फिरोजाबाद। संस्कार भारती महानगर द्वारा आयोजित दीपावली आनंद मेला में वैष्णवी कला मंच के कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर लोगों का मन मोह लिया। मंचासीन कलाओं को देखने के लिए मेले में जनसैलाब उमड पड़ा।
तिलक इंटर कॉलेज के प्रांगण में दीपावली मेले का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन किशन बंसल, जितेंद्र यादव, उद्योगपति देवीचरन अग्रवाल, नगर विधायक मनीष असीजा, महापौर कामिनी राठौर, उमाशंकर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, संजय प्रकाश मित्तल, डॉ. मयंक भटनागर, रोहित सिकरवार, विवेक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इसके बाद समिति पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का तिलक लगाकर, पीत दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। वैष्णवी कला मंच के कलाकारों ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद सतयुग से कलयुग की यात्रा, रक्तबीज वध, बाके बिहारी के अनुपम दर्शन, राधा कृष्ण लीला, गोवर्धन लीला, सीता स्वयंवर, परशुराम संवाद, द्रौपदी चीरहरण लीला का अद्भुत मंचन किया। मेले में गिर्राज महाराज की विराट झांकी आकर्षण का केंद्र रही। हर व्यक्ति उनकी एक झलक पाने के लिए लालयित दिखाई दिया। कवि यशपाल यश, राम राहुल, पंकज टूटपड़े ने कविताओं के माध्यम से लोगों का मनमोह लिया। मेले में बच्चों ने झूले, चॉट पकौड़ी का आनंद लिया। वहीं स्वदेशी उत्पादों के स्टाल, विभिन्न प्रकार की खाने पीने की स्टॉल पर महिलाओं और युवतियों की भीड़ रही। अंत में आतिशबाजी का लोगों ने लुफ्त उठाया।
कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष दयाशंकर गुप्ता, संयोजक बृजेश यादव, दिनेश यादव, शैलेश अग्रवाल, उद्देश्य तिवारी, शिवाकांत पलिया, धर्मेन्द्र कुमार सिंह, रविन्द्र बंसत, प्रवीन अग्रवाल, अनुग्रह गोपाल अग्रवाल, दीपक गुप्ता उर्फ कालू, रमेश बंसल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, मंयक सारस्वत, उमेश गुप्ता, आकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# अंधेर नगरी...चौपट राजा ......................................

## (लोनी नगर पालिका विभाग द्वारा दो करोड़ से बढ़ाकर पौने पांच करोड़ में किया गया है "लॉयन" कंपनी के साथ अनुबंध, स्थिति यथावत, क्षेत्रीय नागरिक निस्सहाय)

सुशील शर्मा/समाज जागरण
लोनी, 26 अक्टूबरः क्षेत्र की साफ-सफाई के नाम पर सरकारी खजाने की किस तरह सफाई हो रही है इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता हैं कि नगर पालिका विभाग ने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने का अनुबंध पूर्व कंपनी के 2 करोड़ से बढाकर इस बार लगभग पौने पांच करोड़ में "लॉयन" नामक कंपनी के साथ किया है. बावजूद मुख्य मार्ग हो या गली-मोहल्ले, चौतरफा गंदगी से अटे खड़े नाले-नालिया व जगह-जगह लगे कूड़े-करकट के ढेर उक्त कंपनी की जमीनी हकीकत को ब्या कर रहे. इससे यह बात तो स्पष्ट है कि क्षेत्र की सफाई हो या ना हो, विभाग के संबंधित जिम्मेदारो द्वारा जनता की गाड़ी कमाई को दोनों हाथों से लूटाया जा रहा है. मजे की बात तो यह है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि हो या कोई सामाजिक संगठन, इस ओर से गांधी जी के तीन बंदर की तरह बने बैठे हैं. यहां तक की चौतरफा बनी गंदगी के बावजूद क्षेत्रीय जनता ने भी इसका विरोध करने की जरूरत नहीं समझी.! ऐसी स्थिति में यहां "अंधेर नगरी चौपट राजा" वाली कहावत चरितार्थ नहीं होती तो और यह क्या है.?

सूत्रों की माने तो क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए नगर पालिका परिषद ने इस बार लॉएन नामक कंपनी को 4 करोड़ 74 लाख में अनुबंध किया हुआ है. जबकि इससे पूर्व यह दो करोड़ में "गुरु"



नामक कंपनी के साथ हुआ था. मगर इसके बावजूद बात साफ-सफाई के मामले में धरातल की करें तो पूर्व की भांति आज भी जगह-जगह



लगे कूड़ा-करकट के ढेर और गंदगी से अटे पड़े नाले-नालिया उक्त नई कंपनी की कार्य प्रणाली को उजागर करने को काफी है. जिसके द्वारा नाकाफी संसाधनों व कर्मचारियों के साथ गैर जिम्मेदारना कार्य प्रणाली अपनाए जाने के बावजूद यहां, उसे कोई रोकने टोकने वाला नहीं है! जिसे देखकर लगता है कुछ लोग आपस में मिली भगत कर अपना स्वार्थ सिद्ध करने के साथ-साथ सरकार के सफाई अभियान को भी पलीता लगाने में जुटे हैं!````````

### साफ-सफाई की चरमराई व्यवस्था का मुख्य कारण भ्रष्टाचारी नीतिः अंकुश जैन

वार्ड 41 के सभासद अंकुश जैन (मिंकु) ने पूर्व की भांति एक बार फिर अपना आरोप दोहराते हुए कहा कि क्षेत्र में साफ-सफाई के मामले में हुई बदहाली के संदर्भ में संबंधित विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को कई बार शिकायती पत्र दिया जा चुका है. हर बार कोई सुनवाई नहीं होने पर तत्कालीन जिलाधिकारी को शिकायती पत्र लिखकर उन्हें भी अवगत कराया था कि उनके वार्ड की विभिन्न कॉलोनीयों में लगभग 50 हजार की आबादी है जहां साफ-सफाई नपा द्वारा करना होता है जो एक गंभीर विषय है. जिसका निदान नहीं हो पानी से क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारी




फैलने के साथ-साथ अन्य जन समस्या बढ़ती जा रही हैं. सभासद ने कहा कि उनके वार्ड तथा लोनी में आवश्यकतानुरूप सफाई कर्मियों की संख्या बहुत कम हैं तथा साथ ही संसाधनों का भी अभाव है ``
सभासद का कहना है कि नपा द्वारा सफाई का टेंडर 2 करोड़ से बढाकर 4 करोड़ 75 लाख में करने के बाद भी आखिर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान की धज्जिया क्यों उड़ाई जा रही है.? जो कहीं ना कहीं जिम्मेदारों की कार्य प्रणाली को कटघरे में खड़ा करता है. उनका आरोप है कि दरसल भाजपा विरोधी मानसिकता वाले कुछ संबंधित अधिकारी एवं अन्य जिम्मेदार अपनी भ्रष्टाचारी नीति अपनाकर सरकार को बदनाम करने पर तुले हैं. इसके विरोध में जनता के सहयोग से एक रणनीति के तहत जल्दी ही कोई अगला कदम उठाया जाएगा।

# महिला सम्मेलन में राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने कहाः महिलाएं अब नेतृत्व की अग्रिम पंक्ति में

लोनी, 26 अक्टूबरः विधानसभा क्षेत्र के गांव टीला शाहबाजपुर में शनिवार को पूर्व पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी पवन मावी ने महिला सशक्तिकरण एवं सम्मान सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती गीता शाक्य बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं।
इस मौके पर राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने अपने संबोधन के दौरान महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर बल देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज प्रत्येक महिला को समान अवसर और सम्मान मिल रहा है. उन्होंने कहा कि महिलाएं अब केवल घर की चार दिवारी तक नियंत्रित नहीं हैं. वह अब राजनीति, प्रशासन, शिक्षा, व्यापार, विज्ञान और सेना, वह हर क्षेत्र की अग्रिम पंक्ति में हैं. यह यथार्थ ह्यनारी शक्ति का युगह्व है.



श्रीमती शाक्य ने कहा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने, स्वरोजगार, और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएँ जैसे-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना, लाडली बहना योजना तथा स्वयं सहायता समूह का लाभ हर पात्र महिला तक पहुँचना चाहिए।
जिला अध्यक्ष चौधरी चैन पाल सिंह ने कहा कि महिला मोर्चा का यह सम्मेलन लोनी क्षेत्र में जागरूकता का प्रतीक बनेगा. उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य हर गांव में महिलाओं को संगठित कर उन्हें समाज निर्माण में सक्रिय भागीदारी दिलाना है।
महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आरती मिश्रा ने कहा कि भाजपा संगठन में महिलाओं को न केवल स्थान बल्कि नेतृत्व का अवसर भी दिया गया है. उन्होंने सभी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि गीता शाक्य जैसी प्रेरक नेता के मार्गदर्शन में अगले कुछ समय में



लोनी विधानसभा महिला सशक्तिकरण का उदाहरण प्रस्तुत करेंगी।

इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकताओं सहित सैकड़ो की संख्या में भीड़ उपस्थिति रही. जहां जितेंद्र चित्तौड़ा, संतोष मिश्रा, रूद्रमणि गिरी, नितिन जिंदल, धर्मावती व पवन सोम आदि ने अग्रिम रही. जबकि संचालन की जिम्मेदारी स्तुति गुप्ता ने निभाई।

## पुलिस ने अभियान चला 83 अभियुक्त पकड़े

फिरोजाबाद। जनपद पुलिस ने शनिवार की रात अभियान चलाकर छः दर्जन से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एनबीडब्ल्यू वांरटी व एक अन्य वाँछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 25/26 अक्तूबर की रात 12 से प्रातः 05 बजे तक धर पकड़ अभियान चलाया। पुलिस के अभियान से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस की चहल पहल से कई क्षेत्रों में हड़कंप मचा रहा। पुलिस के अभियान से वारंटियों में भगदड़ मची रही। उन लोगो में अफरा तफरी मची रही।
अभियान के तहत जनपदीय पुलिस ने कुल 83 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। । पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों न्यायालय के समक्ष पेश किया। वहा से उन्हें जेल भेजा गया।

# हिंदी साहित्य भारती का राष्ट्रीय सम्मेलन एवं सम्मान सामरोह संपन्न

## संस्था का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार को जन-जन तक पहुंचाना

समाज जागरण
शिकोहाबाद। संत जनू बाबा महाविद्यालय मैनपुरी रोड शिकोहाबाद में अंतरराष्ट्रीय संस्था हिंदी साहित्य भारती की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा सम्मान एवं विमर्श कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमें हिंदा भाषा के प्रचार प्रसार पर जोर दिया गया।
कार्यक्रम आयोजक संत जनू बाबा एजुकेशनल ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर राम कैलाश यादव रहे। मुख्य अतिथि डॉ रवींद्र शुक्ला संस्था के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। अन्य मंचासीन अतिथियों में प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद बाजपेयी, उपाध्यक्ष सच्चिदानंद हरि साक्षी,स्वामी राजेश्वरानंद, प्रदेश महामंत्री अमरनाथ, किंजल्फ त्रिवेदी, अरुण शुक्ल, सुधीर शुक्ल, अनूप शर्मा व सतीश समर्थ आदि उपस्थित रहे। सम्मेलन में उत्तर प्रदेश से हिंदी साहित्य भारती के सभी 6 प्रांतों के पदाधिकारी उत्तर प्रदेश की पूरी कार्यकारिणी तथा समस्त 75 जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। इस अवसर पर हिंदी साहित्य भारती का अच्छा कार्य करने वाले कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। ऐसे सम्मानित होने वाले पूरे उत्तर प्रदेश




से 6 कार्यकर्ता रहे, साथ में ही हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार के लिए कार्य कर रही सरकारी संस्थानों में से भारतीय जीवन बीमा निगम उत्तर मध्य क्षेत्र कानपुर को सम्मानित किया गया। भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रतिनिधित्व के रूप में उनके वरिष्ठ अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने इस सम्मान को ग्रहण किया।

कार्यक्रम में काशी से पधारे पीठाधीश्वर डॉ सचिंद्रनाथ महाराज उपस्थित हुए। ब्रज से पधारे गिरजानंद महाराज न्यू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न सत्रों में अलग-अलग विषयों पर संघटनात्मक विषयों पर विषय प्रस्तुत किए। उत्तर प्रदेश महामंत्री डॉ अमर नाथ दुबे व प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद वाजपेई ने अपने विचार रखे। संचालन प्रदेश के कोषाध्यक्ष किंजल कुमार त्रिवेदी ने किया।

# प्रख्यात शायर दीक्षित दनकौरी मुंबई में हुए सम्मानित

समाज जागरण
मुंबई। देश के अति प्रतिष्ठित 'आदित्य बिड़ला समूह ' द्वारा संचालित 'साहित्यायन फाउंडेशन' द्वारा फोर सीजंस होटल, मुंबई के सभागार में 'साहित्यायन पुरस्कार समारोह 2025' का भव्य आयोजन किया गया। मुंबई शहर के अनेक गणमान्य अतिथियों एवं साहित्यकारों/ शायरों की उपस्थिति में इस वर्ष का 'नंदलाल पाठक साहित्य पुरस्कार' (5 लाख रुपए) प्रख्यात शायर दीक्षित दनकौरी को और 'नंदलाल प्रतिभा पुरस्कार' (एक लाख रुपए) युवा शायर अभिषेक कुमार सिंह को प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता पद्मभूषण श्रीमती राजश्री बिड़ला ने की।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे, भारतीय जनता



पद्मभूषण राजश्री बिरला एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी से पुरस्कार ग्रहण करते हुए शायर दीक्षित दनकौरी

पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने अपने ओजस्वी संबोधन में भारतीय संस्कृति, कला और साहित्य पर प्रकाश डालते हुए बिरला परिवार द्वारा देश में विकास कार्यों में उल्लेखनीय योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की और पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को बधाई दी। कार्यक्रम में 'आदित्य बिड़ला समूह' के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक पद्मभूषण कुमार मंगलम बिड़ला भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वाणी प्रकाशन द्वारा प्रकाशित, वरिष्ठ शायर नंदलाल पाठक के सद्य प्रकाशित गजल संग्रह 'जीवन एक गजल है' का लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में नंदलाल पाठक की अध्यक्षता में आयोजित गजल गोष्ठी में अभिषेक कुमार सिंह, पूनम विश्वकर्मा, सुमन जैन, वृषाली बियानी, दीक्षित दनकौरी ने गजल पाठ किया, जिसका उपस्थित श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया। मंच संचालन देवमणि पांडे ने किया। नंदलाल पाठक और दीक्षित दनकौरी ने अपने गजल-पाठ से हॉल में उपस्थित गजल-प्रेमी श्रोताओं को रससिक्त कर दिया।
दीक्षित दनकौरी ने इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए 'साहित्यायन फाउंडेशन' का आभार व्यक्त किया।

# कासगंज में राज्य महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़ ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया



कासगंज, 26 अक्टूबर 2025 (समाज जागरण) कासगंज में राज्य महिला आयोग की सदस्या रेनू गौड़ ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, हिमायूंपुर, फरोली, रानामऊ का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
निरीक्षण के दौरान रेनू गौड़ ने बच्चों से संवाद किया और विद्यालय में अलमारी न होने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने साफ-सफाई बनाए रखने के कड़े निर्देश दिए और कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
सदस्या ने यह भी निर्देश दिए कि कोई भी शिक्षक अनुपस्थित न रहे और बच्चों के खाने में किसी प्रकार की मिलावट नहीं हो। उन्होंने ओपन जिम न होने पर कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द जिम बनाने के निर्देश दिए। सदस्या ने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर बच्चों को विद्यालय में एडमिशन दिलाने का आग्रह भी किया।

# प्रेमिका के परिजनों ने की प्रेमी की लाठी डंडे ब चाकू से गोदकर हत्या

समाज जागरण
सहावर। कस्बा के मोहल्ला झण्डापीर स्थित नईयो वाली मस्जिद के बाहर प्रेमी की प्रेमिका के परिजनों द्वारा लाठी डंडे और चाकू से गोदकर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। युवक प्रेमिका के रेप के मामले में 3 महीने पहले ही जेल से छूट कर बाहर आया था। हैरानी की बात यह है कि लहूलोहान युवक को रेप पीड़िता खुद ई रिक्शा पर लादकर सीएससी लेकर पहुंची। स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्साको ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कस्बा के सोरो रोड निवासी जिया अहमद पुत्र इकरार का तीन साल पहले पड़ोस में रहने वाली लड़की से प्रेम प्रसंग था। तब दोनों नाबालिग थे। एक ही स्कूल में एक ही क्लास में पढ़ते थे। दोनों के बीच करीब डेढ़ साल तक प्रेम प्रसंग चला। परिवार के लोग भी इस रिश्ते के लिए रजामंद हो गए। बात शादी तक पहुंच गई। इसी दौरान दोनों परिवारों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद परिवार वालों के दबाव में लड़की ने जिया के खिलाफ वर्ष 2024 में रेप का मुकदमा दर्ज करा दिया। पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर जिया को पुलिस ने जेल भेज दिया। 7 महीने तक जेल में रहने के बाद 3 महीने पहले ही जिया जेल से जमानत पर छूटकर बाहर आया। भाई शावेज अहमद ने बताया जेल से आने के बाद जिया रोज शाम में झंडा पीर मोहल्ले में चाय पीने जाता था। करीब 15 दिन पहले जिया की प्रेमिका के मामू के लड़के ब मोहल्ले के लड़कों ने हॉकी से जिया के साथ मारपीट की थीं। इससे जिया के सिर पर चोट आई थी। प्रतिदिन की तरह शनिवार शाम करीब 7:30 बजे भी जिया चाय पीने के लिए झंडापीर मौहल्ले में गया था। घर से करीब 1 किलोमीटर दूर नाई वाली मस्जिद के समीप सूनसान बौंदर रोड पर रात 8 बजे प्रेमिका के परिजनों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने उसे पहले हॉकी से काफी पीटा। इसके बाद चाकू से गोदकर मार डाला। वह लहूलुहान हालत में रोड पर पड़ा था। प्रेमिका और उसका पिता ही ई-रिक्शा पर लादकर जिया को लेकर रात 8:30 बजे सहावर सीएचसी पहुंचे। जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचते ही रात 9 बजे उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## कांधला रामलीला समिति का पंजीकरण विवाद आयुक्त न्यायालय पहुंचा

**समाज जागरण**

कांधला। नगर की ऐतिहासिक ह्लश्री रामलीला समितिह्व से जुड़ा पंजीकरण विवाद सहारनपुर मंडल के आयुक्त न्यायालय में पहुंच गया है। आयुक्त अटल कुमार राय ने वाद संख्या 2059/2025 में सहायक निबंधक से समिति की मूल पत्रावली तलब की है। आरोप है कि 1973-74 में पंजीकृत मूल समिति की फाइल गायब कर 2008-09 में कुछ लोगों ने ह्लश्री रामलीला कमेटी (मंडप पंचवटी)ह्व के नाम से फर्जी पंजीकरण कराया। सिद्धपीठ मां शाकुंभरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज ने इस पंजीकरण को रद्द करने और मूल फाइल की बरामदगी की मांग की है। आयुक्त न्यायालय ने अपील को सुनवाई योग्य माना है, अगली सुनवाई 6 नवंबर 2025 को होगी। आशुतोष ब्रह्मचारी ने इसे कांधला की रामलीला परंपरा की अस्मिता का प्रश्न बताते हुए कहा सत्य की जीत होगी।

## छात्रों को दी साइबर अपराधों से बचने की जानकारी

**समाज जागरण**

कांधला। दिल्ली नेशनल हाईवे मार्ग पर स्थित द गोल्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों को उत्तर प्रदेश पुलिस के डायरेक्टर जनरल द्वारा आयोजित एक सेमिनार में आमंत्रित किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने की। सेमिनार में साइबर क्राइम विशेषज्ञों ने छात्रों को सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों, जैसे साइबर ठगी और हनी ट्रैप, से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने यह भी समझाया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में युवा मोबाइल की लत से कैसे प्रभावित हो रहे हैं और इससे मुक्त होने के उपाय क्या हैं।स्कूल के प्रबंधक कृष्णपाल सिंह ने पुलिस की इस पहल की सराहना की। प्रधानाचार्य श्री अजय कुमार ने छात्रों से अपील की कि वे अपना अधिक समय किताबों के साथ बिताएं, जो उनके भविष्य के लिए लाभकारी होगा।यह कार्यक्रम छात्रों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## बंद मकान का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

**समाज जागरण**

कांधला। नगर के मोहल्ला सरवज्ञान में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। मोहल्ला खाकरोबान निवासी बबलू राणा की भाभी फरहा, पत्नी वाजिद राणा, का मेरठ में इलाज चल रहा था। इस दौरान 23 अक्टूबर को उनके घर में चोरी की सूचना मिली। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच में पता चला कि चोर सोने-चांदी के आभूषण और लगभग 10,000 रुपये नकद ले गए। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूल से सामान चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। दीपावली के अवकाश के दौरान स्कूल से सामान चोरी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव मलकपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक जयप्रकाश निवासी मोहल्ला आलकलां लालकुआं ने कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि दीपावली की के अवकाश के चलते विद्यालय बंद था। 19 अक्टूबर से 23 अक्टूबर के बीच अज्ञात चोर ने विद्यालय के अंदर से एक गैस सिलेंडर, प्रेशर कूकर, 210 किलो चावल, 72 किलो गेहूं, 30 किलो आटा, प्लेट व गिलास आदि सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## हमले के मामले में मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। नगर के मोहल्ला दरबारखुर्द रेतावाला निवासी दिलशाद ने बताया कि उसके पड़ोस में एक महिला किराए के मकान में रहती है, जिसका चाल चलन गलत है और उसके पास गलत प्रवृत्ति के लोगों का आना जाना लगा रहता है। इसी कारण मोहल्लेवासी परेशान है। उनके द्वारा इसका विरोध किया गया था। दो दिन पहले रात करीब साढे आठ बजे वह अपने मकान के अंदर लेटा हुआ था। तभी पड़ोसन व उसका पति वाजिद, जाहिद तथा भाई निगण लाठी–डंडो व सरिए से लैस होकर आए तथा उसके सिर पर वार कर दिए। हमले में वह घायल हो गया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अज्ञात महिला का गर्दन कटा शव मिलने से गांव में फैली सनसनी

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम जीतपुर पलड़ी की पुलिया के पास एक अज्ञात महिला के अर्द गर्दन कटें शव के मिलने पर जीतपुर पलड़ी व आसपास के गांवों के लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस ने गांव के जमा लोगों से मृयक महिला के शव की पहचान कराने कि कोशिश की लेकिन शव की पहचान न होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाकर महिला के परिजनों का पता लगाने व उसके हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस ने अपनी भागदौड़ करते हुए एड़ी-चोटी का जोर लगाते हुए। अपनी भागदौड़ शुरू कर दी है।

दोपहर लगभग 12-30 बजे खबर भेजें जाने तक अज्ञात महिला की हत्या करने वालो व परिजनों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। मृतक महिला कहा की बहू थी

## अब यूपी के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली में नहीं भटकना होगा: सीएम योगी

गाजियाबाद, 26 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गाजियाबाद में यशोदा मेडिसिटी के लोकार्पण समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हेल्थकेयर सेक्टर में निवेश, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं की दिशा में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में स्थापित यशोदा मेडिसिटी इसका सशक्त उदाहरण है। यह केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि वर्ल्ड क्लास हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर की नई परिभाषा है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान के माध्यम से न केवल एनसीआर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के नागरिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एक ही छत के नीचे प्राप्त होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोगों को अब दिल्ली में महंगे इलाज के लिए भटकने की जरूरत नहीं, क्योंकि गाजियाबाद में ही वर्ल्ड क्लास हेल्थकेयर उपलब्ध हो गया है।

**इनवेस्टमेंट भी और रोजगार का माध्यम भी**

उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में जब उत्तर प्रदेश में थर्ड ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी आयोजित हुई थी, उस समय डॉक्टर पीएन अरोड़ा ने इन्वेस्ट यूपी के साथ एमओयू किया था कि गाजियाबाद में यशोदा मेडिसिटी के नाम से अत्याधुनिक अस्पताल का निर्माण करेंगे। इसमें सभी प्रकार की सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं होंगी और विशेष रूप से कैंसर की अत्याधुनिक सुविधा भी, जिसके लिए पहले लोगों को विदेश जाना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि तब यह विश्वास नहीं होता था कि इतनी जल्दी यह संभव होगा, लेकिन डॉक्टर पी.एन. अरोड़ा, डॉक्टर उपासना अरोड़ा और उनकी पूरी टीम ने मात्र तीन वर्षों में इसे साकार कर दिखाया। यह इन्वेस्टमेंट भी है और 5000 से अधिक लोगों के लिए रोजगार का माध्यम भी। इस अस्पताल में डॉक्टर, पैरामेडिक्स, नर्सिंग स्टाफ और अन्य हेल्थकेयर से जुड़े 5000 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन वर्षों में यह जो काम हुआ है वह उत्तर प्रदेश के बदलते निवेश माहौल और मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर की शक्ति को दर्शाता है।

## पुलिस ने किया भैंस चोरी घटना का खुलासा तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**समाज जागरण**



कांधला।(फुरकान जंग) थाना पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता और प्रभावी कार्यवाही का परिचय देते हुए भैंस चोरी की घटना का खुलासा कर तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई भैंस, दो अवैध चाकू और चोरी में इस्तेमाल की गई पिकअप गाड़ी बरामद की है। थाना क्षेत्र के मोहल्ला राजगार्डन निवासी नूरदीन पुत्र सुबराती की भैंस अज्ञात चोरों ने चुरा ली थी। इस मामले में थाना कांधला में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह ने पुलिस टीम को त्वरित कार्रवाई कर अभियुक्तों को पकड़ने के निर्देश दिए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरों की तलाश शुरू की। रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने तीन बदमाशों को चोरी की भैंस और पिकअप गाड़ी सहित दबोच लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने नाम हासिम पुत्र शहीद कुरैशी मोहल्ला शेखजादगान, सलमान पुत्र इलियान मोहल्ला खैल, और सूफियान पुत्र नवाब ग्राम गुजरान बलवा बताए। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों के पास से चोरी की भैंस, दो अवैध चाकू और चोरी में प्रयुक्त पिकअप गाड़ी बरामद की गई है। तीनों अभियुक्तों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## पति व अन्य ससुरालियों पर मारपीट के आरोप

**समाज जागरण**

कैराना। एक महिला ने अपने पति व अन्य ससुरालियों पर मारपीट करने के आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया।

मोहल्ला सलारयान बाजार निवासी नाजमा ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पति दिलशाद उसके साथ बेल्ट से मारपीट करता आ रहा है। एक दिन पहले भी उसके पति ने उसके साथ बेल्ट से मारपीट की। शोर मचाने पर कपड़े से उसका मुंह बांध दिया तथा पिटाई की और अपने रिश्तेदारों को भी बुलाकर उसके साथ मारपीट की गई। तभी उसके भाई व मामा के लड़के उसे लेने आए तो आरोपी ने उनके साथ भी लाठी–डंडों व तमंचे से मारपीट की। तभी उसका भाई व मामा के लड़के पुलिस चौंकी में गए और पुलिस को बुलाया। पुलिस ने एक आरोपी को मौके से पकड़ लिया। पुलिस के जाने के बाद गोल्ला, अबरार, शाहरुख, अफजाल, मोबीन, बाबू व इमरान ने अपने लड़कों को बुलाकर उसके साथ मारपीट की तथा शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दो गोवंशों की मौत के मामले में केयरटेकर पर मुकदमा

**– मृत गोवंशों को कुतों के द्वारा नोचे जाने के बाद बजरंग दल के कार्यकताओं ने किया था हंगामा**

**समाज जागरण**

कैराना। जंधेडी गांव स्थित गौशाला में दो गोवंशों की मौत और कुत्तों द्वारा नोचने की वीडियो वायरल होने के बाद सहायक विकास अधिकारी की ओर से केयरटेकर के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के गांव जंधेडी स्थित सरकारी गौशाला में दो बछड़े मृत अवस्था में पाए गए थे, जिनको कुत्ते नोच रहे थे। इसकी वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकताओं ने गौशाला में पहुंचकर हंगामा कर दिया था। डीएम अरविंद कुमार चौहान व एसपी एनपी सिंह ने भी गौशाला में पहुंचकर निरीक्षण किया था। दोनों अधिकारियो ने गौशाला में साफ-सफाई, गोवंशों के रख रखाव, पानी व चारे आदि की व्यवस्था दुरुत करने के निर्देश दिए थे। वहीं, सहायक विकास अधिकारी राहुल कुमार ने कोतवाली में गौशाला के केयरटेकर उदयराज निवासी गांव जंधेडी के विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एटीएम कार्ड बदलकर लाखों की ठगी, पीड़ित ने दी थाने में तहरीर

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। एटीएम मशीन पर कार्ड बदलकर ठगी करने के मामले रुकने के नाम नहीं ले रहे है, अब फिर एक एटीएम मशीन पर एक व्यक्ति के साथ ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है, ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने बैंक पहुंचकर एटीएम कार्ड बंद करा दिया। पीड़ित ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी। थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई। तहसील क्षेत्र के गांव खेरुल्लापुर उर्फ शाहपुर निवासी अशोक पुत्र जसवंतपुर सिंह का खाता पंजाब नैशनल बैंक में है, उसी का एटीएम कार्ड भी है, कुछ पैसे की जरूरत पढ़ने पर सुबह अपने एटीएम कार्ड से स्टेशन रोड़ पर स्थित पंजाब नैशनल बैंक नजीबाबाद के निकट लगी एटीएम मशीन पर तीन हजार रुपए निकालने के लिए गया था, वहा पहले से ही कोई अज्ञात व्यक्ति खड़ा था उक्त व्यक्ति ने उसकी मदद करने की बात कहकर पैसा निकालने का प्रयास किया और तीन हजार रुपए निकलाकर दे दिए, आरोप है उसी दौरान उक्त व्यक्ति ने उसका कार्ड बदल लिया और धोखाधड़ी करते हुए किसी अन्य का एटीएम कार्ड बड़े ही चालाकी से हाथ में पकड़वा दिया दिया। बाद में उक्त ठग ने 04 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक एटीएम कार्ड से कई ट्रांजेक्शन

**ठग की एटीएम से पैसे निकालते वीडियो हो रही वायरल**

कर लगभग दो लाख बासट हजार रुपये निकाल लिए। खाते से लाखों रुपये कटने का मैसेज आने पर ठगी होने का पता चला। कयास लगाए जा रहे है कि ठग ने मदद करने के दौरान एटीएम कार्ड का पिन भी देख लिया होगा। पीड़ित ने बैंक पहुंचकर एंट्री कराई तो कई लाख निकालने का मामला सामने आया, पीड़ित ने एटीएम बंद करा दिया। साथ ही पीड़ित ने अज्ञात ठग के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर ठग की तलाश में जुट गई। वहीं एटीएम मशीन से पैसे निकालते हुए ठग की एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी वायरल हो रही है।

## स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की आधारशिला : राजनाथ सिंह

**– यशोदा मेडिसिटी के उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया कार्यक्रम को संबोधित**

**– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने किया यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक भी रहे मौजूद**

**– अपने संबोधन में बोले रक्षा मंत्री, हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं जिसका सपना हमारे पूर्वजों ने देखा था, जो स्वस्थ और शक्तिशाली हो**

**– प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था ने लिया है नया रूप : राजनाथ सिंह**

**– उत्तम स्वास्थ्य पहले गरीब के लिए चिंता का विषय था, आज यह अधिकार के रूप में उसके दर–वाजे तक पहुंच रहा : रक्षा मंत्री**

**– 2014 में देश में 387 मेडिकल कॉलेज थे, आज 800 हो गये हैं, एमबीबीएस सीटें केवल 50 हजार थीं, आज यह 1 लाख 20 हजार से ज्यादा हो चुकी हैं : राजनाथ सिंह**

**– दक्षिण एशिया में रोबोटिक्स सर्जरी प्रशिक्षण केंद्र के रूप में पहचानी जाएगी यशोदा मेडिसिटी : राजनाथ सिंह**

**समाज जागरण**

गाजियाबाद, 26 अक्टूबर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को यहां आयोजित यशोदा मेडिसिटी के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हम उस भारत की ओर बढ़ रहे हैं जिसका सपना हमारे पूर्वजों ने देखा था, जो शक्तिशाली और स्वस्थ हो। हमारा हर कदम, हर नीति, हर प्रयास देश के गरीब, वंचित और ग्रामीण जनमानस को समर्पित है। हम मानते हैं कि जब भारत का हर नागरिक स्वस्थ होगा तभी भारत सशक्त होगा। हमें 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए राष्ट्र के नागरिकों का स्वास्थ्य उत्तम होना बहुत जरूरी है।

**मेडिकल ट्रेनिंग और टेक्निकल रिसर्च को मिलेगी नई दिशा**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी के लिए गौरव की बात है कि इसे दक्षिण एशिया में रोबोटिक्स सर्जरी प्रशिक्षण केंद्र के रूप में मान्यता मिली है। यह उपलब्धि निश्चित रूप से मेडिकल ट्रेनिंग और टेक्निकल रिसर्च को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि हम जब भी किसी सफल इंसान की कहानी पढ़ते हैं, आपको यही देखने को मिलेगा कि हर बड़ी यात्रा की शुरूआत किसी न किसी बड़ी व्यक्तिगत पीड़ा से निकलती है। यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ पीएन अरोड़ा ने 1986 में अपनी माता को कैंसर की वजह से मृत्युशैया पर देखा, उनकी इसी पीड़ा ने यशोदा मेडिसिटी को जन्म दिया। आज यह अस्पताल समाज के अंतिम व्यक्ति के लिए विश्वास का प्रतीक बनकर उभरी है।

**सरकार एक संरक्षक के रूप में बुजुर्गों के साथ खड़ी है**

राजनाथ सिंह ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का उत्तरदायित्वपूर्ण निर्वाह किया है। ठीक उसी प्रकार हम भी समाज के अंतिम व्यक्ति के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की स्वास्थ्य व्यवस्था ने नया रूप लिया है। पहले जहां यह गरीब के लिए चिंता का कारण होता था, वही आज उसके अधिकार के रूप में उसके दरवाजे तक पहुंच रहा है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि भारत का कोई गरीब किसी भी बीमारी के कारण अपने जीवन की उम्मीद न खोए। इसके लिए आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत देश के 10 करोड़ परिवारों को हर वर्ष पांच लाख रूपए के स्वास्थ्य बीमा का कवच प्रदान किया गया है। अब 70 वर्ष से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को इस योजना में शामिल किया गया है। ताकि जीवन के उस पड़ाव में जब देखभाल की सबसे अधिक आवश्यकता होती है तब सरकार एक संरक्षक के रूप में उसके साथ खड़ी रहे।

## सैकड़ो लोगों ने ली राष्ट्रीय लोक दल की सदस्यता

**समाज जागरण**

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी जिप सदस्य के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।

जिप सदस्य अरविंद पंवार के आवास पर राष्ट्रीय लोकदल सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा किए गए कार्यों को लेकर बताया कि लोकदल सदैव किसान और मजदूर के हित में कार्य करते वाली पार्टी रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राष्ट्रीय लोकदल के क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेंद्र चेयरमैन ने कहा कि जनपद में राष्ट्रीय लोकदल द्वारा एक लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है, जिसके लिए कार्यकर्ता घर घर जाकर संपर्क कर रहे है। जिप सदस्य अरविंद पंवार ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के निदेर्शों पर पार्टी को मजबूत करने के लिए लगातार सर्व समाज के लोगों से संपर्क कर उनको पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जा रही है। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम सिंह बाबू ने की और संचालन राजपाल सिंह ने किया। इस दौरान लोकदल जिलाध्यक्ष वाजिद अली, डॉक्टर विक्रांत जावला, डॉक्टर साहब सिंह , देशराज भनेड़ा, बिजेंद्र मलिक, विनोद प्रधान, बाबू राम पंवार, शौकत जंग सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पोल्ट्री फार्म में मिली अनियमितता के मामले में पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण**

कैराना। बराला कुकरहेड़ी स्थित पोल्ट्री फार्म में जांच के दौरान पाई गई अनियमितताओं के मामले में कंपनी के ब्रांच मैनेजर की ओर से पांच आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

पिछले दिनों कोतवाली क्षेत्र के गांव बराला कुकरहेडी स्थित मौ. असजद के पोल्ट्री फार्म की जांच एबीस एक्सपोर्ट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड रजिस्टर्ड के ब्रांच मैनेजर दानिश के द्वारा की गई थी। जांच में उक्त पोल्ट्री फार्म की जमीन मौ. असजद के पिता मुल्की की न होकर इंतजार की पाई गई। जबकि मौ. असजद के द्वारा पोल्ट्री फार्म में दिए गए अपने समस्त अभिलेखों में ग्राम प्रधान की मोहर भी फर्जी मिली। असजद के पोल्ट्री फार्म की गारंटी आकाश निवासी टिगरी रामगढ जिला सहारनपुर द्वारा ली गई थ, जिसमें सब्बन निवासी ग्राम भूरा भी गारंटर है। आरोप है कि सब्बन द्वारा ही इस पोल्ट्री फार्म में फजीर्वाडा कराया गया है। तसव्वर निवासी ग्राम बराला भी उक्त पोल्ट्री फार्म की जमीन के मालिक का बराबर का पार्टनर था, जिसने असजद के नाम फर्जी एग्रीमेन्ट कराया था। उक्त पोल्ट्री फार्म के सम्बन्ध में जब जांच की गई तो जांच करने पर पाया गया कि असजद का पता गांव धलापडा थाना गंगोह जिला सहारनपुर है, जबकि अपने दस्तावेजों में इन्होंने जनपद शामली के बराला गांव का पता दर्ज करा रखा था। इससे स्पष्ट है कि असजद द्वारा फर्जी पैन कार्ड, आधार कार्ड व किसी अन्य व्यक्ति की जमीन की खतौनी तथा फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र आदि का दुरुपयोग कर कम्पनी से गलत तरीके से अपने उक्त पोल्ट्री फार्म हेतु अनुबन्ध कराया गया है। पुलिस ने एसपी के आदेश पर मौ. असजद, आकाश व सब्बन, तसव्वर व शाद के खिलाफ धोखाधडी सहित आदि सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नवजात की खरीद फरोख्त में फरार आरोपित

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नूरपुर गोद लेने वाले दंपती सहित 5 आरोपित पहले ही जा चुके है जेल नूरपुर। एस आर हेल्थ केयर सेंटर नूरपुर में नवजात शिशु की खरीद फरोख्त कर के बेचने के मामले में फरार चल रहे आरोपित डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक नूरपुर जयभगवान सिंह ने बताया कि इस सम्बन्ध में थाना हीमपुर दीपा के गांव छोईया नंगली निवासी करन सिंह की शिकायत पर करीब दर्जन भर संलिप्तो पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अब तक अस्पताल संचालक और बच्चे को खरीदने वाली बरेली निवासी दंपति को जेल भेज चुकी है अब पुलिस ने शुक्रवार को इस मामले में फरार चल रहे चिकित्सक डॉ. जावेद अली ग्राम औरंगजेबपुर उर्फ मंगोलपुरा, थाना कोतवाली देहात को धामपुर मार्ग से गिरफ्तार कर चालान किया है।

**साढ़े पांच लाख रुपए में बरेली की निसंतान दंपत्ति को बेच दिया था मासूम को**

नूरपुर। गरीब होने के कारण यह दिव्यांग परिवार तीन महीने तक न्याय के लिए दर-दर की ठोकरें खाता रहा। कई आला अधिकारियों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। पीड़ित दिव्यांग परिवार ने इस मामले में पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह से मिलकर मदद की गुहार लगाई तो मामले की गंभीरता से लेते हुए उन्होंने इस पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की। पूर्व सांसद पीड़ित दिव्यांग परिवार को लेकर डीएम और एसपी बिजनौर से मुलाकात की और एसपी अभिषेक झा के आदेश पर नूरपुर पुलिस ने 19 अगस्त को अस्पताल संचालक सलमान सहित तीनो डॉक्टरों के खिलाफ संगीन धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की, तब कहीं जाकर पीड़ित दिव्यांग दम्पत्ति को बरेली की निसंतान दंपति से बच्चे को सकुशल बरामद कर सौंपा गया

## विवाहिता से दहेज की मांग, मारपीट कर घर से निकाला मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नहटौर गांव गारवपुर निवासी निधि पुत्री लाल बहादुर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी 27 जून 2020 को अभिषेक पुत्र नरेश सिह निवासी ग्राम दौलताबाद थाना स्योहारा के साथ हुआ था। शादी के समय उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान देकर उसे विदा किया था। इसके बाद भी उसका पति व परिजन दिए गए दहेज से खुश नहीं थे तथा उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। उसने जब यह बात अपने मायके वालों को बताई तो उन्होंने उसे यह कहकर समझाया कि कुछ समय बाद सब कुछ ठीक हो जायेगा। बताया कि कुछ समय बाद उसका पति उसे दिल्ली ले गया तथा वे वहीं रहने लगे। उस समय वह डेढ माह की गर्भवती थी। आरोप है कि उसके पति ने शराब के नशे में उसके पेट में लात मार दी। जिससे उसका गर्भपात हो गया। उसके बाद वह अपनी ससुराल आकर वहीं रहने लगी आरोप है कि 4 जून 2024 को उसके ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। मायके वालों से एक लाख रुपए लिए बिना वापस आने पर पैट्रोल डालकर मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## स्वास्थ्य सेवा राष्ट्र निर्माण का अभिन्न अंग : राष्ट्रपति

**– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गाजियाबाद में यशोदा मेडिसिटी का किया उद्घाटन**

**– मेडिकल रिस्पॉन्सिबिलिटी के साथ सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी निभाना निजी चिकित्सा संस्थानों की होनी चाहिए प्राथमिकता : राष्ट्रपति**

**– राष्ट्रपति ने अस्पताल के स्वदेशी संस्कार की सराहना की, कैंसर जीन थैरेपी रिसर्च पर दिया बल**

**– सिकल सेल एनीमिया जैसी जनजातीय क्षेत्रों में होने वाली बीमारियों पर विशेष फोकस करे अस्पताल : राष्ट्रपति**

**– कोविड महामारी में यशोदा मे–डिसिटी का बड़ा योगदान, उत्तर भारत में 'स्टेप्स' मॉडल लागू करने वाला पहला अस्पताल : द्रौपदी मुर्मु**

**– राष्ट्रपति ने यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन डॉ. पीएन अरोड़ा को दी शुभकामनाएं, कहा– यह अस्पताल बनेगा हेल्थकेयर में बदलाव की मिसाल**

**– 'अफोर्डेबल वर्ल्ड क्लास हेल्थ सर्विस टू ऑल' के मिशन को पूरा करेगी यशोदा मेडिसिटी : राष्ट्रपति**

**समाज जागरण**

गाजियाबाद, 26 अक्टूबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को गाजियाबाद के इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी का भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के आधुनिक स्वास्थ्य ढांचे और जनसेवा की भावना की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि देशवासियों को निष्ठा के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले संस्थानों में आकर उन्हें गर्व और खुशी दोनों का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि यशोदा मेडिसिटी ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरी निष्ठा के साथ अपनाया है। कोविड महामारी के दौरान इस संस्थान ने बड़ी संख्या में लोगों का उपचार किया और टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत भी उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने बताया कि 'सिस्टम फॉर टीबी एलिमिनेशन इन प्राइवेट सेक्टर (स्टेप्स)' के तहत उत्तर भारत का पहला केंद्र यशोदा मेडिसिटी को बनाया गया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि यह संस्थान सिकल सेल एनीमिया जैसी जनजातीय क्षेत्रों में होने वाली बीमारियों पर विशेष रूप से काम कर रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यशोदा मेडिसिटी इस दिशा में और अधिक योगदान देगी। अस्पताल के चेयरमैन और एमडी डॉ. पी.एन. अरोड़ा के प्रयासों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने सेल्फ मेड हेल्थकेयर मिशन के तहत एक विश्वस्तरीय संस्थान स्थापित किया है, जो समाज सेवा और राष्ट्र सेवा को प्राथमिकता देता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल को अपनी माता यशोदा जी के नाम पर रखना भारतीय संस्कारों और स्वदेशी भावना का उदाहरण है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने अस्पताल का दौरा भी किया और कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार इतना अत्याधुनिक अस्पताल देखा है, जहां एक ही छत के नीचे सभी परीक्षण और उपचार सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे मरीजों का कीमती समय बचता है। उन्होंने कहा कि भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है और यह तभी संभव है जब देश का हर नागरिक स्वस्थ हो। उन्होंने कहा कि इस तरह की मेडिसिटी न केवल इलाज के लिए बल्कि अनुसंधान और नवाचार के लिए भी जरूरी हैं। राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि यशोदा मेडिसिटी आईआईटी बॉम्बे जैसे संस्थानों के साथ मिलकर कैंसर की जीन थैरेपी जैसी स्वदेशी तकनीकों को अपनाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा राष्ट्र निर्माण का अभिन्न अंग है और सरकार इस दिशा में निरंतर काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि निजी क्षेत्र के अच्छे स्वास्थ्य संस्थान देश के लिए अमूल्य योगदान दे सकते हैं। मेडिकल रिस्पॉन्सिबिलिटी के साथ सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी निभाना इन संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

अंत में उन्होंने यशोदा मेडिसिटी से उम्मीद जताई कि यह 'अफोर्डेबल वर्ल्ड क्लास हेल्थ सर्विस टू ऑल' के मिशन को पूरा करेगी और देश के हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने डॉ. पी.एन. अरोड़ा और उनकी टीम को शुभकामनाएं दीं कि वे सेवा, गुणवत्ता और नवाचार के साथ देश को गौरवान्वित करते रहें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, यशोदा मेडिसिटी के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ पीएन अरोड़ा, सीईओ डॉ उपासना अरोड़ा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

**विशेष शॉल भेंट कर हुआ अतिथियों का स्वागत**

यशोदा मेडिसिटी के उद्घाटन समारोह में शामिल सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत संस्थान के चेयरमैन और एमडी डॉ पीएन अरोड़ा ने विशेष शॉल भेंट कर किया। शॉल पर रामायण के दृष्यों को रेशम के धागों से उकेरा गया है और प्रत्येक शॉल को बनाने में कारीगरों को एक वर्ष का समय लगा है। इसके साथ ही अतिथियों को शंख और स्मृति चिह्न देकर उनका अभिवादन किया गया।

# छपरौली में वैश्य समाज ने नगर चेयरमेन धर्मेंद्र खोखर का किया सम्मान

## --श्री महाराजा अग्रसेन द्वार स्थापना पर जताया आभार

**समाज जागरण**

छपरौली। कस्बे के मुख्य मार्ग पर श्री महाराजा अग्रसेन द्वार स्थापित कराए जाने को लेकर वैश्य समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नगर चेयरमेन धर्मेंद्र खोखर के निवास पर पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया और सम्मान समारोह आयोजित किया। समाज के पदाधिकारियों ने इसे वैश्य समाज के गौरव से जुड़ा ऐतिहासिक कदम बताया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारतीय वैश्य परिवार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव गुप्ता पुट्ठी और अखिल भारतीय श्री अग्रसेन समाज कल्याण ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन कुमार गुप्ता (दोघट) ने किया। उन्होंने चेयरमेन धर्मेंद्र खोखर को पटका, पगड़ी और मोतियों की माला पहनाकर तथा महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान वरुण गुप्ता और



संजय गुप्ता भी प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे। डॉ. राजीव गुप्ता ने कहा कि नगर में अग्रसेन द्वार की स्थापना समाज की आस्था, एकता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चेयरमेन खोखर ने महाराजा अग्रसेन के आदर्श–समरसता, सेवा और सबको साथ लेकर चलने की भावना को व्यवहार में उतारा है। विशिष्ट अतिथि सचिन कुमार गुप्ता ने कहा कि चेयरमेन ने ह्यएक रूपया, एक ईंटह्व वाली अग्रसेनी सोच को आगे बढ़ाते हुए समाज के हर वर्ग को सम्मान दिया है, जो प्रेरणादायी है। सम्मान ग्रहण करते हुए नगर चेयरमेन धर्मेंद्र खोखर ने वैश्य समाज का आभार जताया और कहा कि कस्बे में सभी वर्गों के सम्मान तथा विकास के लिए उनका संकल्प निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम में जयभगवान गर्ग, मास्टर राकेश गर्ग, डॉ. अंकित गुप्ता, डॉ. अनुराग मांगलिक, डॉ. अमित गुप्ता, नितिन गुप्ता, अर्चित गुप्ता, शुभम जिंदल, एडवोकेट रामकुमार अग्रवाल, दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भट्ठा मालिक पर मुकदमा दर्ज - दीवार गिरने से दो की मौत, दो हुए थे घायल

--चांदीनगर हादसा– जर्जर दीवार बनी काल, परिजनों की तहरीर पर केस

--लापरवाही का खामियाजा–मुनीम व मजदूर की मौत, जांच शुरू

**समाज जागरण**

बागपत। गोना गांव स्थित एएसपी महादेव ब्रिक फील्ड ईट भट्ठे में दीवार गिरने से हुए दर्दनाक हादसे के बाद पुलिस ने भट्ठा मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बीते गुरुवार सुबह हुई इस हादसे में मुनीम



दिनेश यादव निवासी गोना और मजदूर राजेंद्र (50) पुत्र रूपचंद निवासी निस्तौली, गाजियाबाद की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक राजेंद्र के बेटे रवि पुत्र राजेंद्र ने थाना चांदी नगर में तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि भट्ठे की बाउंड्री वॉल काफी समय से जर्जर थी, इसके बावजूद भट्ठा मालिक ने न तो मरम्मत कराई और न ही सुरक्षा के इंतजाम किए। रवि के अनुसार, 13 अक्टूबर को उसके पिता ईंट भरने के लिए भट्ठे पर पहुंचे थे, तभी अचानक दीवार ढह गई और नीचे दबने से उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों द्वारा मलबा हटाने के बाद राजेंद्र को मृत अवस्था में बाहर निकाला गया। घटना में घायल मजदूरों का उपचार जारी है। इस मामले में थाना चांदी नगर प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर भट्ठा मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच के बाद दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते दीवार की मरम्मत करा दी जाती, तो यह हादसा टल सकता था।

# राज्यमंत्री केपी मलिक ने कार्यकर्ताओं के साथ सूनी पीएम के मन की बात

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर में नगरपालिका परिषद के मीटिंग हॉल में प्रदेश के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री केपी मलिक ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 127वें संस्करण को कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर पर मंत्री केपी मलिक ने कहा कि मन की बात केवल एक संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह देश की जनता से जुड़ाव का सशक्त माध्यम है। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के



माध्यम से देशवासियों को सकारात्मक सोच, समाजसेवा और स्वच्छता, आत्मनिर्भरता जैसे अभियानों से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि मन की बात का हर एपिसोड देश के कोने-कोने में लोगों के मन को छू जाता है और समाज में एक नई प्रेरणा का संचार करता है। इस दौरान स्थानीय भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भी राज्य मंत्री के साथ इस कार्यक्रम को बड़े उत्साह के साथ सुना। सभी ने प्रधानमंत्री के विचारों पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि मन की बात से देश के हर नागरिक को राष्ट्रहित में योगदान देने की प्रेरणा मिलती है। साथ ही कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस दौरान जिला महामंत्री बिजेंद्र शर्मा एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष व मन की बात जिला कार्यक्रम संयोजक राकेश जैन, कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र आर्य, मंडल प्रभारी डॉ नीरज कौशिक, किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गौरव तोमर, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, प्रतिभा शर्मा डिमरी, राजगोपाल कश्यप, नगर अध्यक्ष मुदित जैन, मनोज कश्यप, सभासद रमेश शर्मा, राकेश जैन, अशोक चौधरी, चांदनी दिक्षित, प्रमोद वत्स, हरिभूषण उपाध्याय, प्रवीण वर्मा, सौरभ जैन, राकेश विश्वकर्मा, नितिन कुमार, विनय, कर्मवीर सिंह, कवरपाल शर्मा, जागेश चौधरी, श्याम बाल्मीकि, श्रीकांत आर्य, गौरव शर्मा, अमित जैन आदि मौजूद रहे।

# पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर हादसा, टायर बदल रहे दरोगा की वाहन की टक्कर लगने से मौत

**समाज जागरण**

बागपत। ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर पंक्चर हुई कार का टायर बदल रहे दरोगा की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। उन्हें अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन जान नहीं बच सकी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मूल रूप से बाखरपुर बालैनी और हाल में बुराड़ी दिल्ली निवासी अवनीश कुमार यादव (44) पुत्र जशवंत यादव दिल्ली पुलिस में दरोगा थे। वह दिल्ली से बुलंदशहर जनपद के सरोरा गांव में



अपनी ससुराल परिवार के साथ जन्मदिन पार्टी में शामिल होने जा रहे थे। जब वह ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर गौना सिंगोली गांव के समीप पहुंचे तो उनकी कार का टायर पंक्चर हो गया। वह टायर बदलने लगे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे एक्सप्रेस-वे कर्मियों ने एम्बुलेंस बुलाकर तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजन भी रोते बिलखते वहां पहुंचे। पुलिस जांच में जुटी है और अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

# इंडस हॉस्पिटल ने कैंसर मरीजों के लिए रेडिएशन थेरेपी की नई सुविधा शुरू की

**समाज जागरण**

बागपत। मोहाली स्थित इंडस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फेज-1 ने कैंसर के उपचार में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए रेडिएशन थेरेपी विभाग की नई अत्याधुनिक सुविधा की शुरूआत की है। यह पहल क्षेत्र के कैंसर मरीजों को उन्नत, प्रभावी और सुलभ चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की दिशा में बड़ा कदम है। इस विभाग का संचालन डॉ. कमलप्रीत ग्रेवाल (रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट) के नेतृत्व में किया जा रहा है। मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग का नेतृत्व डॉ. जी. एस. चौधरी कर रहे हैं, जबकि सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग डॉ. अश्विन कल्याणपुरी के मार्गदर्शन में संचालित है। नई सुविधा के शुभारंभ के अवसर पर, इंडस हॉस्पिटल के एडवांस्ड मेडिकल एजुकेशन विभाग द्वारा पंजाब मेडिकल काउंसिल और आईएमए मोहाली के सहयोग से एक सीएमई (कॉन्टिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न चिकित्सा विभागों के डॉक्टरों और कई सुपर स्पेशियलिटीज के वरिष्ठ विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम की समग्र आयोजक और इंडस हॉस्पिटल के उन्नत चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रमुख, सरनीत चोपड़ा (महाप्रबंधक, ब्रांडिंग एवं सीएमई) ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य डॉक्टरों और विशेषज्ञों को आधुनिक चिकित्सा तकनीकों से जोड़ना तथा कैंसर मरीजों को सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर डॉ. वंदना शर्मा (निदेशक, प्रशासनिक सेवाएँ, इंडस हॉस्पिटल) भी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि इंडस हॉस्पिटल का लक्ष्य हमेशा से मरीजों को संवेदनशीलता और गुणवत्ता के साथ आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना रहा है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने रेडिएशन थेरेपी की नवीन तकनीकों, इसके लाभ और कैंसर मरीजों के उपचार में इसके महत्व पर विस्तृत चर्चा की। डॉक्टरों का कहना था कि इस नई सुविधा के माध्यम से अब ट्राइसिटी और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को अपने ही शहर में विश्वस्तरीय कैंसर उपचार उपलब्ध होगा, जिससे उन्हें दूरस्थ शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इंडस हॉस्पिटल सदैव अपने मरीजों को संवेदनशीलता, समर्पण और उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह नई पहल अस्पताल के उस विजन को और सशक्त बनाती है जिसमें हर मरीज को अनुभवी विशेषज्ञों की देखरेख में गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# बागपत जिला जेल में दो महिला वार्डर आपस में भिड़ीं, मारपीट

**समाज जागरण**

बागपत। जिला जेल में तैनात दो महिला जेल वार्डरों में शनिवार को आपस में भिड़ गईं और उनमें मारपीट हो गई। हंगामा बढ़ने पर जेल के अफसरों ने किसी तरह मामला शांत कराया। अफसरों के समझाने पर दोनों में समझौता हो गया। जिला जेल में तैनात पूजा और चंचल जेल वार्डर शनिवार को आपस में बात कर रही थीं। बताया कि बातचीत में दोनों के बीच बहस शुरू हो गई और थोड़ी ही देर में मारपीट होने लगी। इससे वहां आए अन्य कर्मियों ने बीच बचाव कराने का प्रयास किया, लेकिन दोनों में मारपीट होती रही। हंगामा बढ़ने पर जिला जेल के अफसरों को हस्तक्षेप कर मामला शांत कराना पड़ा। बताया कि दोनों महिला वार्डरों के बीच में पिछले कई दिन से मनमुटाव चल रहा था। इस मामले में जिला जेल अधीक्षक प्रशांत मौर्य ने बताया कि दोनों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। समझाने के बाद दोनों के बीच समझौता भी हो गया।

# जेलर जितेंद्र कश्यप पर गिरेगी गाज, बागपत कोर्ट ने (BNS) धाराओं में लिया संज्ञान, जानें पूरा मामला

**समाज जागरण**

जिले में एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें मैनपुरी जेल में तैनात पूर्व बागपत जेलर जितेंद्र कश्यप पर छेड़छाड़ और बदसलूकी के आरोप हैं। बागपत की सीजेएम कोर्ट ने इस मामले में ट्रायल शुरू करने का आदेश दे दिया है। अगली सुनवाई 6 नवंबर को तय की गई है। जानकारी के अनुसार, बागपत जेल में तैनाती के दौरान डिप्टी महिला जेलर ने जितेंद्र कश्यप पर उत्पीड़न और बदसलूकी के गंभीर आरोप लगाए थे। आरोपों में छेड़छाड़, कार्यस्थल पर मानसिक प्रताड़ना और महिला कर्मचारियों के साथ अनुचित व्यवहार शामिल हैं। यह मामला कई महीनों तक लंबित रहा, लेकिन अब अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए ट्रायल की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

**अदालत का आदेश**

सीजेएम बागपत ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 74 और 115(2) का संज्ञान लिया है। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 6 नवंबर तय की है। इस तारीख पर आरोपी पूर्व जेलर जितेंद्र कश्यप को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना अनिवार्य होगा। कोर्ट में दोनों पक्षों की गवाही और सबूतों की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

**ट्रायल की प्रकिया**

अदालत में सुनवाई के दौरान यह तय किया जाएगा कि आरोपों में कितनी सच्चाई है और किस प्रकार की सजा या कार्रवाई लागू हो सकती है। यह मामला जेल प्रशासन और महिला अधिकारियों से जुड़े मामलों में न्यायिक प्रक्रिया की अहम कड़ी माना जा रहा है। ट्रायल के दौरान सभी साक्ष्य और गवाहों की गवाही को ध्यानपूर्वक सुना जाएगा।

**प्रशासन और महिला सुरक्षा के लिए कदम**

इस मामले को बागपत जेल प्रशासन और महिला अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न और अनुचित व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अदालत की कार्रवाई से यह संदेश भी मिलता है कि सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ शिकायतों की जांच न्यायपूर्ण तरीके से होगी।

# देश की स्वाधीनता में गणेश शंकर विद्यार्थी का रहा अहम रोल : एसपी

**- लेखक और अधिवक्ता भी नही रहे पीछे**

**- पुलिस, चिकित्सा और समाज सेवा सम्मान से भी नवाजा गया**

**समाज जागरण**

**फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुरः अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी व पत्रकार पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती रविवार की सुबह बड़े धूमधाम से मनाई गई। जयंती के अवसर पर सर्वप्रथम जिला पत्रकार एसोसिएशन संघ के पत्रकारों ने सुबह करीब 9:00 बजे शहर के विद्यार्थी चौराहे पर स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी के प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। इसके बाद शहर के ताम्बेश्वर मंदिर के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में विचार गोष्ठी समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी अनूप कुमार सिंह ने शिरकत की। साथ ही विशिष्ट अतिथि की भूमिका में वरिष्ठ पत्रकार संजीव माथुर के साथ एसीएमओ डॉक्टर पीके सिंह भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. सुहेल



अहमद सिद्दीकी ने की तथा संचालन जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष अजय भदौरिया ने की। वहीं कार्यक्रम का समापन अध्यक्षीय संबोधन करते हुए सोहेल अहमद सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम में मौजूद जिले भर के सैकड़ो पत्रकारों को मंचासीन उक्त लोगों ने गणेश शंकर विद्यार्थी के संघर्ष भरे जीवन और उनकी क्रांतिकारी लेखनी की विस्तार से चर्चा करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का मूल मंत्र दिया।

समारोह को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि देश की आजादी में सबसे अहम भूमिका क्रांतिकारी व पत्रकार पुरोधा गणेश शंकर विद्यार्थी की रही। वही बताया कि अंग्रेजों से देश को आजाद कराने में अधिवक्ताओं के साथ लेखकों ने भी अहम रोल अदा किया। उन्होंने इस दौरान पुलिस और पत्रकारों को एक दूसरे का पूरक बताया और लोगों से सहयोग की भी अपील की।

वहीं संघ की तरफ से पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाने वाले कुछ विशेष पुलिस कर्मियों को पुलिस पदक सम्मान से नवाजा गया। इसके साथ ही जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह का गणेश शंकर विद्यार्थी पद्मश्री सम्मान से नागरिक अभिनंदन किया गया तथा डॉक्टरों को चिकित्सा रत्न सम्मान और समाज में अच्छे कार्य और गरीबों की मदद के लिए सव. शिवकुमार पाण्डेय समाज सेवा सम्मान प्रोत्साहित किया गया। इसके अलावा जिले के तीन वरिष्ठ पत्रकारों रवीन्द्र त्रिपाठी, डा. सुनील गुप्ता एवं प्रेम लाल साहू को उत्कृष्ट पत्रकारिता सम्मान तथा नवोदित पत्रकारों में दीपक तिवारी शाह , अनीश सिंह रघुवंशी किशनपुर व अंशू परिहार औंग को गणेश शंकर विद्यार्थी स्मृति सम्मान तथा वरिष्ठ छायाकारों अरुण कुमार व धीरेन्द्र श्रीवास्तव उर्फ धीरू को स्व. दुर्गा प्रसाद स्मृति सम्मान से नवाजा गया।

कार्यक्रम समापन के बाद संघ की ओर से इस वृहद कार्यक्रम के समापन के बाद लंच की भी समुचित व्यवस्था की गई। इस दौरान जिले भर के सैकड़ो मौजूद पत्रकारों के साथ समाजसेवियों ने स्वल्पाहार का विधिवत लुत्फ उठाया।

इस दौरान संघ के महामंत्री आशीष दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमलेश त्रिवेदी, संरक्षक सदस्य प्रेमलाल साहू, मंत्री अवनीश सिंह चौहान, डॉ सुनील गुप्ता, रविंद्र त्रिपाठी, विश्व दीपक अवस्थी, इरशाद सिद्दीकी, आशीष सिंह चंदेल, जावेद अहमद, शैलेश सिंह, खागा तहसील इकाई अध्यक्ष धीरेंद्र बाजपेई महामंत्री निरंजन सिंह, बिन्दकी तहसील महामंत्री राजेंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष राजीव त्रिवेदी, उपाध्यक्ष विष्णु सिंह, मनोज निषाद, बृजेंद्र मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष राहुल तिवारी, रोहित गुप्ता,संजय गुप्ता,कमरूल हसन खान,सुमित त्रिवेदी,नीरज सिंह,दुर्गेश अवस्थी,के एस मिश्र,सुशील जोशी, रामू यादव, नागेन्द्र त्रिपाठी,राजेश सिंह भदौरिया, अरमान, नैज घोषी यस द्विवेदी, मनोज सिंह मोहम्मद हसनैन खान समेत सैकड़ो पत्रकार मौजूद रहे।

# दो युवतियों समेत चार ने फांसी लगाकर दी जान

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत बीते 24 घंटों के अंतराल में दो युवतियों समेत चार लोगों ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के टिकरी मनौटी गांव निवासी लवकुश की 19 वर्षीय पत्नी जूली देवी ने रविवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसी प्रकार बकेवर थाना क्षेत्र के जगजीतपुर पाही गांव निवासी मलखान सिंह की 21 वर्षीय पुत्री राधा देवी शनिवार की शाम खेत गई थी और वहीं जंगल में पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता के अनुसार पुत्री सभी को खाना-पीना खिलाकर बहाने से खेत गई थी। इसी तरह असोथर थाना क्षेत्र के सातो जोगा गांव निवासी स्व0 रघुनाथ का 50 वर्षीय पुत्र दशरथ सिंह घर से खेत जाने के लिए और जंगल में पेड़ पर रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं थरियांव थाना क्षेत्र के चकबरारी बिलन्दा गांव निवासी सरवन लोधी के 30 वर्षीय पुत्र ठाकुरदीन लोधी रविवार की सुबह घर पर उस वक्त फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जब घर के सभी लोग अपने-अपने कामो में व्यस्त थे तभी परिजनों की नजर कमरे में गई तो ठाकुरदीन का शव फंदे पर लटका देख कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों शवों को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# सर्पदंश से महिला की हालत बिगड़ी

**समाज जागरण**

**फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डडिया में रविवार की सुबह खेतों में काम कर रही 22 वर्षीय पुत्री को जहरीले सर्प ने डस लिया जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल लाया



गया। जहां उसकी हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार डडिया गांव निवासी गेंदालाल की पत्नी गुरमीत देवी सुबह खेत में काम कर रही थी। तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

# किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के नेहालपुर साहनी में रविवार की सुबह परिजनों की डांट से क्षुब्ध 15 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार नेहालपुर साहनी गांव निवासी लवकुष की पुत्री सोनम को आज परिजनों ने किसी बात को लेकर डांट-डपट दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे सरकारी एंबुलेंस के जरिए उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया।

# सड़क हादसों में महिला समेत तीन घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के थाना कमासिन निवासी अभिनव की 33 वर्षीय पत्नी आशा देवी बाइक से असोथर रिश्तेदारी में आ रही थी। जैसे ही ये लोग कस्बा के समीप पहुंचे तभी अचानक बाइक के आगे बंदर आ गया। जिस पर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इसी बीच पीछे से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे आशा देवी बुरी तरह घायल हो गई। उधर राधानगर थाना क्षेत्र के खुशवक्तरायनगर निवासी नरेन्द्र मिश्रा का 30 वर्षीय पत्नी शुभम मिश्रा बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था जब वह गाजीपुर थाना क्षेत्र के चुरियानी गांव के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से बुरी तरह घायल हो गया। जबकि सुल्तानपुर घोष निवासी अकबर अपनी 40 वर्षीय पत्नी जानकी के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर खागा दवा लेने जा रहा था तभी ऐरायां मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से जानकी बुरी तरह घायल हो गई जबकि अकबर को मामूली चोटे आई हैं। सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# डिजिटल कनेक्टिविटी का नया मानक बनेगा जेवर एयरपोर्ट

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप बना फ्यूचर-रेडी एयरपोर्ट
- ड्यूल फाइबर नेटवर्क, स्वतंत्र डेटा सेंटर और रियल-टाइम डिजिटल मॉनिटरिंग से लैस
- संपूर्ण एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर एकीकृत नेटवर्क से जुड़ा होगा
- एयरपोर्ट परिसर में लगाया गया है वीडियो सर्विलांस सिस्टम
- सुरक्षा, संचालन और यात्री सुविधा में तकनीकी उत्कृष्टता का बनेगा प्रतीक

लखनऊ, 26 अक्टूबर। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश में डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का नया मानक स्थापित करने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुरूप बनकर तैयार हुआ यह एयरपोर्ट जल्द ही अपनी सेवाएं शुरू कर देगा। यह न केवल देश का सबसे आधुनिक हवाई अड्डा होगा, बल्कि फ्यूचर-रेडी टेक्नोलॉजी सिस्टम से सुसज्जित डिजिटल कनेक्टिविटी का केंद्र भी बनेगा। यह एयरपोर्ट ड्यूल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क से लैस होगा, जिससे डेटा कनेक्टिविटी पूरी तरह निर्बाध और सुरक्षित रहेगी। दो स्वतंत्र डेटा सेंटर अलग-अलग स्थानों पर स्थापित किए जा रहे हैं। संपूर्ण एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर एकीकृत नेटवर्क से जुड़ा होगा। एयरपोर्ट परिसर में वीडियो सर्विलांस सिस्टम लगाया जा रहा है। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट अब सिर्फ उड़ानों का नहीं, बल्कि डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के नए युग का प्रतीक बनने जा रहा है।

**सुरक्षा और सुविधा दोनों का मिलेगा लाभ**

यह एयरपोर्ट किसी पारंपरिक हवाई अड्डे की तरह नहीं, बल्कि एक स्मार्ट, फ्यूचर-रेडी डिजिटल नेटवर्क के रूप में आकार ले रहा है। यहां ड्यूल फाइबर ऑप्टिक कनेक्टिविटी होगी – दो स्वतंत्र नेटवर्क, जो सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी तकनीकी अड़चन के बावजूद डेटा प्रवाह कभी न रुके। दो अलग-अलग स्थानों पर बनाए जा रहे स्वतंत्र डेटा सेंटर पूरे सिस्टम का डिजिटल हृदय होंगे। इनकी मदद से टर्मिनल से लेकर रनवे, पार्किंग से लेकर सुरक्षा तंत्र सब कुछ एकीकृत नेटवर्क से जुड़ा रहेगा। हर गतिविधि, हर मूवमेंट, हर सूचना रियल टाइम में मॉनिटर और नियंत्रित होगी। एयरपोर्ट की दीवारों के पीछे एक और अदृश्य व्यवस्था होगी – वीडियो सर्विलांस सिस्टम। यह सिस्टम एयरपोर्ट के हर कोने पर नजर रखेगा। आगमन और प्रस्थान मार्गों पर लगे लाइसेंस प्लेट रिकग्निशन और ड्राइवर इमेजिंग कैमरे वाहनों की स्मार्ट ट्रैकिंग करेंगे, जिससे सुरक्षा और सुविधा दोनों बढ़ेंगी।

**तीन प्रमुख डिजिटल कंट्रोल हब**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डिजिटल विजन के अनुरूप, एयरपोर्ट में तीन प्रमुख डिजिटल कंट्रोल हब तैयार किए गए हैं। पहला एयरपोर्ट ऑपरेशंस सेंटर (AOC) जो पूरे एयरपोर्ट का मस्तिष्क होगा, जहां से हर गतिविधि का रियल-टाइम कंट्रोल होगा। दूसरा, सिक्योरिटी ऑपरेशंस कंट्रोल सेंटर (SOCC) जो एयरपोर्ट की सुरक्षा पर निरंतर नजर रखेगा। और तीसरा, एयरपोर्ट इमरजेंसी ऑपरेशंस सेंटर (AEOC। यह किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करेगा। डिजिटल कनेक्टिविटी के स्तर पर जेवर एयरपोर्ट को इस तरह डिजाइन किया गया है

# बीमार होमगार्ड की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिलकपुर में चार दिन से बीमार चल रहे 52 वर्षीय होमगार्ड को इलाज के लिए प्रयागराज ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार तिलकपुर गांव निवासी स्व0 पितई का पुत्र ओम प्रकाश होमगार्ड के पद पर तैनात था। बताते हैं कि चार दिन से वह बीमार चल रहा था। आज परिजन उसे इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद जहां परिवार में कोहराम मच गया वहीं सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# इलाज को ले जाते विवाहिता की मौत

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के तौरा गांव में रविवार की सुबह इलाज के लिए ले जा रहे 25 वर्षीय विवाहिता की रास्ते में मौत हो गई। मृतका के पिता का आरोप है कि ससुरालीजनों ने इलाज नहीं करवाया था जिससे उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के सहिली गांव निवासी अवधेश कुमार की पत्नी साधना सिंह सात माह की गर्भवती थी। बताते हैं कि कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। जिस पर चौबीस अक्टूबर को पिता पुत्री को मायके ले आया और आज इलाज के लिए उसको अस्पताल ले जा रहा था तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के पिता ने बताया कि उसने पुत्री की शादी दो मार्च 2025 में की थी। दामाद पुलिस विभाग में है और एक साल से रेप व एससी एसटी एक्ट में निलंबित चल रहा है। उसका आरोप है कि ससुरालीजनों की लापरवाही के चलते उसकी पुत्री की मौत हुई है।

## कृषि विभाग द्वारा पराली न जलाने बारे किसानों को किया जा रहा प्रेरित

- धान की फसल के अवशेष का प्रबंधन पर किसान को मिलेगी 1200 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि
- पराली को खेत में ही मिलाने से बढती है मिट्टी की उर्वरता शक्ति



**समाज जागरण,**

सिरसा/ कालांवाली (सुरेश जोर ासिया) कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की टीमों ने रविवार को गांव झोरडनाली, देसू मलकाना, मल्लेकां, कालांवाली आदि में पहुंच कर किसानों को जागरूक करते हुए पराली प्रबंधन के उपाय बताए। किसानों को बताया कि पराली को खेतों में मिलाकर मिट्टी की सेहत को बेहतर बनाया जा सकता है। इससे न केवल भूमि की उर्वरता बढ़ेगी बल्कि रासायनिक खादों पर खर्च भी कम होगा। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा सुखदेव सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन करने पर किसानों को 1200 रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। सरकार द्वारा पराली प्रबंधन मशीनों पर सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, रोटावेटर और बेलर-कम-रीपर बाइंडर जैसे आधुनिक यंत्र शामिल हैं। किसान इन उपकरणों का उपयोग कर पराली को खेत में ही समेट सकते हैं या उसकी गांठें बनाकर विभिन्न उद्योगों को बेच सकते हैं।
उन्होंने बताया कि पराली जलाने से वातावरण में जहरीली गैसें निकलती हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। धुएं से सांस, आंख और त्वचा संबंधी रोग फैलते हैं। इतना ही नहीं, पराली जलाने से खेत की मिट्टी की उर्वरक क्षमता घट जाती है और उसमें मौजूद उपयोगी कीट व सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं।
इसका सीधा नुकसान अगली फसल की पैदावार में उठाना पड़ता है। किसान पराली को आय का साधन बनाएं, पराली की गांठें बनाकर बिजली संयंत्र, पेपर मिलों और मशरूम उत्पादन इकाइयों को बेचा जा सकता है। इससे किसानों को अतिरिक्त आमदनी होगी और पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा।

## पूर्व मंत्री ठाकुर बीर सिंह की जयंती पर भिवानी में समारोह एवं प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम

सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा — पूर्वजों के आदर्शों से मिलता है प्रेरणा का मार्ग



**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, भिवानी में पूर्व मंत्री स्वर्गीय ठाकुर बीर सिंह की जयंती समारोह बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह ने की, अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, दादरी विधायक सुनील सांगवान, बाढड़ा विधायक उमेद पातुवास, बवानी खेड़ा विधायक कपूर वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक और जयंती संयोजक विक्रम सिंह सहित अनेक गणमान्य नेता मंचासीन रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत स्व. ठाकुर बीर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद मंच से वक्ताओं ने उनके योगदान को याद किया। सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह ने कहा कि ठाकुर वीर सिंह न केवल हरियाणा के प्रखर समाजसेवी थे बल्कि उन्होंने सहकारिता मंत्री और हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन रहते हुए शिक्षा और सहकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए। सांसद ने कहा कि हमें अपने पूर्वजों और महापुरुषों को समय-समय पर याद करते रहना चाहिए, क्योंकि उनके कार्य और विचार हमें राष्ट्रसेवा और समाजहित के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## श्री बालाजी धाम डोभ पर भव्य संकीर्तन एवं पहुँची 60वीं पैदल ध्वजा यात्रा

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी, भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गाँव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 10 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती हैं धाम पर संकीर्तन, स्वास्थ्य जाँच शिविर व कढ़ी चावल भंडारा लगाया जाता हैं आज का कढ़ी चावल भंडारा अशोक खुराना नायब तहसीलदार द्वारा किया गया
श्री दुर्गा भवन मंदिर से ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा कि शुरूआत की जाती हैं सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुये श्री बालाजी धाम डोभ पहुँचे
रास्ते में दो जगह पड़ाव होता हैं पहला पड़ाव नजदीक खुशबू गार्डन के सामने (जगदम्बा ट्रेक्टर हाउस के द्वारा चाय नास्ता का प्रबन्ध किया जाता हैं) रास्ते में दुसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने भिवानी रोड पर होता हैं मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती हैं
प्रत्येक रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाता हैं जिसमे आंख जाँच, दांत जाँच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता हैं सभी दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं आज स्वास्थ्य जाँच शिविर का सुभारम्भ सतीश जांगड़ा बालाजी डेयरी हिसार रोड रोहतक द्वारा किया गया साथ ही बालाजी महाराज का सुन्दर संकीर्तन हुआ जिसमे,सुनील कौशिक और अमन कौशिक द्वारा सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया साथ ही रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर सुन्दर झाकियों प्रस्तुत की गई

इस अवसर पर मुख्य रूप हर्षित कोचर, नवीन तनेजा, विनोद गुप्ता, चरनजीत पहावा,रमेश गाँधी,बलदेव राज कात्याल ,वंश, सैंटी, खुशाल, सुनील निमड़ी, पंडित नरेश कौशिक ,अमित कौशिक एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे

## जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा लोहारू उपमंडल के गांव बहल व सोहासड़ा के पंचायत घरों में नवंबर माह के लिए विलेज लीगल केयर एंड सपोर्ट सेंटर किए गए स्थापित

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल,। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा लोहारू उपमंडल के गांव बहल व सोहासड़ा के पंचायत घरों में नवंबर माह के लिए विलेज लीगल केयर एंड सपोर्ट सेंटर स्थापित किए गए हैं। इन लीगल पॉली क्लिनिक में सायं दो बजे से पांच बजे तक पैनल अधिवक्ता और अधिकार मित्र (पीएलवी) प्रत्येक रविवार लोगों को कानूनी सेवाएं दी जाएगी। उपमंडल कानूनी सेवाएं समिति के अध्यक्ष एवं एसीजे एसडी देवेंद्र सिंह द्वारा जारी आदेशों के तहत गांव सोहासड़ा तथा बहल के पंचायत घरों में नवम्बर माह के दौरान दोपहर बाद 2 बजे से 5 तक प्रत्येक रविवार को पैनल अधिवक्ता कानून रूप से जागरूक करने के लिए अपनी सेवाएं देंगे।जरूरतमंद व्यक्ति को नालसा व कानूनी प्राधिकरण की स्कीमों की जानकारी देंगे।कानूनी जागरूकता शिविरों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इन गांव के विलेज लीगल केयर और स्पोर्ट्स सेंटर में पैनल अधिवक्ता, अधिकार मित्र (पीएलवी ) प्रत्येक रविवार को अपनी सेवाएं देंगे।

## भाजपा मंडल बहल के भाजपा कार्यकर्ता व कस्बा क्षेत्र वासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को सुना

**दैनिक समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल,। भाजपा मंडल बहल के भाजपा कार्यकर्ता व कस्बा क्षेत्र वासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को सुना। जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा व मंडल अध्यक्ष सुनील सांगवान सिरसी ने स्थानीय भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात के 127वें एपिसोड का प्रसारण को सुना और 7 नवंबर के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने यादगार बनाने, जीएसटी बचत उत्सव तथा सरदार पटेल के 150वीं जयंती पर रन फार यूनिटी सहित विभिन्न विषयों सहित मन की बात की। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में देशवासियों को छठ पूजा की बधाई संदेश देकर कार्यकताओं के मन को गदगद होते दिखाई दिए। कार्यक्रम उपरांत जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा ने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री मोदी की योजना को विकासोन्मुख बताया और कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि हर महीने मौजूदा विषयों व योजनाओं को स्वयं प्रधानमंत्री आम लोगों से साझा करते आ रहें हैं। मंडल प्रधान सुनील सांगवान सिरसी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 7 नवंबर को राष्ट्रीय गीत के 150 वर्ष पूर्ण को यादगार बनाने व सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर जैसे पार्टी हाईकमान के निर्देश मिलेंगे मंडल भाजपा स्वाया करने का प्रयास करेगा।
इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुनील सांगवान सिरसी, जिला सचिव डा. विजेंद्र कस्वां, प्रमिला, रूघवीर भांभू, मंडल महामंत्री दीपक शर्मा, मा. संतराम, रामसिंह सहित अनेकों लोग व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विजीलैंस ब्यूरो पंजाब विजीलैंस जागरूकता सप्ताह-2025 मनाएगा: विनोद कुमार डी.एस.पी.

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो, ;पंजाब सरकार और निदेशक विजीलेंस ब्यूरो, पंजाब के दिशा-निर्देशों के तहत, श्री प्रवीण कुमार सिन्हा, आई.पी.एस, सतर्कता ब्यूरो, पंजाब द्वारा 27 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2025 तक पूरे राज्य में "सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025" मनाया जाएगा। इस वर्ष का विषय है, "सतर्कता हमारी साझा ज़िम्मेदारी है"। इस सप्ताह के दौरान, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत राज्य भर में विभिन्न शैक्षिक, जागरूकता और प्रेरक गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। श्री मनजीत सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सतर्कता ब्यूरो, फिरोजपुर रेंज के नेतृत्व में, पूरे रेंज में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। सप्ताह के दौरान, सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रतिबद्धता की शपथ दिलाई जाएगी। इसके साथ ही युवा पीढ़ी को सेमिनार, वर्कशॉप, पेंटिंग व निबंध मुकाबले, भाषण और प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों के माध्यम से भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। श्री विनोद कुमार डी.एस.पी. विजिलेंस ब्यूरो फरीदकोट ने कहा कि सच्चाई और ईमानदारी किसी भी समाज की मजबूत नींव होती है। पंजाब सरकार का उद्देश्य है कि सभी नागरिक इस अभियान से जुड़ें और एक ईमानदार और पारदर्शी प्रशासन बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए एक विशेष अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें नागरिकों को भ्रष्टाचार की घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान विजिलेंस ब्यूरो लोगों को उनके अधिकारों, शिकायत प्रक्रिया और विजिलेंस ब्यूरो की भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। विजिलेंस ब्यूरो ने सभी नागरिकों, सरकारी अधिकारियों, छात्रों और शैक्षणिक संस्थानों से इस जागरूकता सप्ताह में सक्रिय रूप से भाग लेने और पंजाब को भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाने के लिए एक साझा जिम्मेदारी निभाने की अपील की है।

## शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा शहीदी नगर कीर्तन आयोजित करने का उद्देश्य गुरु साहिब की शहादत की अवधारणा को दुनिया तक पहुंचाना है : एडवोकेट धामी

एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, जत्थेदार कुलदीप सिंह गडगज, परमजीत सिंह सरना और मनजीत सिंह जीके सहित प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया

**रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**



जैतो, : नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी शताब्दी के उपलक्ष्य में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा असम से शुरू किए गए देशव्यापी शहीदी नगर कीर्तन का पिछले पांच दिनों से देश की राजधानी दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर संगत ने जोरदार स्वागत किया। यह नगर कीर्तन कई राज्यों से होता हुआ 22 अक्टूबर को दिल्ली पहुंचा था और उसके बाद शहर के विभिन्न हिस्सों में 4 दिनों तक संगत को दर्शन देने के बाद आज गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब से रवाना हुआ। दिल्ली में आज के नगर कीर्तन में शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी, तख्त श्री केसगढ़ साहिब के जत्थेदार और श्री अकाल तख्त साहिब के कार्यवाहक जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गर्गज, शिरोमणि अकाली दल दिल्ली इकाई के अध्यक्ष परमजीत सिंह सरना और दिल्ली कमेटी के पूर्व अध्यक्ष मनजीत सिंह जीके सहित प्रमुख हस्तियों ने नगर कीर्तन में भाग लिया। गुरुद्वारा श्री रकाब गंज साहिब से रवानगी के समय आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि नौवें गुरु की शहादत के शताब्दी वर्ष को समर्पित यह नगर कीर्तन जैसे-जैसे कदम दर कदम आगे बढ़ रहा है, संगत का उत्साह भी बढ़ रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में श्रद्धालुओं ने जिस तरह नगर कीर्तन का स्वागत किया, वह गुरु साहिब के प्रति उनके सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी का उद्देश्य गुरु साहिब की शहादत की अवधारणा को दुनिया तक पहुँचाना था और इस नगर कीर्तन को इसमें सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि जहाँ सिख श्रद्धालु नगर कीर्तन का हिस्सा बन रहे हैं, वहीं अन्य धर्मों के लोग भी गुरु साहिब के प्रति श्रद्धा प्रकट कर रहे हैं। उन्होंने सभी धर्मों के लोगों से नवंबर में श्री आनंदपुर साहिब में आयोजित होने वाले शहीदी शताब्दी समारोह में शामिल होने की अपील भी की। इस अवसर पर जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गरगज्ज ने कहा कि शिरोमणि कमेटी की इस पहल से गुरु इतिहास का संदेश पूरी दुनिया में गया है। उन्होंने कहा कि नौवें गुरु ने दूसरों के धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान देकर जो इतिहास रचा, वह कहीं और नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि नगर कीर्तन के स्वागत के लिए राजधानी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दशार्ती है कि दिल्ली में आज भी सिख धर्म का बोलबाला है। विभिन्न मंदिरों के प्रबंधकों द्वारा नगर कीर्तन के स्वागत के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा भाईचारा हमेशा बना रहेगा। गुरुद्वारा साहिब में सजाए गए धार्मिक हॉल में श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन किया तथा सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी बलजीत सिंह ने भी नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत का इतिहास श्रद्धालुओं के साथ साझा किया। इस अवसर पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स. परमजीत सिंह सरना और मनजीत सिंह जीके, शिरोमणि कमेटी के सदस्य गुरमिंदर सिंह मथाडु, हरमनजीत सिंह, ओएसडी सतबीर सिंह धामी, अमृतपाल सिंह कुलार, उप सचिव सुखबीर सिंह, राजस्थान के सिख नेता तेजिंदरपाल सिंह टिम्मा, अतिरिक्त प्रबंधक जसबीर सिंह, करतार सिंह चावला, जतिंदर सिंह सोनू, कुलविंदर सिंह मौजूद रहे। सिंह, स. तरजीत सिंह नागी, हरभजन सिंह भल्ला, गुरुमीत सिंह कोहली, हरदीप सिंह, गगनदीप सिंह, महिंदर सिंह, जगजीत सिंह, हरविंदर सिंह काबुलनगर, इकबाल सिंह मंडोली, अमरप्रीत सिंह सन्नी, बीबी जसबीर कौर, परनीत सिंह रेखी, इंदरपाल सिंह, करमजीत सिंह, अमन सिंह भाटिया, सुपरवाइजर दर्शन सिंह, भूपेंद्र सिंह, मोहनदीप सिंह,मिलखा सिंह, हरप्रीत सिंह जंडियाला,उप मैनेजर अमरजीत सिंह, जगदीप सिंह माछीवाडा,सिख मिशन दिल्ली के इंचार्ज मनवीत सिंह, जसबीर सिंह जस्सी,, सुरेंद्र पाल सिंह समाना, सरबजीत सिंह रमदास, प्रचारक भाई प्रभ सिंह समेत बड़ी संख्या में संगत उपस्थित थीं।

## फरीदकोट ज़िले में कल शाम तक 327668 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई-डीसी पूनमदीप कौर

किसानों को अब तक 660.88 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**



फरीदकोट, : उपायुक्त श्रीमती पूनम दीप कौर ने बताया कि ज़िले में धान की खरीद, उठान और भुगतान का काम लगातार जारी है और किसानों को मंडियों में किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कल शाम तक ज़िले की मंडियों में 342295 मीट्रिक टन धान की आवक हुई, जिसमें से 327668 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है। उन्होंने बताया कि कल शाम खरीदे गए धान में से पनग्रेन द्वारा 130236 मीट्रिक टन, मार्कफेड द्वारा 94593.81 मीट्रिक टन, पनसप द्वारा 61654 मीट्रिक टन, पंजाब राज्य गोदाम निगम द्वारा 40986 मीट्रिक टन और निजी व्यापारियों द्वारा 198 मीट्रिक टन धान खरीदा गया। उन्होंने बताया कि अब तक किसानों को 660.88 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। डिप्टी कमिश्नर ने जिले के सभी किसानों से अपील की कि वे धान की पराली व अन्य अपशिष्ट को न जलाएं और अगर कोई किसान उनके आस-पास आग लगाता है तो उसे रोकें और जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण लगातार प्रदूषित हो रहा है और कई प्रकार की भयानक बीमारियां होती हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हैं। अगर ऐसा कोई मामला सामने आता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे मंडियों में केवल सूखा धान ही लेकर आएं ताकि उन्हें फसल बेचने में कोई दिक्कत न आए।

## योगेश मणी सिंगला जिम्मी की 8वीं पुण्यतिथि पर 57 पुरुष, महिलाओं द्वारा किया गया रक्तदान

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो प्रमुख पंजाब व हरियाणा)**



डबवाली,: उत्तर भारत की प्रसिद्ध मानवता को समर्पित संस्था युवा रक्तदान सोसायटी द्वारा संस्था के संस्थापक सुरेंद्र सिंगला के पुत्र स्व. योगेश मणी सिंगला जिम्मी की 8वीं पुण्यतिथि पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, एसएस जैन सभा के सहयोग से स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में 136वें रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से 57 पुरुष/महिलाओं ने रक्तदान किया। संस्था के अध्यक्ष सर्वप्रीत सेठी ने बताया कि शिविर में स्थानीय ब्लड बैंक सामान्य अस्पताल के प्रभारी डा. हरसिमरन सिंह के सानिध्य में पहुंची आठ सदस्यीय टीम द्वारा स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले सभी रक्तदानियों से स्वेच्छिक रक्तदान करने के लिए फार्म भरवाने उपरांत उनसे रक्तदान करवाया गया। सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्था के संस्थापक सुरेंद्र सिंगला, उनके भाई प्रदीप सिंगला, भान्जा, पुष्पेंद्र गुप्ता गंगा ने शिविर में रक्तदान करने वाले एवं सहयोग करने वाले सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय संरक्षक सदस्य प्रीतम बांसल, पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ गर्ग, कोषाध्यक्ष रूपिंद्र गोयल, शाखा सचिव मदन लाल गर्ग, प्रवीण गर्ग, जैन वर्धमान युवक मंडल के अध्यक्ष दीपक जैन, एसएस जैन सभा के महामंत्री मुकेश जैन, अमरीश राजा, दीपक जैन चीनू, विख्यात उद्योगपति लाभ सिंह, विजय वधवा, वरुण सिंगला, प्रवीण सिंगला, एनपी स्कूल के डायरेक्टर वेद भारती, परमजीत कोचर, वीके क्लासेज के विकास बिश्नोई, हरदेव गोरखी, टीकम जग्गा, प्रोपर्टी डीलर कमल सेठी, नीरज जिंदल, मास्टर नवीन नागपाल, प्रेम सिंह सेठी, राकेश गर्ग भीटीवाला, संतोष शर्मा, अग्रवाल सभा के उपाध्यक्ष सुनील गर्ग काला, मुकेश ग्रोवर, सुदेश आर्य, राम गोपाल मित्तल, सेठ सुरेश मित्तल, प्रदीप भुच्चो, कृष्ण गर्ग बीकेओ, मुकेश ग्रोवर, तरसेम गर्ग, संदीप गोयल, राजकुमार नरूला ठेकेदार, प्रवीण गर्ग, डा. दीपक वधवा, जॉनी जग्गा, अजय गंगवार सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं शहरवासियों ने पहुंचकर सभी रक्तवीरों का उत्साह बढ़ाया।

## केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन ने त्रिशूर में एनएफडीपी के तहत मत्स्य पालन सहायता कार्यक्रम में सक्रिय पंजीकरण का आह्वान किया

केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री श्री जॉर्ज कुरियन ने मत्स्यपालन क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से बीमा कवरेज और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय मत्स्यपालन विकास कार्यक्रम (एनएफडीपी) के तहत सक्रिय रूप से पंजीकरण कराने का आग्रह किया। वे आज त्रिशूर में आयोजित मत्स्य पालन सहायता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री महोदय ने इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रीय मत्स्य विकास कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मछुआरा समुदाय से जुड़े लोगों तक अधिक से अधिक लाभ पहुँचे।
मंत्री महोदय ने मत्स्य उद्योग क्षेत्र में केन्द्र सरकार की नीतियों के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग देने के लिए केरल सरकार की सराहना की। अवसंरचना विकास में हुई प्रगति पर प्रकाश डालते हुए श्री कुरियन ने कहा कि दोनों सरकारों के संयुक्त प्रयासों से कई मछली पकड़ने वाले बंदरगाहों का पुनर्विकास किया गया है। मंत्री महोदय ने यह भी बताया कि मछली पकड़ने वाले बंदरगाहों के विकास के लिए कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।



मंत्री महोदय ने बताया कि केरल के नौ एकीकृत तटीय गाँवों को विकास के लिए चुना गया है। उन्होंने बताया कि इन गाँवों में प्रसंस्करण केंद्र, कियोस्क और सामुदायिक केंद्र जैसी सुविधाएँ स्थापित की जाएँगी। जलवायु-अनुकूल और तकनीक-आधारित मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाई गई इन परियोजनाओं को केंद्र सरकार द्वारा 2 करोड़ रूपए के आवंटन के साथ पूरी तरह से वित्त पोषित किया जाएगा। मंत्री महोदय ने यह भी बताया कि राज्य सरकार लाभार्थी गाँवों की पहचान करेगी।
मंत्री महोदय ने इस बात पर भी जोर दिया कि हमें मत्स्य उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काम करना होगा। उन्होंने कहा, "भारत आज मछली उत्पादन और प्रसंस्करण में दुनिया भर में दूसरे स्थान पर है, जो हमारे मछुआरों और मत्स्यपालकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।"
उन्होंने यह भी कहा कि सरकार मत्स्यपालकों की सहकारी समितियों को सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित करती है कि उन्हें कल्याणकारी और विकास योजनाओं के अंतर्गत उचित लाभ मिले।
अपने समापन संबोधन में मंत्री महोदय ने कहा कि भारत की ताकत उसकी एकता में निहित है और उन्होंने इस क्षेत्र के सभी लोगों से कड़ी मेहनत करने और 2047 तक प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान देने का आग्रह किया।
आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न कल्याण और आजीविका वृद्धि योजनाओं के बारे में मछुआरों और मछुआरों के बीच जागरूकता पैदा करना और टिकाऊ मत्स्य पालन प्रथाओं को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान, श्री जॉर्ज कुरियन ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), ट्रांसपोंडर और एनएफडीपी पंजीकरण प्रमाण पत्र वितरित किए, और मछुआरों और मछली किसानों के साथ बातचीत की ताकि उनकी चुनौतियों को समझा जा सके और केरल के मत्स्य पालन और जलीय कृषि क्षेत्रों को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की जा सके। यह कार्यक्रम मंत्री और हितधारकों के बीच सीधे संपर्क के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करता है, जिससे भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग के अंतर्गत प्रमुख लाभों के वितरण में सुविधा होती है।

## मन की बात" कार्यक्रम के 127 वें संस्करण को अजगरा विधायक टी0राम ने सम्मानित जनो संग सुनी ,कराया दायित्वबोध

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 127 वे संस्करण"मन की बात" के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के आरंभ में छठ महापर्व की महिमा की चर्चा करते हुए पूरे देश को बधाई दी तथा आगामी 7 नवंबर को वन्दे मातरम गीत के 150 वी जयंती को पूरे देश को मनाने के लिए प्रेरित किया तथा स्वच्छता अभियान के तहत प्लास्टिक लाने पर खाना खिलाने व सरदार पटेल व भगवान बिरसा मुंडा जी की चर्चा तथा हैदराबाद के रजाकारों से संघर्ष की चर्चा तथा भारत के दक्षिण में काफी के खेती की चर्चा की।



आयर मण्डल के बूथ संख्या 199 पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने चर्चा बिंदु पर सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति कार्यकर्ताओ को सजग रहते हुए दायित्व निर्वहन के प्रति सचेत किया और कार्य से पहचान पर जोर दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र पटेल, रविन्द्र सिंह, रामप्रकाश सिंह 'बीरू' ,हरहुआ भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा'अजय मिश्रा,विजय राजभर ,अरुरेन्द्र सिंह, सुनील पटेल, नीरज पांडेय, नीलू सिंह ,गौरव चौबे ,चन्दन पाल, गोलू पटेल सहित तमाम समाजसेविजनो की उपस्थिति रही।

## सही लेखांकन प्रक्रिया पर ही निर्भर होती है समूहों की सफलता : विमल कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। स्वयं सहायता समूहों में सही लेखांकन की प्रक्रिया जरूरी होती है क्योंकि इसी पर समूहों की सफलता निर्भर होती है।



उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों से चयनित लेखपाल (बुक कीपर) का स्वयं सहायता समूह की अवधारणा एवं प्रबंधन विषयक तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के अभिलेखों का रख रखाव करने में प्रशिक्षित बुक कीपर दीदियों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन दिवसों में डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स पर्सन निर्मल व अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा प्रतिभागियों को स्वयं सहायता समूह की अवधारणा तथा उसके प्रबंधन के बारे में और लेखांकन क्या होता है एवं लेखांकन की प्रक्रिया तथा समूहों में तैयार की जाने वाली पुस्तकों मुख्य रूप से कार्यवाही पुस्तिका, बचत पुस्तिका, ऋण पुस्तिका व मासिक प्रतिवेदन आदि के बारे में जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद वाराणसी के विकास सेवापुरी से चयनित 68 बुक कीपर दीदियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर सत्र प्रभारी संजय कुमार द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

समापन अवसर पर सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, अजीत कुमार, संगीता, वर्षा, सोनाक्षी, सीता, मिनिका, नगीना, रेखा, प्रेमा, प्रेमशिला, जरीना, राधा, प्रमिला, बिन्दु, बबिता, सीमा, सुमन आरती आदि की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्त में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट व ग्रुप फोटो देकर जिला प्रशिक्षण अधिकारी द्वारा सत्र का समापन किया गया।

## विधायक ने ग्रामीणों संग सुनी मन की बात

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। पिंडरा विस क्षेत्र के ग्राम सभा कछियां में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' को ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं ने सुना ।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ0 अवधेश सिंह ने कहाकि मन की बात' कार्यक्रम ने हमें राष्ट्र निर्माण,समाज सेवा और स्थानीय विकास के प्रति अपनी भूमिका को और मजबूती से समझने की प्रेरणा दी।

इस दौरान मण्डल प्रभारी ओमप्रकाश पटेल, मण्डल अध्यक्ष सुनील दत्त वर्मा ,अवधेश मिश्रा,ग्राम प्रधान सुरेंद्र पटेल , शैलेश मिश्रा,छोटेलाल पटेल,चंद्रभान पटेल ,ऊदल पटेल समेत लोग रहे।

इसके अलावा सिंधोरा में भी ग्रामीणों व व्यापारियों ने मन की बात को सुनी। इस दौरान जिला मंत्री महेश मधुकर, बूथ अध्यक्ष निशांत जायसवाल, सलमान शेख,भैया लाल राजभर, सिंधोरा उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष धनंजय मोदनवाल (सोनू) महामंत्री सुबाष चन्द्र गुप्ता,सूचना मंत्री किशन सिंह,छागुर राजभर, विकास सोनी, दीपक साहू समेत अनेक लोग रहे।

## दुर्व्यवस्थाओं के बीच वरुणातट की छठ पूजा प्रारंभ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। फूलवरिया क्षेत्र के मशीनीबीर घाट पर भी छठ महापर्व की शुरूआत हो चुकी है। वरुणा यहां जहरीले नाले में तब्दील हो चुकी है। उसमें व्रती महिलाएं डुबकी लगाने से डरती हैं। 15 हजार भक्तों के लिए यहां न पक्की सड़क है, न शुद्ध पेयजल, न ही बिजली की रोशनी और न एनडीआरएफ की तैनाती होती है। जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के चलते आस्था के इस तट पर आस्था का हर वर्ष दुर्व्यवस्थाओं से संघर्ष दिखता है। मशीनीबीर बाबा मंदिर के बगल में डाला छठ पूजनोत्सव समिति के सदस्यों के साथ बातचीत में अपने अनुभव साझा किए। बोलीं, पौराणिक महत्व की वरुणा का पानी आचमन करने योग्य भी नहीं रह गया है। इस कारण



महापर्व छठ की परंपरा प्रभावित हो रही है। इस घाट पर एनडीआरएफ की बोटिंग हार्वेस्टिंग कभी नहीं होती। न सीढ़ियां, न बिजली, न शुद्ध पानी।

**वरुणा नदी अब परंपरा निभाना भी कठिन**

लोग ने बताया कि हम घर से ही स्नान करके आते हैं। नदी के किनारे खड़े होकर केवल परंपरा का निर्वहन करते रहे हैं। अब गंदगी के चलते परंपरा का निर्वहन भी संभव नहीं हो पा रहा है।

**आस्था तट पर गंदगी का ग्रहण**

लोगों ने कहा कि घाट से सटा एक किलोमीटर लंबा गंदा नाला इस महापर्व की पवित्रता को दूषित करता है। नाला पूरे क्षेत्र का मलजल वरुणा नदी में गिराता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि नाला के जरिए मरे हुए पशु भी बहते हुए नदी में पहुंचते हैं।

## वाजिदपुर रिंग रोड पर तेल टैंकर की टक्कर से पति-पत्नी घायल, पत्नी की हालत गंभीर

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत वाजिदपुर स्थित रिंग रोड चौराहे पर रविवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार तेल टैंकर ने बाइक सवार दंपती को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि पति को मामूली चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार, रामनरेश (50 वर्ष) निवासी गौरा मातलदेई, थाना राजातालाब, अपनी पत्नी गीता देवी (45 वर्ष) के साथ बाइक से शिवपुर अपने साले से मिलने जा रहे थे। जब वे वाजिदपुर रिंग रोड चौराहे पर पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार तेल टैंकर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर पड़े और गीता देवी टैंकर की चपेट में आ गईं। उनके दोनों हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोटें आईं, जबकि रामनरेश को हल्की चोट लगी है।

हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद ट्रैफिक उपनिरीक्षक राकेश कुमार वर्मा ने स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सातोंमहुआ स्थित लक्ष्मी हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर भेजवाया, जहां गीता देवी की हालत गंभीर बनी हुई है।

इस संबंध में हरहुआ चौकी प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि तेल टैंकर और उसके चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। यह हादसा एक बार फिर रिंग रोड पर तेज रफ्तार वाहनों से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर गया है।

## सरदार पटेल की 150वी जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनेगी त्रिभुवन राम, विधायक।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। अजगरा विधायक त्रिभुवन राम ने नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ए0 के0 शर्मा के निर्देशों का हवाला देते हुए हरहुआ क्षेत्र के आयर में कहा कि भाजपा 31 अक्टूबर को सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनेगी। प्रमुख कार्यक्रम 31 अक्टूबर को 'रन फार यूनिटी' होगा जिसमें हर वर्ग के लोग भाग लेंगे। विधानसभा वार विविध कार्यक्रम और स्वदेशी अभियान को बढ़ावा मिलेगा।



जब देश आजाद हो रहा था तब अंग्रेजों ने भारत को कई हिस्सों में बांटने की साजिश रची थी। सरदार पटेल ने 563 रियासतों का भारत गणराज्य में विलय कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया। इसलिए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए पीएम द्वारा 11 वर्षो से हर साल 31अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता के रूप में मनाया जाता है।

विविध कार्यक्रमों में बिद्यालयों में निबंध लेखन,भाषण ,चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता होगी।जो एकता अखंडता का सन्देश दिया जाएगा। प्रेसवार्ता में एलएलसी अरुण पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि व सहमीडिया प्रभारी सन्तोष सोलपुरकर ने भव्य रूप से सरदार पटेल की 150 वी जयंती मनाने का संकल्प लिया।

हरहुआ के आयर ग्राम पंचायत में प्रमुख रूप से भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रामप्रकाश सिंह 'बीरू' कपिलनारायन पांडेय, जिला पंचायत सदस्य गौतम सिंह व अंजनी नन्दन पांडेय,पूर्व जिला पंचायत सदस्य अखिलेश सिंह,शैलेन्द्र पटेल, प्रधान सूर्यप्रकाश मौर्य'भीम' ,मोहन बाबू, विनोद सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## डूबते सूर्य को अर्घ्य के साथ छठ पूजा प्रारंभ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। लोक आस्था व सूर्योपासना का महापर्व छठ शनिवार को 'नहाय-खाय' के साथ शुरू हो गया। रविवार को व्रती महिलाएं 'खरना' रखी। इसके अगले दो दिनों तक भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया जाएगा। सोमवार को अस्ताचलगामी तथा मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने



व व्रती महिलाओं के पारन करने के साथ ही छठ महापर्व संपन्न हो जाएगा।चार दिनों तक चलने वाले महाकठिन व्रत की नहाय-खाय से महिलाओं ने शुरूआत की। इसके पहले व्रती महिलाओं ने घरों की साफ-सफाई की। इसके बाद उन्होंने घरों के साथ ही रामेश्वर वरुणा नदी अन्य जलाशयों में स्नान किया और अरवा चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी का प्रसाद बनाकर पूजन अर्चन किया।वही रविवार को रामेश्वर वरुणा घाट पर क्षेत्र के बरेमा,हिरमपुर, जग्गपट्टी, खेवली रसूलपुर सहित अन्य गांव की महिलाओं ने आज पूजन किया।साथ ही खरगूपुर गांव स्थित तालाब में पहुंची महिलाओं ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया।

## आत्मा अजर और अमर है वह अपने किए गए कर्मो के अनुसार नवीन शरीर धारण करती है -जितेंद्र आर्य

### अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन में तिलहर तहसील से पहुंचेंगे 500 आर्य समाजी

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर / तिलहर आचार्य जितेंद्र सिंह आर्य ने कहा कि आत्मा अजर ,अमर और अविनाशी है वह अपने किए गए कर्मों के अनुसार नवीन शरीर को धारण करती है। रविवार को आर्य समाज में विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए श्री आर्य ने कहा कि कर्मशील जीवात्मा अमृत के समान है शरीर के मृत होने पर शरीर जलता है आत्मा नहीं, इसलिए जब जीवात्मा शरीर से अलग जाए तब शरीर को भस्म कर देना चाहिए। कहा कि अग्नि में भेदक शक्ति है वह सभी तत्वों को यथावत कर देती है और सभी तत्व मूल कारण में विलीन हो जाते हैं। मंत्री लोकेश आर्य ने आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानन्द सरस्वती द्वारा लिखित श्रीमद दयानंद प्रकाश और सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक को पढ़कर सुनाते हुए लोगों से वैदिक मार्ग पर चलने का



आवाहन कया। डॉ गिरीशचंद्र शर्मा और कृष्ण मुरारी ने ईश्वर भक्ति के भजन सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक यज्ञ के साथ किया गया। इस अवसर पर दासीराम आर्य, बाबा शंभू नाथ आर्य, ओम शंकर आर्य, रविंद्र आर्य सहित तमाम श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन दिल्ली के लिए तिलहर तहसील से लगभग 500 आर्य बंधु प्रस्थान करेंगे आर्य समाज के मंत्री लोकेश आर्य ने बताया कि 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक दिल्ली के रोहिणी पार्क में आयोजित होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय और महासम्मेलन में भाग लेने के लिए तिलहर तहसील क्षेत्र से विभिन्न जत्थों में लगभग 500 आर्य जन प्रस्थान कर रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से आर्य समाज तिलहर, तहसील आर्यसभा, गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर, आर्यवीर दल सहित अन्य वैदिक धर्मी अपनी अपनी टोली के रूप में भाग ले रहे हैं। श्री आर्य बताया कि 31 अक्टूबर को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में देश के तमाम राजनेता संत महात्मा सहित लगभग 40 देशों से आर्य समाजी यहां भाग लेने आ रहे हैं। श्री आर्य ने लोगों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

## धान खरीद में फजीर्वाड़ा रोकने को एसडीएम पुवायां सख्त

- लेखपाल को जारी किया स्पष्टीकरण नोटिस
- जनपद में अब तक 13,019 किसानों का पंजीकरण, 7,919 का सत्यापन
- फर्जी सत्यापन पर होगी कड़ी कार्रवाई


कार्यालय उपजिलाधिकारी पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर।
स्पष्टीकरण

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर। धान खरीद सत्र के दौरान प्रशासन ने इस बार फर्जी सत्यापन पर नकेल कसने की ठान ली है। पुवायां तहसील में संदिग्ध भूमि सत्यापन की शिकायत पर एसडीएम चित्रा निर्वाल ने सख्त रुख अपनाते हुए लेखपाल ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को स्पष्टीकरण नोटिस जारी किया है। एसडीएम ने चेतावनी दी है कि किसी भी स्तर पर फजीर्वाड़ा पकड़ा गया तो संबंधित कर्मचारियों पर विभागीय कार्रवाई तय है। जानकारी के मुताबिक जनपद में अब तक 13,019 किसानों का पंजीकरण और 7,919 का सत्यापन हो चुका है। इनमें से 1,214 किसानों से अब तक धान की खरीद की गई है। पुवायां तहसील में सर्वाधिक 9,242 किसानों का पंजीकरण और 5,933 का सत्यापन हुआ है, जबकि 815 किसानों से धान खरीदा गया है। वहीं कलान तहसील में सबसे कम पंजीकरण और सत्यापन दर्ज किया गया है। पिछले वर्षों में धान खरीद के नाम पर फर्जी सत्यापन की शिकायतें आम रही हैं। भूमिहीन व्यक्तियों के नाम पर माफिया फर्जी पंजीकरण कराकर मात्र 20 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से भूमि सत्यापन करवा लेते हैं और कागजों पर बड़ी खरीद दिखाकर लाभ कमाते हैं। बताया जा रहा है कि इस बार भी कुछ धान माफिया तिलहर तहसील का चक्कर काट रहे हैं, ताकि पुराने नेटवर्क के जरिए फर्जी सत्यापन करवा सकें। इस बार शासन ने प्रक्रिया में बदलाव करते हुए ऑनलाइन भूमि सत्यापन को अनिवार्य कर दिया है। अब लेखपालों को भूमि का ऑनलाइन सत्यापन करना होगा, जिसके बाद एसडीएम या एडीएम के डोंगल से अंतिम अनुमोदन होगा। इसका उद्देश्य फजीर्वाड़े पर पूरी तरह रोक लगाना है।

एसडीएम चित्रा निर्वाल ने बताया कि फर्जी सत्यापन से असली किसानों को नुकसान होता है। इसलिए किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लेखपाल को तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है।

## जरूरतमंद लोगों की सेवा सबसे बड़ा धर्म-डंपी तिवारी (बाबा)

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जिले के पांडेयपुर निवासी मिशन समाज सेवा राष्ट्रीय



अध्यक्ष डंपी तिवारी बाबा ने जौनपुर के तिलंगा गांव के नेत्रहीन रोहित कुमार को रविवार को ट्राई साइकिल देते हुए उनकी मदद किया।ट्राई साइकिल मिलने के बाद रोहित ने कहा अब हमे कही आने जाने में काफी आसान हो जाएगी। हमने तो भगवान को नहीं देखा है लेकिन मेरे लिए भगवान का ही रूप है डंपी भैया जो सदैव क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों की मददत करते रहे है इसी आस से उनके पास आया था।वह बिना भेदभाव के मददत करते हुए भविष्य में सहयोग करने की बात कही है,जो सुन कर बहुत अच्छा लगा।डंपी तिवारी बाबा ने कहा भगवान ने शायद हम सबको मनुष्य इसी लिए बनाया है कि जरूरतमंद लोगों की मददत कर सके । मेरे से जहां तक हो सकता हैं लोगो की मददत जीवन भर करता रहूंगा।उनके साथ इंस्पेक्टर शिवाकांत मिश्रा,कृष्णानंद पांडेय,लालपुर चौकी प्रभारी प्रभाकर सिंह,लवकुश तिवारी,नमन मिश्रा,दुर्गेश पांडेय उपस्थित रहे।

## बेटी की विदा कराने पहुंचे पिता और परिजनों पर ससुराल पक्ष का हमला पुलिस पर पक्षपात के आरोप

**पीड़ित बोले पुलिस ने दबाव बनाकर तहरीर में बदलाव कराया, आरोपी अब दे रहे जान से मारने की धमकी**

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर। थाना रौजा क्षेत्र के ग्राम बरनई निवासी रहीस खां की बेटी शाहीन की बिदाई उस समय खूनी संघर्ष में बदल गई जब ससुराल पक्ष के लोगों ने लड़की पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। हमले में दुल्हन शाहीन समेत उसके पिता रहीस खां और अन्य परिजन गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, शाहीन की शादी कुछ माह पूर्व दियूरिया गांव निवासी इमरान पुत्र नसीम के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर शाहीन को प्रताड़ित करने लगे। परिजनों का आरोप है कि करीब दो महीने पहले भी मारपीट के दौरान शाहीन गंभीर रूप से घायल हुई थी और उसका गर्भपात हो गया था। उस समय भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी और समझौता कराने का दबाव बनाया था। रहीस खां ने बताया कि 23 अक्टूबर को वह अपनी बेटी की विदाई कराने दियूरिया गांव गए थे। लेकिन ससुराल पक्ष ने विदाई से इनकार कर दिया और देखते ही देखते दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। इसी दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने अपने साथियों को बुला लिया और मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शाहीन को जमीन पर पटककर बेरहमी से पीटा गया, वहीं रहीस खां व उनके परिजनों को भी नहीं छोड़ा गया। सभी को लहूलुहान हालत में अस्पताल ले जाया गया।पीड़ित परिवार का कहना है कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन हमलावरों के सामने मौन बनी रही। बाद में जब रहीस खां थाने पहुंचे तो हल्काई दरोगा ने उन्हें ही धमकाया और दबाव डालकर तहरीर में बदलाव करवा दिया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने गंभीर धाराओं की जगह केवल धारा 151 में कार्रवाई कर खानापूर्ति कर दी, जिससे मुख्य आरोपी बच निकले। अब आरोपियों ने दोबारा जान से मारने की धमकी दी है। ग्रामीणों में पुलिस की निष्क्रियता को लेकर भारी आक्रोश है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में थाना रौजा पुलिस का कहना है कि मामला जांच के अधीन है, जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## शराब के साथ क्या चीज होती है अस्पताल से सीधे मधुशाला पर पहुंच गया।

### किसी ने इस मामले का पूरा वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर राजकीय मेडिकल कॉलेज का है। यहां पर एक व्यक्ति सिर पर चोट और अन्य बीमारियों के चलते अस्पताल में भर्ती था। लेकिन, जैसे ही उस युवक को होश आया। उसे और कुछ समझ ही नहीं वह अस्पताल के बेड से उठा और सीधे ठेका पर पहुंच गया।

**ठेके पर मरीज को देखकर लोग हैरान**

शाहजहांपुर के चौक कोतवाली थाना क्षेत्र में मोहल्ला अजीजगंज में शराब ठेके के पास शनिवार को यह व्यक्ति पहुंचा। इस व्यक्ति को जिसने भी देखा वह सोच में पड़ गया कि वाह भाई शराब क्या चीज है? आदमी को जान तक की परवाह नहीं। युवक लड़खड़ाते हुए ठेके पर पहुंचा। उसके एक हाथ में वीको लगा था, दूसरे हाथ से वह यूरिन की थैली पकड़े हुए थे। सिर पर चोट लगी होने के कारण पट्टी बंधी थी।

## गांव पुरैना पश्चिमी गोटिया में प्राइवेट फाइनेंस कंपनी के गुर्गो ने किस्त जमा करने के नाम पर दंपति से की मारपीट किया गाली गलौज

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर जनपद के थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव पुरैना पश्चिमी गोटिया निवासी महिला गीता पत्नी रामखिलाबन ने थाने में प्रार्थना पत्र देने के बाद रविवार दिन के 3:00 बताया कि उनके गांव का एल एल टी फाइनेंस कंपनी में समूह चल रहा है समूह के माध्यम से उसने कुछ पैसा कंपनी से लोन पर लिया था.उसके पति का अचानक पैर टूट गया इसलिए वह किस्त समय पर नहीं जमा कर पाई। इस पर नाराज



होकर फाइनेंस कंपनी के सुशांत एवं चार अन्य गुर्गे उनके घर पर रविवार सुबह करीब 8:00 बजे आए और उन्होंने उनके पति के साथ गाली गलौज वा मारपीट की। महिला उसे समय घर के अंदर थी जब महिला उसे बचाने आई तो महिला के साथ भी उन्होंने गाली गलौज किया और महिला के साथ अभद्र व्यवहार किया। महिला को हाथ पकड़ कर खींच कर ले जाने लगे तभी गांव के लोगों ने विरोध किया। इसके बाद आरोपी चले गए

महिला ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।

वहीं थाना जलालाबाद पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन युवक घायल, सभी राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर तिलहर शुक्रवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों ने हेलमेट नहीं लगाया था, जिससे उन्हें सिर पर गंभीर चोटें आईं। राहगीरों ने एंबुलेंस सेवा की मदद से सभी घायलों सीएचसी तिलहर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया। तिलहर नगर के मोहल्ला सितारगंज निवासी सानू शुक्रवार रात करीब दस बजे बाइक से घर लौट रहे थे। तभी पूर्वी भक्सी तिराहे के पास बिजली विभाग कार्यालय के सामने हाईवे पर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हेलमेट न लगाने के कारण सानू के सिर में गंभीर चोट आई। लोगों ने तुरंत एंबुलेंस सेवा से उन्हें सीएचसी पहुंचाया, जहां से डॉक्टर ने रेफर कर दिया।थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव जिगनिया निवासी जयवीर तिलहर से जैतीपुर मार्ग पर बाइक से घर जा रहे थे।गांव खैरपुर के पास बाइक फिसलने से जयवीर सड़क पर गिर पड़े। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें भी तिलहर सीएचसी लाया गया, जहां से राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।नगर के मोहल्ला कच्चा कटरा निवासी उबैस हाईवे स्थित इंडियन गैस एजेंसी के पास पहुंचे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हेलमेट न पहनने के कारण उबैस के सिर पर गहरी चोट आई। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां से डॉक्टर ने उन्हें भी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## जलालाबाद की कृषि उत्पादन मंडी से सोया का साग बेचने आए किसान की मोटरसाइकिल चोरी

**समाज जागरण**

शाहजहांपुर /जलालाबाद क्षेत्र के कृषि उत्पादन मंडी जलालाबाद में एक और मोटरसाइकिल चोरी की मामला सामने आया है थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर करही निवासी बुधपाल ने थाना जलालाबाद में प्रार्थना पत्र देने के बाद रविवार दिन के 11:00 बताया कि वह रोज की भांति अपने खेत से सोया की साग काटकर बेचने के लिए कृषि उत्पादन मंडी जलालाबाद में रविवार सुबह 7:00 आया था. मोटरसाइकिल उसका पुत्र आशीष चला कर लाया था मंडी पहुंचकर वह अपना साग लेकर एक आढती के पास बेचने गया और जब बेचकर लौट तो उसकी मोटरसाइकिल गायब थी उसकी मोटरसाइकिल का नंबर वढ 27 इअ/ 24 74 है उसने अपनी मोटरसाइकिल की पुरे मंडी परिसर में घूम-घूम कर तलाश की परंतु वहां न मिली। कोई अज्ञात चोर उनकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया है। पीड़ित ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रसोई में लटका ताला

### व्यापारियों ने उधार देने से किये हाथ खड़े

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली--- जिले के आदिवासी विकास खंड पाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली में स्वास्थ्य सुविधाओं के गडबड झाले की शिकायतें तो आम हो चुकी है, अब मामला मरीजों को मिलने वाले चाय नाश्ता और भोजन तक पहुँच गया है , बताया जाता है कि पिछले एक पखवाड़े से रसोई घर में ताला लटक रहा है और स्वास्थ्य अमले के जिम्मेदार अधिकारी इस बात से अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ चैन की नींद सो गया है ।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रसोई में ताला लटकने के पीछे जिन व्यापारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रसोई के लिए सामग्री प्रदान किया है ,उन व्यापारियों के लाखों रूपयों के देयकों का भुगतान वर्षों से लटके हुए हैं जिस वजह से व्यापारियों ने उधारी में सामग्री देने से






इंकार किया और उधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रसोई में ताला लटकने के लिए मजबूर हो गया है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के रसोई घर में ताला लगने से अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी का सबब बन कर रह गया है । रसोई घर में मरीजों के भोजन बंद होने की खबर पर सच्चाई जानने के लिए अस्पताल में भर्ती मरीजों से मिलने पर प्रसुति वार्ड में दाखिल राधा बाई मुदरिया निवासी ने बताया कि सुबह से न तो चाय मिली , नाश्ता और भोजन की बात तो दूर की कौड़ी बनी हुई है । इसी वार्ड में भर्ती कुसुम सिंह पाली निवासी ने भी अस्पताल प्रबंधन की इसी रवैया का दुखड़ा रोते दिखी। इसी तरह जनरल वार्ड में भर्ती ज्योति सिंह ने अपनी बात रखते हुए चाय, नाश्ता और भोजन कुछ न मिलने की बात बतलायी । विदित होवे की मध्यप्रदेश की यशस्वी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से जन कल्याण के लिए खजाना खोल कर रखा हुआ है फिर गरीब मरीजो के मुंह का निवाला छीनने का जो घिनौना खेल रही है उसकी सर्वथा निंदा की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली के रसोई घर में ताला लटकने की घटना ने इस मद में हुये आर्थिक गड़बड़ी को उजागर करके रख दिया है ।जानकर सूत्र बतलाते हैं कि अस्पताल में भोजन व्यवस्था के लिए शासन द्वारा अग्रिम रूप से लाखों रूपयों की राशि आंबटित की जाती है , फिर आज यह दिन देखना निश्चित ही एक बड़े घोटाले की तरफ इशारा करता है । अस्पताल में भोजन सामग्री प्रदान करने वाले एक व्यापारी ने बताया कि हमारा लाखों का देयक एक साल से रूका हुआ है और जब भुगतान की बात कही जाती है

तो दस प्रतिशत कमीशन की मांग की जाती है ,आज व्यापार में व्यापक स्तर पर प्रतिस्पर्धा है जिसमें इतनी बचत नहीं होती की अधिकारियों के मनमर्जी के मुताबिक उनकी मुराद पूरी की जा सके । इसी कमीशन खोरी के चक्कर में न देयकों का भुगतान किया जा रहा और न भोजन मरीजों को मिल पा रहा । आखिर कार गरीब मरीजो के हक में डाला जाने वाला डाका पर कब रोक लगेगी ,यह सवाल हर एक के मस्तिष्क में छाया हुआ है ।

# वर्षों से कौन दे रहा है गांजा विक्रेता और सट्टा किंग को संरक्षण।

**समाज जागरण जितेंद्र शर्मा**

अनूपपुर। नगर परिषद बरगवां अमलाई का वार्ड क्रमांक 8 और 9 अवैध रूप से रह रहे अपराधिक गतिविधियों में लिप्त कुछ तथा कथित कारोबारी,प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंतपुर शनिचरी बाजार एवं मोहडा के आसपास वर्षों से गांजा का व्यवसाय कर रही एक महिला ऐसे गांजे का व्यवसाय करती है जैसे कोई आयुर्वेद के सिद्धांत पर आधारित वेदराज दवा की पुड़िया बांट रहे हो और उन पुड़ियों की कीमत 20 रुपए 50 रुपए 100 रुपए 200 रुपए 500 रुपए से लेकर 2000 तक निश्चित है यह कार्य थाना चचाई पुलिस की नजरों से दूर नहीं सिर्फ नजरअंदाज किया जा रहा है दूसरी ओर सेनेटरी बाजार में एक और अवैध कारोबारी जो कई वर्षों से सट्टा पट्टी काटने का काम और अब की स्थिति में हाईटेक मोबाइल्स के द्वारा सट्टा का संचालन किया जाता है इस अवैध कारोबारी से भी इस क्षेत्र के जाने-माने मानिंद और जनप्रतिनिधि परिचित हैं लेकिन इस कारोबारी के अवैध गतिविधियों को संचालन करने को लेकर की जा रही दबंगई काबिले तारीफ है

क्योंकि यह अवैध गतिविधियों में लिप्त लोग कहीं ना कहीं पुलिस के संरक्षण में कार्य कर रहे हैं नहीं तो नाक के नीचे कितनी दिलेरी से गांजा बिक्री और सट्टे का काला कारोबार संचालित ना होता।

# कही चिटफंड के षिकार व्यौहारी क्षेत्र की जनता तो नही हो रही।

### आकाष पथ नामक ग्रुप में तीन साल में डबल मुनाफा का दे रही लालच क्या सही है जॉच का विषय

**समाज जागरण**

खैरहा - नि.प्र.- इन दिनों समूचे व्यौहारी में यह चर्चा का विषय है कि 1 करोड़ रू. निवेष कर तीन साल में डबल राषि एवं कार व निवास के जमीन आकाष पथ नामक ग्रुप द्वारा दिए जाने का प्रलोभन सुर्खियों में है। क्या भारत सरकार एवं रिजर्व बैंक व म.प्र. सरकार से पंजीकृत मान्यता प्राप्त ऐसी ग्रुप है जो आम जनता को इस तरह का लालच देकर क्षेत्र की भोली भाली जनता को भरोषा दिलाया जा रहा है कि तीन साल में डबल मुनाफा पाकर आकाष पथ ग्रुप का लाभ उठाए स्थानीय नागरिको ने इस पर जिला प्रषासन व स्थानीय प्रषासन से शीध्र संज्ञान में लेकर जॉच कर वास्तविकता को उजागर करने की मांग की है जिससे मेहनत व गाड़ी कमाई का पैसा कहीं गलत किसी चिट फंट कम्पनी के रूप में नही किया जा रहा है।

# एन. के. जे. क्षेत्र में सट्टा का ज्वर चरम पर

**समाज जागरण विजय तिवारी**

कटनी। कटनी जिले के एनकेजे थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बसाहट एवं गांव में सट्टे का कारोबार चरम पर है किंतु पुलिस प्रशासन सटोरियों पर कार्यवाही करने में अक्षम साबित हो रही है। सूत्र बताते हैं कि. दास जो किंतु नया गांव ल्ल्ट्' निवासी जो इस कार्य में कई महीनों से लिप्त है।प्रतिदिन सट्टा पट्टी लेकर कटनी क्षेत्र के सट्टा सरगना के यहां पहुंचता है। सट्टा खेलने के कारण क्षेत्र में प्रतिदिन प्रमुख अड्डों में लोगों की भीड़ देखी जाती है। सट्टा जिसे की सामाजिक बुराई कहा जाता है लेकिन इस बुराई को समाप्त करने में जनप्रतिनिधि भी आवाज नहीं उठा रहे हैं जिसके कारण युवा महिला और बुजुर्ग वर्ग सट्टे के आगोश में फसता जा रहा है।

# खनिज, पुलिस विभाग और वन विभाग की संलिप्तता उजागर।

### देवहरा चौकी अंतर्गत दबंग रेत चोरों का कहर,

**समाज जागरण बृजेंद्र मिश्रा**

बरगवां।खमरिया धिरौल एवं पटना के दबंगों द्वारा क्षेत्र के अंतर्गत जगह-जगह निकलने वाली नालों से रेत का अवैध खनन बदस्तूर जारी कौन दे रहा संरक्षण क्यों माइनिंग विभाग एवं चौकी प्रभारी मूक दर्शक की भूमिका निभा रहे हैं।धनपुरी और देवहरा चौकी की जुड़ाव सीमा में रेत चोर सक्रिय,

**बिना रियलिटी अवैध ट्रैक्टर ट्राली से रेत सप्लाई।**

बापू चौक अमलाई वार्ड क्रमांक 04 से होकर हनुमान मंदिर बरगवा की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग जहां पर एक प्राइवेट कंपनी के द्वारा रेत स्टॉक किया गया है और उसे एकत्रित रेत की सप्लाई अवैध रूप से संचालित कृषि कार्य हेतु ट्रैक्टर ट्राली वाहन से बिना रियलिटी पर्ची के क्षेत्र में तावड़ तोड़ विक्रय किया जा रहा है जिसकी कोई रेट सूची निर्धारित नहीं है सरेआम लूट की दुकान खुली हुई है। बात है माइनिंग विभाग के द्वारा बनाए गए नियम की क्या जिले में कई जगह रेत स्टाक किए गए हैं लेकिन सभी रेत स्टॉक किए गए प्राइवेट कंपनी के ठेकेदार के द्वारा अलग-अलग कीमत निर्धारित की गई है यह कैसा नियम है।

चचाई थाना अंतर्गत शहडोल और अनूपपुर की सीमा अलग करने बाली बेम्हौरी-गरफंदिया क्षेत्र मे जुड़मानी नदी (जिंदा नाला) जिसके आसपास शहडोल की तरफ से बेम्हौरी, गरफंदिया, बंडी और अनूपपुर की तरफ से पटना, धिरौल, तुम्मीबर, डोंगराटोला, खमरिया आदि गांव स्थित है जहां उक्त सभी गांवों के अलग-अलग घाटों और पुलियों के पास ट्रैक्टर लगाकर रेत का अवैध खनन के लिए ट्रैक्टर और मेटाडोर फिर से सक्रिय हो चुके हैं। डोंगरा टोला रोड में नदी के भीतर ट्रैक्टर जैसे बड़े वाहन नदी में उतार कर रेत निकाला जाता है। यदि पुलिस, राजस्व या वन विभाग के बड़े अधिकारी मौके का निरीक्षण कर के नदी-नालों के आसपास ट्रैक्टर की लीक देख लें तो यकीनन चौकी प्रभारी, थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के जिम्मेदारों पर कार्रवाई होकर रहेगी, लेकिन रेत चोरों, और दलालों से सेटिंग ऐसी है कि उक्त तीनों विभाग, खासकर पुलिस ने खुली छूट दे रखी है।

**यहां से इतने समय उठाते हैं रेत**

ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि बेम्हौरी पंचायत अन्तर्गत बेम्हौरी से पटना मार्ग में, तुम्मीबर डोंगराटोला रोड मे पुलिया के पास, बैरगिहा रपटा पुल के पास से, बंडी और लखबरिया पंचायत के जुड़ाव सीमा मे नरगड़ा नाला से, वहीं अनूपपुर जिले की सीमा मे डोंगराटोला पंचायत के पोंडापानी घाट से, बैरगिहा टोला के प्राथमिक स्कूल के समीप स्थित रपटा पुल और बेम्हौरी से पटना मार्ग वाले घाट में भोर के करीब 3 बजे से ट्रैक्टर और मेटाडोर का आना-जाना शुरू हो जाता है।

वहीं कभी कभी रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक कभी पूरे दिन अवैध निकासी की जाती है, नदी-नालों के आसपास स्पष्ट दर्जनों की संख्या में ट्रैक्टर का लीक बना हुआ है, जो का संबंधित वन अमला, पुलिस या राज्स्व के अधिकारियों को दिखाई नहीं दे रहा। रेत माफिया ट्रैक्टर ओव्हर लोड कर के सड़क में चलते हैं जिससे गांव की सड़के भी जर्जर हो रही हैं और जिन रास्तों में पक्की सड़क नहीं है वहां कीचड़ के साथ बड़े-बड़े नाली नुमा गड्ढे हो गए हैं।

**यहाँ खपाते हैं चोरी का रेत**

उक्त ठीहों से रेत का अवैध उत्खनन कर आसपास के ग्राम पंचायतों जैसे बेम्हौरी, पटना, धनौरा, डोंगराटोला, लखबरिया, अरझुला एवं बंडी आदि पंचायत में चल रहे सरकारी आवास, शौचालय, सीसी रोड़, पुलिया आदि एवं निजी निर्माण कार्यों के साथ-साथ आसपास के कॉलरी के श्रमिक कॉलोनियों एवं खदानों में चल रहे निर्माण कार्यों मे इसी अवैध रेत का उपयोग किया जा रहा है। वर्तमान में बंगवार कॉलरी में हो रहे निर्माण कार्य मे जुड़मानी के रेत का उपयोग है रहा है। वहीं अवैध रेत के मुख्य खरीददार बेम्हौरी, बंडी, पटना, डोंगराटोला आदि ग्राम पंचायतो में चल रहे शासकीय निर्माणकार्य और प्रधानमंत्री आवास के भवनों में खपाई जा रही है।

**पुलिसिया सांठगांठ की चर्चा**

बताया गया कि देवहरा चौकी प्रभारी या चचाई थाना प्रभारी को रेत चोरी या अवैध ईंट-भट्ठों के लिए बाड़ी में इकट्ठा किए गए कई टन कोयले की सूचना देते हुए फोटो भेजी जाती है तो पता नहीं उक्त अवैध धंधों में संलिप्त लोगों को तत्काल सूचना मिल जाती है और तुरत-फुरत ठीहे से कोयला हटा लिया जाता है, और नदी नालों से ट्रैक्टर या मेटाडोर भी हटा लिए जाते हैं, और इतना ही नहीं उक्त पूरे घटना क्रम के 5 से 6 घंटे बाद देवहरा चौकी से दो जवान मौके पर 'लकीर पीटने' भी पहुंचते हैं, और ग्रामीणों के सामने बतौर दिखावटी, पुलिसिया हनक दिखाते हैं!

जनचर्चा है कि उक्त देवहरा चौकी, चचाई थाना और अवैध धंधों में संलिप्त लोगों के बीच रिश्ता कैसा है, ये खुद थानेदार जानें। रेत के अवैध खनन में पटना कला डोगरा टोला, धीरौल आदि स्थानों के दबंग किस्म के लोग लगे हुए हैं।

**क्वालिटी घटिया फिर भी रेट हाई-फाई क्यों?**

मालुम हो कि क्षेत्र के जुड़मानी, नरगड़ा और पोंड़ा आदि जैसे नदी नालों में रेत तो भरपूर है लेकिन वह निर्माण के दृष्टि से बहुत ही घटिया है जिसे आसपास के पंचायतों के शासकीय निर्माण कार्यों में उपयोग करने के लिए संबंधित इंजीनियरों द्वारा सख्त मनाही है, फिर भी यह घटिया रेत की आपूर्ति आसपास के सभी पंचायतों के निर्माण कार्यों के साथ-साथ निजी निर्माण कार्यों में धड़ल्ले से की जा रही है, मात्र 500 से 800 रुपए की कीमत वाला रेत ढ़ाई हजार से 3 हजार रुपए तक बेचा जा रहा है, ग्रामीणों की मानें तो रेत चोरी में लगे ट्रैक्टर हर साल लाखों का वारा न्यारा कर रहे हैं, जिसकी न रॉयल्टी पर्ची का पता न सरकारी रेट कार्ड का, क्यों कि रेत अवैध खनन का रहता है। क्षेत्र के अधिकांश ट्रैक्टरों के सभी रजिस्ट्रेशन पुख्ता नही हैं, कृषि कार्य हेतु का रजिस्ट्रेशन करा के रेत के साथ-साथ कॉलरी से चोरी के कबाड़ निकाले जा रहे हैं, जिसपर न हि परिवहन विभाग, न हि वन विभाग, न हि राजस्व विभाग और न हि पुलिस विभाग की नजर पड़ रही है, यदि जानकारी है तो यह सब खुले आम कैसे चल रहें?

# दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला का आयोजन 30 व 31 अक्टूबर को-डीएम

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि मिलेट्स के उपभोग के प्रति लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में संचालित राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के न्यूट्रीसीरियल घटक तथा उ०प्र० मिलेट्स पुनरोद्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 30 अक्टूबर एवं 31 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से कृषि भवन प्रतापगढ़ (कटरा रोड शैल श्याम पैलेंस के सामने) के परिसर में दो दिवसीय जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला तथा मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बंधित क्रिया कलापों एवं शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी, प्रदर्शनी/स्टाल के माध्यम से मेले में भाग लेने वाले कृषकों को दी जायेगी। कार्यक्रम के माध्यम से कृषको को खाद्य एवं पोषण सुरक्षा हेतु मिलेट्स/पौष्टिक अनाज के उपभोग के प्रति जागरूक किया जायेगा जिसमें समस्त विभागों से प्रगतिशील कृषकों की भागीदारी तथा जनपद के समस्त कृषक उत्पादक संगठनो (एफ०पी०ओ०) के सदस्यो की प्रतिभागिता सुनिश्चित करायी जायेगी। उन्होने जनपद के कृषक बन्धुओं से अनुरोध किया है कि जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव/मेला तथा मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम में अवश्य प्रतिभाग करें।

# जिला उद्योग बन्धु की बैठक 29 अक्टूबर को

**समाज जागरण दैनिक विश्व नाथ त्रिपाठी**

प्रतापगढ़। उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु की बैठक दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को अपरान्ह 3 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में निर्धारित की गयी है,

सभी सम्बन्धित सदस्य बैठक में ससमय प्रतिभाग करें।

# बिहार के 16 साल मुखिया रहे पंडित शिवानंद पाठक का देहावसान हो गया।

**शोकाकुल गांव प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

ग्राम पंचायत नियाजीपुर,थाना-सिमरी, जिला-बक्सर, बिहार के 16 साल मुखिया रहे पंडित शिवानंद पाठक का 25 अक्टूबर को सुबह एकाएक देहावसान हो गया। वे करीब 69 साल के थे और राजनीतिशास्त्र में मास्टर डिग्री ले रखी थी। असम के अपने जमे जमाये व्यवसाय को छोड़, अपने गांव के विकास का संकल्प साधे, गांव आ गये और 16 बरसों तक ग्राम प्रधान के रूप में एक इमानदार एवं सामाजिक सेवक के रूप में दियरांचल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन्होंने बीडीसी के रूप में भी 5 वर्षों तक,गांव की सेवा की थी। इनके निधन से पुरा गांव शोकाकुल है। आज के डेट में ऐसे निःस्वार्थ कहां




दिखते हैं। आज के डेट में, साइकल पर चलने वाला कोई, पार्षद या ग्राम प्रधान बनते हीं,एक साल में हीं बोलोरो या स्कोर्पियो पर दिखता है।ये बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। "नियाजीपुर कला परिषद" के बैनर तले राजधानी पटना में,रामलीला मंचन के दौरान रावण की जीवंत भूमिका के लिए ये हमेशा याद किये जाते रहे हैं और रहेंगे। इनके विचारों में सैकड़ों बरसों से विधर्मी,जातिवादी विचारधारा का प्रयोग, हमारे सनातन को नष्ट करने हेतु ब्रम्हास्त्र के रूप में प्रयोग करते रहे हैं और आजादी के बाद, स्वार्थी नेतागण।उनकी निगाह में सभी सनातनी एक हैं।न कोई ऊंचा और न कोई नीचा। हमारा हिन्दू धर्म कर्म प्रधान रहा है न कि जाति प्रधान।। देश के हर गांव के लिए अनुकरणीय मुखियाजी को,ग्रामवासियों एवं अन्य क्षेत्रों के माननीय लोगों द्वारा कल गांव के बीच ब्रम्ह स्थान पर शोक सभा का आयोजन करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई,श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर सभी ग्रामवासियों के चेहरे पर शोक की रेखायें स्पष्ट दिख रही थीं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

# आदित्यपुर छठ घाट पर सार्थक क्लब के युवाओं की कलाकारी, पेंटिंग से बढ़ी छठ महापर्व की भव्यता

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ,कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) :आदित्यपुर छठ महापर्व की पावन बेला पर आदित्यपुर का छठ घाट इस बार कुछ अलग ही नजर आ रहा है। श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक सौंदर्य के संगम के बीच सार्थक यूथ क्लब के युवाओं ने घाट की दीवारों पर एक अद्भुत पेंटिंग तैयार की है, जो लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। घाट पर बनी यह पेंटिंग सिर्फ रंगों का मेल नहीं, बल्कि छठ




महापर्व की आत्मा को दर्शाने वाला जीवंत चित्रण है। इसमें उगते सूरज की आराधना करती व्रतिन महिलाएँ, नदी किनारे की स्वच्छता, और प्रकृति की सुंदरता को इस तरह उकेरा गया है कि हर देखने वाला व्यक्ति छठ के महत्व को महसूस कर सके। क्लब के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बताया, छठ पर्व सिर्फ आस्था नहीं, यह प्रकृति, स्वच्छता और सामाजिक एकता का प्रतीक है। हमारी कोशिश है कि इस पेंटिंग के जरिए हर आने वाला व्यक्ति छठ की भावना को अनुभव कर सके। सार्थक यूथ क्लब के सदस्यों ने मिलकर कई दिनों की मेहनत से इस कलाकृति को तैयार किया है। पेंटिंग में प्रयुक्त रंग और विषयवस्तु पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देते हैं। घाट पर आए श्रद्धालु इस पहल की सराहना कर रहे हैं और इसे छठ घाट की नई पहचान बता रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की रचनात्मक पहलें युवाओं को समाज और संस्कृति से जोड़ने का कार्य करती हैं। क्लब ने यह भी घोषणा की है कि आने वाले दिनों में वे और भी कई सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता का अभियान चलाएंगे। छठ के इस पावन अवसर पर सार्थक यूथ क्लब का यह प्रयास न केवल भक्ति का प्रतीक बना है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि जब युवा अपनी संस्कृति से जुड़ते हैं, तो समाज अपने आप सजने-संवरने लगता है।

# कदमा में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई चित्रगुप्त पूजा

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) : चित्रगुप्त पूजा समिति, कदमा की ओर से गुरुवार को चित्रांश भवन, कदमा में वार्षिक चित्रगुप्त महाराज की पूजा बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी कायस्थ बंधु-बहनों ने एक साथ मिलकर पूजा-अर्चना में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलम-दवात



पूजन से हुई, जो कायस्थ समाज की प्रमुख परंपरा मानी जाती है।

पूजन के दौरान समाज के लोगों ने पूरे वर्ष की आय-व्यय का लेखा-जोखा चित्रगुप्त महाराज के समक्ष प्रस्तुत किया और अपने परिवार की खुशहाली, समृद्धि और ज्ञान की कामना की। संध्या काल में माइकल जॉन ऑडिटोरियम में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में समिति के बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। नृत्य, गीत और नाट्य प्रदर्शन से पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस अवसर पर समिति के मुख्य संरक्षक चितरंजन वर्मा, अध्यक्ष अतुल चंद्रा सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ सदस्य और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सभी पदाधिकारियों और युवा सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पूजा स्थल को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया था। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के आयोजन के साथ हुआ। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पूजा में समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक परंपरा को केंद्र में रखा गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में पूजा कार्यक्रम को और व्यापक स्वरूप देने की योजना बनाई जा रही है ताकि नई पीढ़ी अपने संस्कारों और विरासत से जुड़ी रह सके।

# ₹2.08 लाख करोड़ के केन्द्रीय परिव्यय के साथ, 15.72 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को नल का पानी उपलब्ध कराया जाएगा

**जल जीवन मिशन**

15.72 करोड़ से अधिक ग्रामीण परिवारों को अब नल का सुरक्षित पानी उपलब्ध है। मिशन (2019) की शुरूआत के समय, केवल 3.23 करोड़ घरों में ही नल का पानी उपलब्ध था। तब से, 12.48 करोड़ अतिरिक्त घरों को इससे जोड़ा गया है, जो भारत के सबसे तेज बुनियादी ढाँचे के विस्तार में से एक है।

मिशन तैयार करने के दौरान 3 करोड़ व्यक्ति-वर्ष रोजगार सृजित करने की क्षमता है,

तथा लगभग 25 लाख महिलाओं को फील्ड टेस्टिंग किट का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि देश में सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल की व्यवस्था होने से डायरिया से होने वाली 4 लाख मौतों को टाला जा सकेगा। यह भी अनुमान है कि देश में सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल की सार्वभौमिक पहुँच से लगभग 14 मिलियन डीएएलवाई (दिव्यांगता-समायोजित जीवन वर्ष) को टाला जा सकेगा।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यह भी कहा है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल कनेक्शन उपलब्ध कराने से जल संग्रहण में लगने वाले समय में महत्वपूर्ण बचत होगी (प्रतिदिन 5.5 करोड़ घंटे), विशेषकर महिलाओं के मामले में (इस बोझ का तीन-चौथाई हिस्सा)। भारत भर में 2,843 जल परीक्षण प्रयोगशालाओं ने 2025-26 में 38.78 लाख नमूनों का परीक्षण किया, जिससे जल गुणवत्ता की कड़ी निगरानी सुनिश्चित हुई। परिचय भारत ने जल जीवन मिशन (हर घर जल) के तहत एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जिसके तहत अब 81 प्रतिशत से ज्यादा ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ नल का पानी उपलब्ध हो रहा है।

22 अक्टूबर 2025 तक, 15.72 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों को घरेलू नलों के जरिए सुरक्षित पेयजल मिल रहा है, जो ग्रामीण भारत में सार्वभौमिक जल सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मिशन के तहत, सरकार ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों को ₹2,08,652 करोड़ के केन्द्रीय परिव्यय के साथ सहायता स्वीकृत की, जिसका बड़े पैमाने पर उपयोग किया जा चुका है। इस मिशन की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 को प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल का जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की थी। उस समय, केवल 3.23 करोड़ परिवारों (16.71 प्रतिशत) को ही नल का जल उपलब्ध था। तब से, 12.48 करोड़ अतिरिक्त परिवारों को इससे जोड़ा जा चुका है, जो ग्रामीण भारत में बुनियादी ढाँचे के सबसे तेज विस्तार में से एक है। जल जीवन मिशन ने माताओं और बहनों को अपने घरों के लिए पानी लाने की सदियों पुरानी मशक्कत से मुक्ति दिलाने का भी प्रयास किया है। इसका उद्देश्य उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाना, जीवन को आसान बनाना और ग्रामीण परिवारों का जीवन आसान बनाना तथा गौरव और सम्मान बढ़ाना है। मिशन स्थिरता और सामुदायिक भागीदारी पर समान रूप से जोर देता है। इसमें गंदे पानी का प्रबंधन, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल स्त्रोतों का पुनर्भरण और पुनः उपयोग जैसे स्थायी उपाय शामिल हैं। इसे समुदाय-आधारित दृष्टिकोण से

क्रियान्वित किया जाता है, जिसमें जागरूकता और स्वामित्व पैदा करने के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियाँ प्रमुख घटक हैं। मिशन का उद्देश्य जल के लिए एक जन आंदोलन बनाना है, जिससे यह एक साझा राष्ट्रीय प्राथमिकता बन सके।

# भारत के राष्ट्रपति ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम में यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन किया

निजी क्षेत्र के अच्छे स्वास्थ्य संस्थान स्वस्थ और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में अमूल्य योगदान दे सकते हैंः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

चिकित्सा उत्तरदायित्व के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाना स्वास्थ्य संस्थानों के लिए प्राथमिकता होनी चाहिएः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

भारत की राष्ट्रपति, श्रीमती. द्रौपदी मुर्मु ने आज (26 अक्टूबर, 2025) इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन किया इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा राष्ट्र निर्माण का एक अभिन्न अंग है। लोगों को बीमारियों से बचाना और उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से, देश भर में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संबंधी बुनियादी ढाँचे,



संस्थानों और सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी प्रयास निश्चित रूप से एक स्वस्थ और विकसित भारत के निर्माण में योगदान देंगे। सरकार के साथ-साथ अन्य सभी हितधारक भी इन प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। इसलिए, सभी हितधारकों की यह ज़िम्मेदारी है कि वे स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करें और यह सुनिश्चित करें कि देश के सभी क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ उपलब्ध हों और कोई भी नागरिक प्रभावी स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। निजी क्षेत्र के अच्छे स्वास्थ्य संस्थान इस लक्ष्य की प्राप्ति में अमूल्य योगदान दे सकते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यशोदा मेडिसिटी स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में परिवर्तनकारी कार्य करेगी। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि कोविड-19 की वैश्विक महामारी के दौरान, यशोदा अस्पताल ने बड़ी संख्या में लोगों का इलाज किया और राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम जैसी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरी लगन से अपनाया। उन्होंने संस्थान से सिकल सेल एनीमिया से संबंधित राष्ट्रीय अभियानों में अपना योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने अस्पताल के हितधारकों को कैंसर के उपचार के लिए अनुसंधान करने और अन्य संस्थानों के साथ सहयोग करने की भी सलाह दी। राष्ट्रपति ने कहा कि चिकित्सा उत्तरदायित्व के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाना स्वास्थ्य सेवा संस्थानों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्हें विश्वास है कि यशोदा मेडिसिटी 'सभी के लिए किफायती विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवा के अपने लक्ष्य को साकार करेगी। उन्होंने कहा कि निजी और सरकारी, दोनों क्षेत्रों के उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के सहयोग से, भारत एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा केंद्र के रूप में और अधिक पहचान हासिल करेगा।



# नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी

**आयुर्वेद के अनुसार नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी है। यह तेल न केवल सिर की त्वचा को पोषण देता है, बल्कि बालों को टूटने से भी बचाता है। जब इसमें कपूर मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण प्राकृतिक कीटनाशक की तरह काम करता है। कपूर में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीपैरासिटिक गुण जुओं और उनके अंडों को नष्ट करने में मदद करते हैं।**

इस उपाय के लिए नारियल तेल की एक कटोरी में 2-3 टुकड़े कपूर घोलकर रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में लगाना चाहिए। मालिश के बाद सिर को कपड़े से ढककर सोना और सुबह शैम्पू से धोना लाभकारी माना जाता है। कुछ ही दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। सिरका भी एक कारगर विकल्प है। हल्के गुनगुने पानी में दो चम्मच सफेद सिरका या एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर सिर धोने से जुओं और लीखों की पकड़ ढीली पड़ जाती है और वे आसानी से हटने लगती हैं।





यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो रसायनों से बचना चाहते हैं। इसी तरह नींबू का रस भी प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से इसका असर और बढ़ जाता है। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड जुओं की त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करता है। साथ ही यह स्कैल्प की सफाई करता है और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी राहत देता है। कुछ लोग पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल करते हैं। यह जुओं की सांस रोक देती है और उनके जीवन चक्र को खत्म करती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल बालों में काफी चिपचिपापन पैदा करता है और धोने में कठिनाई हो सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्राकृतिक उपायों को नियमित रूप से अपनाने से जुओं से छुटकारा मिल सकता है और स्कैल्प भी स्वस्थ रहता है।

बता दें कि सिर में अचानक खुजली बढ़ना अक्सर रूसी के साथ-साथ जुओं की मौजूदगी का संकेत भी हो सकता है। यह समस्या न केवल असुविधा और परेशानी पैदा करती है बल्कि कई बार सामाजिक स्थितियों में शर्मिंदगी का कारण भी बन जाती है। जूं बालों में अंडे देती हैं, जिन्हें लीख कहा जाता है। ये लीखें इतनी मजबूती से चिपकी होती हैं कि सामान्य पानी या कंघी से आसानी से नहीं हटतीं। ऐसे में कई लोग रासायनिक उत्पादों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद और घरेलू नुस्खे भी इसमें प्रभावी साबित हो सकते हैं।

# मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है मौसम में बदलाव का

**सितंबर से दिसंबर के बीच मौसम में बदलाव के साथ पेड़ों से पत्ते झड़ने लगते हैं। मौसम बदलने का असर इंसानी मनोभावों पर भी देखने को मिलता है। शरद ऋतु का आगमन गर्मी से सर्दी की ओर बढ़ने का संकेत देता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इस दौरान कई लोगों के मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है।**

दिन छोटे और रातें लंबी होने के साथ ही थकान, नींद की गड़बड़ी और उदासी महसूस होना आम हो जाता है। इस स्थिति को विज्ञान की भाषा में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम बदलने पर धूप की कमी से दिमाग में सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर घटने लगता है। यह हार्मोन मूड को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अंधेरा और ठंड बढ़ने पर शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद अधिक आती है और ऊर्जा घट जाती है।





इस बदलाव से शरीर की सर्केडियन रिद्म भी बिगड़ जाती है, जिससे नींद और जागने का प्राकृतिक पैटर्न प्रभावित होता है। अध्ययन बताते हैं कि उत्तरी और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों पर सैड का प्रभाव अधिक होता है क्योंकि वहां धूप का समय सीमित होता है। महिलाओं और 18 से 30 वर्ष के युवाओं में इसके मामले ज्यादा पाए जाते हैं। एक अध्ययन में खुलासा हुआ था कि अर्बन इंडिया में 12 से 15 प्रतिशत लोग हल्के या गंभीर मौसमी डिप्रेशन का सामना करते हैं। इसके लक्षण पहचानना अपेक्षाकृत आसान है।

लगातार थकान रहना, अधिक नींद आना, उदासी और चिड़चिड़ापन, काम में रुचि कम होना, ज्यादा मीठा और कार्बोहाइड्रेट खाने की इच्छा, तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना सैड के प्रमुख संकेत माने जाते हैं। कई देशों में लाइट थेरेपी का उपयोग किया जाता है, जिसमें विशेष लाइट बॉक्स का इस्तेमाल प्राकृतिक धूप जैसी रोशनी देने के लिए किया जाता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी इस समस्या को कम कर सकते हैं। ताजे फल-सब्जियां और ओमेगा-3 युक्त भोजन मूड को बेहतर बनाने में मददगार हैं। यदि लक्षण लगातार बने रहें तो मनोचिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचाव के लिए कुछ साधारण उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 20 से 30 मिनट धूप में समय बिताना सबसे प्रभावी तरीका है।

# कोटा के ग्रामीणों ने निर्माणाधीन तेलगुड़वा- कोटा मार्ग में भ्रष्टाचार एवं विलम्ब को लेकर किया प्रदर्शन


**अनिल कुमार अग्रहरी/
समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। निर्माणाधीन तेलगुड़वा-कोन मार्ग पर कोटा के ग्रामीणों ने दिन रविवार को जोरदार प्रदर्शन किया। खनिज निधि न्यास से 49 करोड़ की लागत से बन रही तेलगुड़वा कोन मार्ग पर आरसीसी मार्ग का कार्य जय हनुमान कंस्ट्रक्सन के द्वारा किया जा रहा है। जिसकी खराब कार्यशैली एवं विलम्ब को लेकर युवा नेता दीपू विजय शर्मा के नेतृत्व मे ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। युवा नेता दीपू विजय शर्मा ने कहा की तेलगुड़वा-कोन मार्ग के कार्य का शुभारम्भ बीते जून के महीने मे किया गया था और उसी समय ठेकेदार एवं जनप्रतिनिधि के द्वारा यह कहा गया था की अतिशीघ्र निर्माण कार्य को संपन्न कर दिया जायेगा किन्तु आज 4 महीने बीत गए केवल मार्ग पे सोलिंग भस्सी डालकर छोड़ दिया गया है और बहुत जगहों पर पुरानी खराब सडक को बिना उखाड़े उसी पर सोलिंग भस्सी डालकर मशीन से बराबर कर दिया जा रहा है। जिससे क्षेत्रवासियों एवं राहगीरों को काफी परेशानी, धूल एवं दुर्घटना का सामना करना पड़ता है। आगे कहा की कल लोक आस्था का महापर्व छठ है जिसमे माताएं और बहने दंडवत करते हुए इसी मार्ग से छठ घाट पर जाती है। मार्ग मे नुकिले पत्थर पड़े हैं, जिससे माताओं-बहनों को भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा। अगर त्वरित रूप से निर्माण कार्य मानक के अनुरूप तय समय तक पूर्ण नहीं किया गया तो क्षेत्रवासी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। जिसमे सारी जिम्मेदारी मनमाने ठेकेदार और पीडब्ल्यूडी के कुम्भकरणीय अधिकारियों की होंगी। प्रदर्शन मे संजय अकेला, पूर्व ग्राम प्रधान रामचंद्र गोंड, दीनानाथ साहनी, केशव गोंड, जय प्रसाद, सुरेश पनिका, मुन्नीलाल साहनी, सर्बदिन, सुज्ञानी प्रसाद, जंगी मास्टर, भगवानदास गोंड, अशोक यादव, शिवप्रसाद यादव, रामशुभग गोंड आदि लोग उपस्थित रहे।

# चकबंदी समिति की बैठक 30 अक्टूबर को होना हुआ सुनिश्चित

## सिध्दांतों के विवरण पत्र की तैयारी, सुरक्षित भूमि के सम्बंध में लिया जायेगा निर्णय




**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। सदर विकास खण्ड क्षेत्र के मारकुण्डी ग्राम सभा अंतर्गत राजस्व गांव अवई प्राथमिक पाठशाला के प्रागंण में 30अक्टूबर समय 10 बजे उप जिला अधिकारी के अध्यक्षता में चकबंदी समिति अध्यक्ष प्रधान, सदस्यों और किसानों की बैठक सुनिश्चित किया गया है। जिसमें चकबंदी के दौरान उसके सिध्दांतों के विवरण पत्र की तैयारी, सुरक्षित भूमि के सम्बंध में निर्णय लिया जायेगा।जिसमें चकबंदी समिति अध्यक्ष, सदस्य व कृषकगण अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपनी सुझाव और विचार को भी रख सकते हैं। जिससे बैठक सुचारु रुप से सम्पन्न हो सके। इस आशय की जानकारी सहायक चकबंदी अधिकारी व कानूनगो रामलाल बर्मा ने दी है।

# महिला थाना रॉबर्ट्सगंज द्वारा परिवार परामर्श केन्द्र में सुलह-समझौता एवं परामर्श सत्र आयोजित

**अनिल कुमार अग्रहरी/
समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिला थाना रॉबर्ट्सगंज द्वारा को परिवार परामर्श केन्द्र में परामर्श सत्र आयोजित किया गया। परामर्श सत्र में कुल 08 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 04 प्रकरणों में दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया गया, जबकि शेष 04 प्रकरणों में दोनों पक्षों को अग्रिम तिथि प्रदान की गई। यह परामर्श सत्र महिला थाना प्रभारी रॉबर्ट्सगंज म0उ0नि0 सविता सरोज के नेतृत्व में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ, जिसका उद्देश्य पारिवारिक विवादों का समाधान आपसी संवाद व समझौते के माध्यम से करना है।

# छठ पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष व कार्यकताओं ने छठ घाट का किया साफ सफाई

**अनिल कुमार अग्रहरी
समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा कों लेकर छठ पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उनके कार्यकताओं के द्वारा छठ घाट की साफ-सफाई पूरा कर लिया गया हैं। शनिवार से गुरमुरा छठ घाट का रौनक बढ़ गया और श्रद्धालु उत्साह पूर्वक जुटे हुए हैं। वही छठ पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष एवं कार्यकर्त्ता द्वारा छठ घाट पर सुरक्षा, स्वच्छता व सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई हैं ताकि व्रतियों कों और श्रद्धांलुओं कों किसी प्रकार की परेशानी न हो। वही छठ पूजा सेवा समिति के अध्यक्ष सोनू जायसवाल ने बताया की समिति के कार्यकत्ताओं द्वारा हाइवे से छठ घाट तक पूरी रोड का मरम्मत किया गया और किसी प्रकार की व्रत्रियों कों असुविधा न हो जिसका विशेष ध्यान दिया गया हैं और उन्होंने ने बताया कि छठ पूजा महापर्व के अवसर पर बुधवार की शाम प्राथमिक स्वास्थ केंद्र गुरमुरा के समीप देवी जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया हैं सभी श्रद्धांलुओं से आग्रह हैं कि छठ पूजा घाट एवं बुधवार कों देवी जागरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में आकर पूजा अर्चन करें और कार्यक्रम का लुफ्त उठाए। मौके पर सोनू जायसवाल (अध्यक्ष), अशोक गोड़ ( उपाध्यक्ष), उज्जवल पटेल ( उपाध्यक्ष),मनीष पनिका ( महामंत्री), श्रवण गुप्ता (संगठन मंत्री),विजेन्द्र गोड़ (मुख्य सचिव), विनोद गोड़ (कोषाध्यक्ष ), सूरज अग्रहरी (संयोजक), मनीष सिंह (संचालक), जयसूर्या पनिका (मंत्री),अजीत केशरी (मिडिया प्रभारी) मौजूद रहें।

# बिहार चुनाव और उपचुनाव 2025: मौन अवधि (साइलेंस पीरियड) में चुनावी सामग्री और एग्जिट पोल के प्रदर्शन पर रोक

निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने 6 अक्टूबर, 2025 को बिहार विधान सभा के आम चुनाव और उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की। बिहार चुनाव में मतदान क्रमशः 6 नवंबर, 2025 और 11 नवंबर, 2025 को दो चरणों में होगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (बी), किसी भी मतदान क्षेत्र में किसी भी चुनाव के लिए मतदान के समापन के वास्ते निर्धारित समय के साथ समाप्त होने वाले अड़तालीस घंटे (मौन अवधि) की अवधि के दौरान, अन्य बातों के साथ-साथ, टेलीविजन या इसी तरह के उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी सामग्री को प्रदर्शित करने पर रोक लगाती है। आयोग पुनः दोहराता है कि टीवी/रेडियो चैनलों और केबल नेटवर्कों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उपरोक्त धारा में निर्दिष्ट 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारित/प्रदर्शित कार्यक्रमों की विषय-वस्तु में पैनलिस्टों/ प्रतिभागियों के विचार/अपील सहित ऐसी कोई सामग्री शामिल न हो जिसे किसी विशेष पार्टी या उम्मीदवार (या उम्मीदवारों) की संभावनाओं को बढ़ावा देने/पूर्वाग्रहित करने या चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने वाला माना जाए। इसमें किसी भी जनमत सर्वेक्षण का प्रदर्शन भी शामिल है।

आयोग ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126ए के अंतर्गत अधिसूचित किया है कि 6 नवंबर, 2025 (गुरुवार) को सुबह 7:00 बजे से 11 नवंबर, 2025 (मंगलवार) को शाम 6:30 बजे तक प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से एग्जिट पोल और उनके परिणामों का प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 का उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक के कारावास या जुमार्ने या दोनों से दंडित किया जा सकता है।

आयोग सभी मीडिया समूहों को सलाह देता है

# सलखन स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जन आरोग्य शिविर में 75 मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज

## झोलाछाप डॉक्टरों से बचाव की दिशा में राहत बनी सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना

**ब्यूरो चीफ,/ समाज जागरण**




सोनभद्र। राबर्ट्सगंज विकास खंड के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलखन में रविवार को आयोजित साप्ताहिक मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य शिविर में 75 महिला, पुरुष और बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में रोगियों को जांच के बाद आवश्यक दवाएं भी मुफ्त वितरित की गई। ग्रामीण और पहाड़ी सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए गरीब-निरीह मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह शिविर प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जाता है। इस शिविर में गर्भवती महिलाओं की भी जांच की गई और उन्हें आवश्यक निदेशों के साथ दवाएं उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य जांच में एचबी, ब्लड शुगर, एचआईवी, टाइफॉइड, मलेरिया आदि की जांच की गई। अधिकतर मरीज मलेरिया, टाइफॉइड, सर्दी-जुकाम और खांसी जैसे मौसमी बीमारियों से ग्रस्त मिले। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार ऐसे शिविरों से मरीजों को समय पर इलाज मिल रहा है और वे झोलाछाप और नीम हकीम डॉक्टरों के शोषण से बच पा रहे हैं।जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय प्रबुद्ध जनों ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हुई हैं और आर्थिक रूप से कमजोर तबके को बड़ी राहत मिल रही है। चिकित्सक विहीन स्वास्थ्य केंद्र में काफी अस्वस्थ होने के बावजूद इसके फार्मासिस्ट राकेश सिंह राणा के अथक प्रयास तथा सराहनीय कार्य की शिविर में उपस्थित लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए काफी हर्ष व्यक्त किया है

शिविर में स्वास्थ्य केन्द्र पर फार्मासिस्ट राकेश सिंह राना, लैब टेक्नीशियन मनीष राय, फामेर्सी ट्रेनी मुर्शीद अहमद, प्रियांसी तथा एएनएम सुनिता विश्वकर्मा व सितारा देवी, स्टांप नर्स सरोज देवी, सीएचओ सरिता देवी, सफाईकर्मी राजेश कुमार व दाई सोमरी देवी सहित अन्य स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही है।

# शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जुगैल पुलिस की प्रभावी कार्यवाही – 07 अभियुक्त गिरफ्तार

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/
समाज जागरण**




सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी ओबरा हर्ष पाण्डेय के नेतृत्व में थाना जुगैल पुलिस द्वारा निर्णायक कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगैल नागेश कुमार सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 26. 10. 2025 को शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के खरहरा टोला देवखर में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान अशांति फैलाने एवं कानून व्यवस्था भंग करने की आशंका के आधार पर कुल 07 अभियुक्तों को धारा 170, 126, 135 बी.एन.एस.एस. के अंतर्गत गिरफ्तार कर अभियुक्तों को रामविलास निषाद पुत्र रामदुलारे, उम्र लगभग 68 वर्ष, निवासी खरहरा टोला देवखर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र। दशरथ पुत्र रामदुलारे, उम्र लगभग 22 वर्ष, निवासी खरहरा टोला देवखर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र। लाकेश अगरिया पुत्र अमरेश, उम्र लगभग 19 वर्ष, निवासी खरहरा टोला देवखर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र। राजेन्द्र पुत्र सुखदेव, उम्र लगभग 30 वर्ष, निवासी खरहरा टोला देवखर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र। पप्पू पुत्र गुप्तू, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी खरहरा टोला देवखर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र। प्रवीन पुत्र स्व0 रामप्यारे, उम्र लगभग 26 वर्ष, निवासी खरहरा टोला देवखर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र। दीपक पुत्र रामसजीवन, उम्र लगभग 22 वर्ष, निवासी खरहरा टोला देवखर, थाना जुगैल, जनपद सोनभद्र को चालान कर माननीय न्यायालय किया गया।

# नहाय-खाय के साथ ही छठ पर्व की तैयारियां हुई पूर्ण

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूरे जनपद में आस्था और उल्लास का वातावरण लेकर आया है। नहाय-खाय के साथ ही छठ पर्व की तैयारियाँ चरम पर हैं। ओबरा, रॉबर्ट्सगंज, दुद्धी, रेनुकूट और चोपन नगर पंचायत समेत पूरे जिले में घाटों की सफाई, सजावट और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और नगर निकाय पूरी तरह मुस्तैद हैं। छठ घाटों पर इस बार पहले से भी ज्यादा रौनक देखने को मिल रही है व्रती महिलाएं और श्रद्धालु परिवार छठ महापर्व की तैयारियों में जुटे हैं। जगह-जगह प्रसाद के लिए ठेकुआ, पूड़ी, फल और पूजा सामग्री की खरीदारी जोरों पर है। बाजारों में पूजा सामग्री की दुकानों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व नहाय-खाय, खरना, संध्या अर्घ्य और उषा अर्घ्य जैसे चरणों के साथ श्रद्धा और अनुशासन का अनुपम उदाहरण पेश करता है। सोनभद्र जिले में छठ पर्व का सबसे बड़ा आयोजन चोपन नगर पंचायत में देखने को मिलता है। यहां का घाट न सिर्फ धार्मिक दृष्टि से प्रसिद्ध है बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। चोपन नगर और आसपास के कई गांवों के लोग यहां एकत्रित होकर सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित करते हैं। इस बार भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई जा रही है। चोपन का वृहद स्वरूप होने के पीछे एक खास वजह यह भी है कि यह नगर रेलवे का सबसे बड़ा हब है। सोनभद्र में कार्यरत रेलवे कर्मियों में बड़ी संख्या उन परिवारों की है जो बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों से ताल्लुक रखते हैं। इसी वजह से चोपन में छठ पर्व का उत्सव एक बहुरंगी सांस्कृतिक समागम का रूप ले लेता है जहां बिहार की लोक परंपरा, भोजपुरी गीतों की मिठास और स्थानीय श्रद्धा का संगम एक अद्भुत दृश्य बनाता है छठ पर्व केवल पूजा-अर्चना का अवसर नहीं, बल्कि एकता, समानता और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला उत्सव है। इस दिन घाटों पर अमीर-गरीब, जाति-धर्म का कोई भेद नहीं रह जाता। सभी लोग एक साथ जल में उतरकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। श्रद्धालु भगवान सूर्य की दोनों पत्नियों उषा और प्रत्यूषा को जल समर्पित कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। प्रशासन ने जनपद के सभी प्रमुख घाटों पर सुरक्षा और व्यवस्था की पुख्ता तैयारियाँ की हैं। ओबरा, चोपन, रेनुकूट, दुद्धी और रॉबर्ट्सगंज के घाटों पर पुलिस बलों की विशेष तैनाती की जा रही है।

गोताखोरों, स्वास्थ्य विभाग की टीमों को लगाने के साथ ही चोपन सोन नदी को एक निश्चित दूरी के बाद बैरिगेटिंग किया गया हैं जहां खतरे का सांकेतिक बोर्ड लगाते हुए बताया जा रहा कि नदी में इसके आगे न जाएं पानी गहरा है। पूरे घाट पर रोशनी का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा जिसमें विभिन्न प्रकार से लाइटिंग की गई है।

# सपा कार्यकताओं और ब्यूरो प्रमुख के बीच तानातनी, नगर में बनीं चर्चा की विषय

**अनिल कुमार अग्रहरी/
समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। नगर पंचायत डाला बाजार में इन दिनों समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं और आज अखबार के ब्यूरो प्रमुख से तानातानी चचाओं में था। कब किसके तरफ से किसके ऊपर मुकदमा हो जाय चचाओं का विषय बना हुआ था। जिनका चोपन थाना प्रभारी की मौजूदगी में समाधान निकालने का प्रयास किया गया।

आपको बताते चले कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक जितना मनोरंजन के लिए सुविधा जनक है कही उससे भी घातक बनता जा रहा है। जहां व्यक्ति व्यंगात्मक रूप में अपनी बातों को किसी भी पड़ाव पर ठहराकर लिखने का स्वतंत्र है। जिससे किसी को आघात पहुंचे या भले मामला न्यायलय तक चला जाय। ऐसा ही मामला नगर पंचायत डाला बाजार के सम्मानित सपा कार्यकर्ता नागेंद्र पासवान, पारस नाथ यादव, मंगल जायसवाल, तथा आज अखबार के ब्यूरो चीफ लल्लू प्रसाद, व नितेश के बीच घटी। फेसबुक पर तरह तरह की कमेंट व फोस्ट को आधार बना कर दोनो पक्षों ने अपनी अपनी विचार व्यक्त की जिसमें चर्चा पुलिस तक पहुंच गई। यहा तक कि मामला sc/st मुकदमा व बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के सम्मान धोने तक चली गई। जिसको लेकर बाते बढ़ने लगी। इन बातों को लेकर डाला चौकी में 23 अक्टूबर 2025 को दोनो पक्षो के बीच चौकी इंचार्ज के मौजूदगी में समझौता की बात रख्खी गयी जिसके बाद बात नहीं बनी और बात भड़ता देख बैठक से उठ कर चले गए। पुनः दोनो पक्षों के चोपन थाने में लिखित तहरीर दी । किसको लेकर चोपन थानाध्यक्ष द्वारा आज डाला चौकी में दोनो पक्षों के बीच हुए मामले को सलटा दिया गया।

# समुद्री भारत विजन 2030 से अमृतकाल 2047 तक

भारत के व्यापार का परिमाण के लिहाज से लगभग 95 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से तकरीबन 70 प्रतिशत हिस्सा समुद्री मार्गों के जरिए होता है। इससे भारत की अर्थव्यवस्था और प्रतिस्पर्धिता में इस क्षेत्र की केंद्रीय भूमिका का पता चलता है। मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 में 3-3.5 लाख करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश से 150 से ज्यादा पहलकदमियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा जलपोत निर्माण के लिए हाल ही में 69725 करोड़ रुपए का पैकेज दिया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में प्रमुख बंदरगाहों के जरिए 85.5 करोड़ टन माल की ढुलाई हुई जिससे समुद्री व्यापार और बंदरगाह कार्यकुशलता में ठोस वृद्धि का संकेत मिलता है।

**भारतीय समुद्री मार्ग की यात्रा**

भारत की आर्थिक शक्ति का प्रवाह समंदरों से होता है। भारत के व्यापार का परिमाण के लिहाज से लगभग 95 प्रतिशत और मूल्य के हिसाब से तकरीबन 70 प्रतिशत हिस्सा समुद्री मार्गों के जरिए होता है। वास्तव में समुद्र भारत के वाणिज्य की प्राणशक्ति है। कच्चे तेल और कोयले से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा और कृषि उत्पादों तक देश के आयात और निर्यात का बड़ा हिस्सा व्यस्त बंदरगाहों से होकर गुजरता है। ये बंदरगाह भारत को विश्व भर के बाजारों से जोड़ते हैं।1 वैश्वीकरण से आपूर्ति श्रृंखला की अंतरनिर्भरता गहरी होने और भारत के प्रमुख मैनुफैक्चरिंग और ऊर्जा केंद्र के रूप में उभरने के साथ ही बंदरगाहों और जहाजरानी की कार्यकुशलता राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धिता को सीधे तौर पर प्रभावित करती है।

भारत ने खुद को वैश्विक समुद्री शक्ति के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से साहसिक कदम उठाते हुए मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 (एमआईवी 2030) की शुरूआत की।2 वर्ष 2021 में शुरू किए गए इस परिवर्तनकारी रोडमैप में 150 से ज्यादा रणनीतिक पहलकदमियों को शामिल किया गया है।3 इस विजन का उद्देश्य संवहनीयता और कौशल विकास को केंद्र में रखते हुए बंदरगाहों का आधुनिकीकरण, जहाजरानी क्षमता का विस्तार और अंतर्देशीय जलमार्गों का सुदृढ़ीकरण है। एमआईवी 2030 सिर्फ माल ढुलाई का खाका होने के बजाय व्यापार, निवेश और रोजगार का उत्प्रेरक भी है। यह भारत के आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धिता के मार्ग को प्रशस्त करता है।

**एमआईवी 2030 की केंद्रीय विषयवस्तु**

मैरीटाइम इंडिया विजन 2030 उन 10 प्रमुख विषयों की पहचान करता है जो वैश्विक समुद्री शक्ति और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में अग्रणी बनने की ओर भारत की यात्रा को आकार देंगे।

**इंडिया मैरीटाइम वीक 2025: आगे बढ़ती समुद्री महत्वाकांक्षा**

इंडिया मैरीटाइम वीक 2025 (आईएमडब्ल्यू 2025) वैश्विक समुद्री कैलेंडर की एक प्रमुख घटना है। इसका आयोजन 27 से 31 अक्टूबर तक मुंबई के नेस्को प्रदर्शनी केंद्र में किया जा रहा है।5 इसमें जहाजरानी, बंदरगाह और परिवहन समुदायों से जुड़े प्रमुख हितधारक हिस्सा लेंगे। आईएमडब्ल्यू 2025 विचार-विमर्श, सहयोग और व्यवसाय विकास का एक रणनीतिक मंच होगा। इसमें 100 से ज्यादा देशों के 1 लाख से अधिक प्रतिनिधियों, बंदरगाह संचालकों, निवेशकों, नवोन्मेषकों और नीति निमार्ताओं के भाग लेने की संभावना है।6 इस 5 दिवसीय कार्यक्रम में 500 प्रदर्शक, विषय से संबंधित पैविलियन, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन तथा बंदरगाह आधारित विकास, जलपोत निर्माण समूह और डिजिटल कॉरिडोर से संबंधित सत्र होंगे।7

**समुद्री परिवर्तन का एक दशकः 2014 से 2025**

भारत का समुद्री क्षेत्र आर्थिक विकास के एक नए मार्ग पर चलते हुए बंदरगाहों, तटीय जहाजरानी और अंतर्देशीय जलमार्गों में रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस क्षेत्र की प्रगति राष्ट्र को मजबूत करने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है।

**भारतीय बंदरगाहों ने स्थापित किए नए मानदंड**

भारत के बंदरगाह क्षेत्र ने जबर्दस्त परिवर्तनकारी छलांग लगाई है। बंदरगाहों की कुल क्षमता 140 करोड़ मीट्रिक टन से दोगुना होकर 276.2 करोड़ मीट्रिक टन हो गई है। क्षमता में यह वृद्धि आधुनिकीकरण और अवसंरचना विकास में बड़े निवेश को प्रतिबिंबित करती है।8 माल ढुलाई का परिमाण भी प्रभावशाली ढंग से बढ़ते हुए 97.2 करोड़ मीट्रिक टन से बढ़ कर 159.4 करोड़ मीट्रिक टन हो गया है।9 इससे समुद्री व्यापार और बंदरगाहों की कार्यकुशलता में जबर्दस्त वृद्धि का संकेत मिलता है। वर्ष 2024-25 में प्रमुख बंदरगाहों के जरिए 85.5 करोड़ टन माल की ढुलाई हुई। वर्ष 2023-24 में इन बंदरगाहों के जरिए सिर्फ 81.9 करोड़ टन माल की ढुलाई हुई थी।10 संचालन में काफी सुधार होने के परिणामस्वरूप जलपोतों के फेरों का औसत समय 93 घंटे से घट कर सिर्फ 48 घंटे रह गया है। इससे समग्र उत्पादकता और वैश्विक प्रतिस्पर्धिता में बढ़ोतरी हुई है।11 इस क्षेत्र की वित्तीय सुदृढ़ता में भी उछाल आया है। क्षेत्र का शुद्ध वार्षिक सरप्लस 1026 करोड़ रुपए से तेजी से बढ़ते हुए 9352 करोड़ रुपए हो गया जिससे राजस्व अर्जन और व्यय प्रबंधन में सुधार का पता चलता है।12 कार्यकुशलता के संकेतक भी मजबूत हुए हैं। संचालन अनुपात 73 प्रतिशत से सुधर कर 43 प्रतिशत हो जाना संवहनीय और लाभकारी बंदरगाह संचालनों की ओर एक बड़ा कदम है।13

**भारतीय जहाजरानी में बेड़े, क्षमता और कार्यबल का विस्तार**

भारत का जहाजरानी क्षेत्र लगातार विकास के मार्ग पर अग्रसर है। भारतीय ध्वज वाले जलपोतों की संख्या 1205 से बढ़ कर 1549 हो गई जो राष्ट्र की विस्तृत होती समुद्री उपस्थिति का परिचायक है।

भारतीय बेड़े की कुल टनधारिता भी 1 करोड़ सकल टन से बढ़ कर 1.35 करोड़ सकल टन हो गई है। इससे ज्यादा मजबूत और सक्षम जहाजरानी क्षमता का पता चलता है। तटीय जहाजरानी में भी काफी गति दिखाई दी है। इसके जरिए माल ढुलाई 8.7 करोड़ मीट्रिक टन से बढ़ कर 16.5 करोड़ मीट्रिक टन हो गई है। इससे परिवहन के कार्यकुशल, किफायती और पर्यावरण के अनुकूल तरीकों की ओर झुकाव को बल मिलता है।14 भारत के अंतर्देशीय जलमार्गों का विकास भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने 2025 में रिकॉर्ड 14.6 करोड़ मीट्रिक टन माल ढुलाई की जानकारी दी। यह अंतर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक घटना है।15 यह वृद्धि 2014 के 1.8 करोड़ मीट्रिक टन की तुलना में 710 प्रतिशत अधिक है।16

मौजूदा समय में चालू जलमार्गों की संख्या 3 से बढ़ कर 29 हो गई है। इससे भारत के अंतर्देशीय परिवहन नेटवर्क में बड़ी वृद्धि का पता चलता है।17 आईडब्ल्यूएआई ने हल्दिया मल्टीमोडल टर्मिनल (एमएमटी) को आईआरसी नेचुरल रिसोर्सेस के हाथों सौंप दिया है। यह सरकार और निजी क्षेत्र की साझीदारी से अंतर्देशीय जलमार्ग अवसंरचना के उन्नयन और बहुविध परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्व बैंक की सहायता से निर्मित पश्चिम बंगाल के इस टर्मिनल की क्षमता वार्षिक 0.30 करोड़ मीट्रिक टन है।18 यात्री जलयान और रो-पैक्स (सवारी और वाहन ढोने वाले जहाज) की लोकप्रियता में भी काफी इजाफा हुआ है। इनके जरिए 2024-25 में 7.5 करोड़ से ज्यादा सवारियों ने यात्रा की। इससे पता चलता है कि सुरक्षित और कार्यकुशल यात्रा के लिए लोग जल आधारित परिवहन को तेजी से अपना रहे हैं।19

महज एक दशक में भारत में "समुद्री कामगारों की संख्या 1.25 लाख से बढ़कर 3 लाख से अधिक हो गई है, जो अब वैश्विक समुद्री कामगारों का 12% है।20 अब देश प्रशिक्षित नाविकों के मामले में दुनिया के शीर्ष तीन आपूर्तिकताओं में से एक बन गया है और देश तथा विदेश में नौवहन, जहाज संचालन, रसद और संबद्ध समुद्री उद्योगों में व्यापक अवसर पैदा हो रहे हैं।21

समुद्री परिवहन विकास के लिए वित्तपोषणः समर्थन और नवोन्मेष

एम्आईवी 2030 में बंदरगाहों, नौवहन और अंतर्देशीय जलमार्गों में कुल 3-3.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है।22 जहाज निर्माण को बढ़ावा देने और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को पुनर्जीवित करने के लिए

# नबीनगर में छठ व्रत के अवसर पर गंदगी का अंबार

**दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार)नबीनगर में छठ व्रत के अवसर पर मंगल बाजार न्यू एरिया सहित कई जगहों पर कचरा भरा पड़ा है। जगह-जगह गंदगी फैली हुई है, लेकिन नगर पंचायत को इस ओर कोई ध्यान नहीं है।स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत की अनदेखी के कारण छठ व्रत के अवसर पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। उन्होंने बताया कि मंगल बाजार न्यू एरिया में कचरा भरा पड़ा है और जगह-जगह गंदगी फैली हुई है, जिससे व्रतियों और श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है।नगर पंचायत के अधिकारियों से जब इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि छठ व्रत के अवसर पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मंगल बाजार न्यू एरिया सहित अन्य जगहों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा और गंदगी को जल्द से जल्द साफ किया जाएगा।स्थानीय लोगों में नगर पंचायत की अनदेखी को लेकर आक्रोश है। लोगों का कहना है कि नगर पंचायत को छठ व्रत के अवसर पर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष प्रयास करने चाहिए। उन्होंने मांग की है कि नगर पंचायत जल्द से जल्द सफाई अभियान चलाकर गंदगी को साफ करे ।

# नबीनगर में पवित्र पुनपुन नदी में छठ व्रतियों ने स्नान कर खरना का प्रसाद बनाया

**दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) नबीनगर में लोक आस्था का महापर्व छठ व्रत के दूसरे दिन खरना के अवसर पर व्रतियों ने पवित्र पुनपुन नदी में स्नान कर खरना का प्रसाद बनाया। इस दौरान व्रतियों ने नया चावल और गुड़ की बनी खीर, शुद्ध घी में बनी पूड़ी और फल का प्रसाद तैयार किया।शाम में छठ व्रतियों ने खीर-पूड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान व्रतियों ने बड़ी संख्या में लोगों को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया, जहां लोगों ने इस प्रसाद को बड़े चाव से ग्रहण किया।छठ पर्व के दौरान व्रती शुद्धता और आस्था का पालन करते हुए कठिन व्रत रखते हैं और सूर्य देव को अर्घ्य देते हैं। खरना के दिन व्रती निर्जला व्रत रखते हैं और शाम को खीर-पूड़ी का प्रसाद ग्रहण करते हैं।छठ पर्व की सबसे बड़ी विशेषता है सादगी और भक्ति। इस पर्व में व्रती सादगी और भक्ति के साथ सूर्य देव की पूजा करते हैं और अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते हैं।नबीनगर में छठ पर्व के अवसर पर जश्न का माहौल है। लोग अपने घरों में विशेष पूजा-अर्चना कर रहे हैं और व्रतियों के साथ प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इस पर्व के दौरान व्रतियों के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों में भी खासा उत्साह देखा जा रहा है ।

# नाई जागृति संघ ने छठ व्रतियो के बीच किया पूजा सामग्री का वितरण

**अभय कुमार मिश्रा ,दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड)ः सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर कॉलोनी के रोड नंबर 32 में नाई जागृति संघ के द्वारा छठ व्रतियों के बीच 251 सूप के साथ पूजन सामग्री का वितरण किया गया। वहीं शनिवार



के को भी जुगसलाई में 101 सूप और पूजन सामग्री का वितरण किया गया था। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार,ठाकुर श्रीपति बारिक, विजय प्रताप शर्मा, एस के प्रभात, उदय ठाकुर,रामजी ठाकुर, रमेश ठाकुर,बजरंगी ठाकुर, महेश ठाकुर, किशोर ठाकुर, अनिल ठाकुर, रामजी शर्मा अनुज ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# छठ महापर्व : प्रखंड अंचल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा दिए कई दिशा निर्देश।

छठ महापर्व की तैयारी जोरों पर, क्षेत्रों में छठ घाट सज धज कर तैयार

**समाज जागरण सत्येंद्र चौरसिया**



पलामू (झारखंड) नौडीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के इलाके में धूमधाम से छठ पर्व मनाने की तैयारी चल रही है। छठ घाटों पर सफाई व्यवस्था, टेंट और साउंड लगाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। चारों तरफ छठ के गीतों से इलाका गूंजमय है। लोग भक्ति के रस में डूबे हुए हैं। वहीं प्रशासनिक अधिकारी और इलाके के सामाजिक कार्यकर्ता भी छठ पूजा की बेहतर तैयारियों का जायजा लेते नजर आए। नौडीहा बाजार प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड अंचल पदाधिकारी संजय कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता धनंजय प्रसाद नौडीहा बाजार प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर आयोजनकताओं को कई जरूरी दिशा निर्देश देते नजर आए। अधिकारियों ने नौडीहा बाजार में छठ घाट नदी, सरईडीह, शाहपुर के विभिन्न छठ घाटों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और हरसम्भव मदद का आश्वासन दिया। बीडीओ सीओ संजय कुमार ने बताया कि किसी भी तरह की चूक न हो उसके लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने भी आयोजनकताओं को कई दिशा निर्देश दिए और शांतिपूर्ण पर्व मनाने का आग्रह किया। सामाजिक कार्यकर्ता धनंजय प्रसाद ने प्रशासनिक सहयोग के लिए अधिकारियों और छठ घाटों पर बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिये विभिन्न क्लबों और संघों का आभार व्यक्त करते हुए सौहाद्रपूर्ण छठ मनाने का सभी से आग्रह किया। इस मौके पर नंदू साव,रंजन कुमार,प्रीतम कुमार, विभूति रंजन ,सहित दर्जनों युवा उपस्थित थे।

# छतरपुर में छठ पर्व की तैयारी जोरों पर, इलाके के छठ घाट सज धज का तैयार

अधिकारियों और समाजसेवियों ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**समाज जागरण दीपक सरकार**



छतरपुरः छतरपुर के इलाके में धूमधाम से छठ पर्व मनाने की तैयारी है चल रही है। छठ घाटों पर सफाई व्यवस्था, टेंट और साउंड लगाने का काम लगभग पूरा कर लिया गया है। चारों तरफ छठ के गीतों से इलाका गूंजायमान है। लोग भक्ति के रस में डूबे हुए हैं। वहीं प्रशासनिक अधिकारी और इलाके के सामाजिक कार्यकर्ता भी छठ पूजा की बेहतर तैयारियों का जायजा लेते नजर आए। छतरपुर के बीडीओ आशीष कुमार साहू, सीओ शंभू राम, सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमुन छतरपुर के विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण कर आयोजनकताओं को कई जरूरी दिशा निर्देश देते नजर आए। अधिकारियों ने छतरपुर के मसीहानी मंदेया नदी, करमा, छतरपुर के छठ घाटों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और हरसम्भव मदद का आश्वासन दिया। बीडीओ आशीष कुमार ने बताया कि किसी भी तरह की चूक न हो उसके लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है वहीं सीओ शम्भू राम ने भी आयोजनकताओं को कई दिशा निर्देश दिए और शांतिपूर्ण पर्व मनाने का आग्रह किया। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून ने प्रशासनिक सहयोग के लिए अधिकारियों और छठ घाटों पर बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिये विभिन्न क्लबों और संघों का आभार व्यक्त करते हुए सौहाद्रपूर्ण छठ मनाने का सभी से आग्रह किया।

इस मौके पर पप्पू सिंह, टोन वर्मा, गुंजन जायसवाल, मंजीत गुप्ता, सोनू गुप्ता, रिशु कुमार, अमित ठाकुर, प्रविन्द कुमार, राहुल कुमार सहित दर्जनों युवा उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल, अज्ञात वाहन चालक फरार

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) : सरायकेला थाना अंतर्गत सीनी ओपी क्षेत्र के डांगरडीह गांव के समीप रविवार एक सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान खरसावां थाना क्षेत्र के रीडिंग पंचायत अंतर्गत पतपत गांव निवासी 25 वर्षीय रोशन हाईबुरु के रूप में हुई



है। जानकारी के अनुसार, रोशन गम्हरिया से बाइक संख्या जे एच 05डी जेड-5739 से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान डांगरडीह के पास एक अज्ञात वाहन ने पीछे से उसे जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क किनारे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उसे सरायकेला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। फिलहाल उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। वहीं, पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही जांच शुरू कर दी है और फरार वाहन चालक की तलाश में जुट गई है।

# गौ तस्करों पर ग्रामीणों का कहर, बैलों को मुक्त कर स्कार्पियो को लगाई आग

**अभय कुमार मिश्रा,
दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो
चीफ,कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) : सरायकेला खरसावां जिले में पुलिस की सख्ती के बावजूद गौ तस्कर एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। शनिवार देर रात सरायकेला थाना क्षेत्र के रंगा मटिया गांव में ग्रामीणों ने एक स्कार्पियो वाहन से तस्करी के लिए ले जाए जा रहे बैलों को मुक्त करा लिया और वाहन को आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलते ही सरायकेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने सभी मवेशियों को अपने कब्जे में लेकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार पुलिस कार्रवाई के बावजूद तस्कर चोरी-छिपे ग्रामीण मार्गों से मवेशियों की तस्करी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि तस्कर पुलिस की बढ़ी निगरानी से बचने के लिए अब मुख्य सड़कों की बजाय गांव के कच्चे रास्तों का इस्तेमाल कर रहे हैं। घटना के बाद तस्कर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। सरायकेला पुलिस ने घटनास्थल से जल चुकी स्कार्पियो को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में रात गश्ती बढ़ाई जाए और गौ तस्करी पर कड़ी रोक लगाई जाए। इस घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन ने जल्द कार्रवाई नहीं की, तो वे स्वयं सख्त कदम उठाने को मजबूर होंगे।

# सरायकेला पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी कांड का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार ,ट्रैक्टर बरामद

**अभय कुमार मिश्रा,
दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो
चीफ,कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) : सरायकेला पुलिस ने सीनी ओपी क्षेत्र में घटित ट्रैक्टर चोरी कांड का खुलासा करते हुए तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी किया गया महिन्द्रा ट्रैक्टर डाला सहित बरामद किया है। साथ ही दो स्कूटी और तीन मोबाइल फोन भी जप्त किए गए हैं। मामला सरायकेला थाना कांड संख्या 95/25 दिनांक 10 अक्टूबर 2025 का है। ग्राम बेरगाडीह से अज्ञात चोरों ने महिन्द्रा ट्रैक्टर चोरी कर लिया था। मामले में आवेदन प्राप्त होने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सरायकेला के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी करते हुए तीन अपराधियों को पकड़ा। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान विशाल जामुदा (निवासी हंसा नवा डीह, सरायकेला), घनश्याम पूर्ति (निवासी करलाजूडी, चाई बासा) और शनि देवगम (निवासी पुराना चाईबासा) के रूप में हुई है। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी किया गया ट्रैक्टर हाट गम्हरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बान्डिया से बरामद किया गया। छापामारी दल में थाना प्रभारी विनय कुमार, सीनी ओपी प्रभारी राजेन्द्र कुमार, पुअनि अमीश कुमार, सा.अनि. हरेकृष्ण महतो, हविलदार नन्दू राम बोयपाई, आरक्षक योगेन्द्र प्रमाणिक और तकनीकी शाखा के कर्मी शामिल थे। सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना की है।

# एसजीएफआई प्रमंडलीय शतरंज में जिले के 14 खिलाड़ी चयनित

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो किशनगंज।**



संप्रति पूर्णियां में प्रमंडल स्तरीय एसजीएफआई शतरंज प्रतियोगिता संपन्न हुई। इसमें विभिन्न आयु वर्गों से जिले के कुल 14 बालक-बालिका खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय एसजीएफआई शतरंज प्रति योगिता में अपने प्रमंडल का प्रतिनिधित्व करने हेतु किया गया।

उपरोक्त जानकारी जिला प्रशासन के हवाले से स्थानीय जिला शतरंज संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता तथा आयोजन सचिव एवं चेस क्रॉप्स अकादमी के प्रमुख कमल कर्मकार ने दी। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता तीन आयु वर्गों में संपन्न कराई गई थी। इनके अंडर-14 बालक वर्ग में बाल मंदिर स्कूल के सुरोनोय दास और सेंट जेवियर्स स्कूल के आयुष आनंद चयनित हुए। बालिका वर्ग में सेंट जेवियर्स स्कूल की जयश्री प्रभा और अराध्या सिंह तथा बाल मंदिर स्कूल की पलचीन जैन का चयन हुआ। अंडर-17 बालक वर्ग में बाल मंदिर स्कूल के आयुष कुमार, बेथल मिशन स्कूल के नमन कुमार सिंह और सरस्वती विद्या मंदिर के ऋषभ आनंद चयनित हुए। बालिका वर्ग में सेंट जेवियर्स स्कूल की दृष्टि दिया प्रामाणिक तथा बाल मंदिर स्कूल की सिद्धि सेठिया का चयन किया गया। वहीं अंडर-19 बालक वर्ग में इंटर हाई स्कूल के मोहम्मद अमानुल्लाह ने स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय की तराशा कुमारी, बाल मंदिर स्कूल की अन्वेशा बनर्जी तथा इंसान उच्च विद्यालय की शकनूर का चयन हुआ। उल्लेखनीय है कि इनमें से अधिकांश विजेता खिलाड़ी स्थानीय चेस क्रॉप्स अकादमी द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण से समृद्ध होकर यह उपलब्धि हासिल कर सके। चयनित खिलाड़ियों को स्थानीय खेल भवन में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संघ के वरीय उपाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, राजेश कुमार दास, अभिभावक रंजीत प्रामाणिक, अमित कुमार सिंह,संघ के संयुक्त सचिव सुधांशु सरकार, सहायक सचिव रौनक कुमार, दल प्रभारी अंशुमन राज, सहायक दल प्रभारी श्रीमती पिंकी भास्कर एवं अनुपस्थित थे। इस संबंध में उपाधीक्षक, शारीरिक शिक्षा प्रह्लाद कुमार ने जानकारी दी कि खेल विभाग, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष विद्यालय स्तरीय शतरंज सहित कुल 24 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, ताकि विद्यालय स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को चिन्हित कर उन्हें आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने आगे बताया कि बालिकाओं की राज्य स्तरीय एसजीएफआई शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 16 नवंबर से जिले में ही प्रस्तावित है। उसमें भी बीते वर्षों की तरह अपने जिले के खिलाड़ियों के सफल होने की प्रबल संभावना है।

# बालू माफियाओं ने बिगाड़ी सालडीह घाट की सूरत, प्रशासक रवि प्रकाश ने खुद संभाली कमान सालडीह छठ घाट की सफाई व मरम्मत शुरू

**अभय कुमार मिश्रा,
दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो
चीफ, कोल्हान झारखंड**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) :आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के सालडीह छठ घाट की जर्जर स्थिति को लेकर नगर निगम के निवर्तमान उपमहापौर अमित सिंह बॉबी ने गहरी चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से घाट की तत्काल मरम्मत और साफ-सफाई की मांग की थी। इस पर रविवार को आदित्यपुर नगर निगम के प्रशासक रवि प्रकाश स्वयं सालडीह पहुंचे और दो जेसीबी मशीनों की मदद से घाट को दुरुस्त करवाने का कार्य शुरू कराया। प्रशासक रवि प्रकाश ने बताया कि सालडीह खरकई घाट की स्थिति अवैध बालू उठाव के कारण बेहद खराब हो गई है। दीपावली के बाद घाट की मरम्मत की गई थी, लेकिन बालू माफियाओं द्वारा घाट किनारे गहरे गड्ढे बना दिए जाने से छठ व्रतियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने ऐसे अवैध गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। वहीं, निवर्तमान डिप्टी मेयर अमित सिंह बॉबी ने कहा कि सालडीह घाट एक प्रमुख छठ घाट है, जहां सालडीह मांझी टोला, आशियाना और आसपास के इलाकों से हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष लोक आस्था के इस महापर्व में शामिल होते हैं। ऐसे में नगर निगम को दीपावली के तुरंत बाद ही घाटों की मरम्मत और सफाई अभियान चलाना चाहिए था।

नगर निगम प्रशासक रवि प्रकाश ने बताया कि आदित्यपुर समेत गम्हरिया क्षेत्र के सभी छठ घाटों की पहचान कर वहां सफाई, मरम्मत और लाइटिंग व्यवस्था की जा रही है, ताकि व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मौके पर सहायक नगर आयुक्त विपुल सन्नी, सिटी मैनेजर रवि भारती, देवाशीष प्रधान, सूरज सेठ और सौरभ कुमार, सत्यम भारद्वाज सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# लोकतंत्र का मोतीबाग के निवासी करेंगे बहिष्कार,

पूरे शहर की गंदगी मोती बाग मोहल्ले में डंप करवाते हैं अधिकारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण
ब्यूरो किशनगंज।**



।मोती बाग चौक के लोगों ने आत्मघाती कदम उठाने को विवश हैं। वार्डवासी रविवार क प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने कचरा डंपिंग बंद नहीं तो लोकतंत्र नहीं का नारा बुलंद किया। विधानसभा चुनाव का बहिष्कार की बात कही। मोती बाग वासियों ने बताया कि जनप्रतिनिधि से लेकर प्रशासनिक अधिकारी तक को आवेदन देकर एवं गुहार लगाकर थक गए हैं किसी ने हम लोगो की समस्या का समाधान नहीं किया,उल्टे हमलोग पर मुकदमा ठोक दिया । वोट किसको देंगे,वोट देकर क्या होगा। हम लोग काफी दुखी हैं घुट-घुट कर जी रहे हैं। इसलिए लोकसभा हो या विधानसभा हमलोग अब वोट नहीं देंगे। लोकतंत्र का बहिष्कार करेंगे ।मौके पर मोतीबाग वार्ड नंबर 7 के स्थानीय निवासी नारायण सोनार, भारती देवी, कैलाश महतो, देबू महतो, सुमित्रा देवी, सीमा देवी, हरेश यादव, शांति देवी, भारत महतो, गोविंद महतो, भोला कुमार, राहुल कुमार, दीपक महतो, आनंद कुमार, बिस्वजीत सोनार, पोरेश कुमार हरिजन, संजय चौहान, दिलीप यादव, भरत सहनी, गौरव कुमार , विनय कुमार, राजकुमार मंडल, अमृत महतो, विकास सोनार, अशोक सोनार, रोहन यादव, सुजय चौहान, संदीप महतो, ललन महतो, सुबोध मंडल, प्रमोद मंडल, बबलू महतो, सीमा देवी आदि लोगों ने बताया कि लगातार एक हफ्ता से कचरे में आग लगी है।तीन किलीमीटर तक धुआं फैल रहा है। छोटे-छोटे बच्चों को घर के अंदर खिड़की बंद करके रखे हुए हैं। फिर भी बच्चे की सांस लेने में परेशानी हो रही है। बूढ़े,बच्चे तथा अन्य लोग खांसी सांस लेने में परेशानी हो रही हैं। हम सभी मर रहे हैं।

**नगर परिषद प्रतिनिधि का पक्षः**
मोती बाग वार्ड नंबर 7 के वार्ड पार्षद प्रतिनिधि अरविंद मंडल ने बताया समस्या गंभीर है इसका समाधान के लिए विभाग से बात किया जा रहा है बहुत जल्दी इसका निराकरण हो जाएगा। वर्तमान अभी कचरा गिराने से रोका गया है और कचरा में आग लगा है उस पर पानी दिया जा रहा है। गौरतलब है कि नगर परिषद् क्षेत्र अंतर्गत स्थित मोतीबाग वार्ड संख्या 07 का हिस्सा है। मोती बाग, वार्ड नंबर 7 में स्थित सड़क के बगल में नगर परिषद के द्वारा लगभग 5 एकड़ भू-भाग पर सम्पूर्ण शहर का कचड़ा डंप किया जा रहा है ।अधिक डंपिंग के बाद आग लगाई जाती है। उस धुआ से हवा भोपाल गैस त्रासदी की याद दिलाती है।मौके पर हजारों टन कचरे में लगी आग से हवा को विष बना देने वाली गैस चारों तरफ फैल रही है।

# छठ व्रत को लेकर नबीनगर में उमड़ी भीड़, सजी दुकानें

**दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर में छठ व्रत को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजार में व्रत को लेकर लोगों की उमड़ी भीड़ ने दुकानदारों की अच्छी कमाई की उम्मीद जगा दी है। इस वर्ष अपेक्षाकृत अधिक संख्या में व्रत की संभावना है, जिससे बाजार में रौनक बढ़ गई ।बाजार में फल, सूप, दौरी की दुकानें सज गई हैं। व्रती इन सामग्रियों की खरीदारी में व्यस्त हैं। छठ पूजा के लिए आवश्यक सामग्रियों जैसे फल, सूप, नारियल, गन्ना, व्रत के पकवानों और पूजा सामग्रियों की खरीदारी के लिए बाजार में भारी भीड़ देखी जा रही है।दुकानदारों को इस वर्ष अच्छी



कमाई की उम्मीद है। उनका कहना है कि छठ पूजा के अवसर पर उनकी बिक्री में काफी वृद्धि होती है। बाजार में सूप, दउरा, डलिया, पंखा जैसे सामानों की मांग अधिक है, जो छठ महापर्व में शुभ माना जाता है।नबीनगर में छठ व्रत को लेकर विशेष प्रबंध किए गए हैं। बाजार में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो। व्रतियों की सुविधा के लिए बाजार में आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।छठ व्रत को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। व्रती अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की लंबी आयु के लिए व्रत रखते हैं। छठ पूजा के अवसर पर लोग अपने घरों में विशेष पूजा-अर्चना करते हैं और व्रत रखते हैं। इस वर्ष अपेक्षाकृत अधिक संख्या में व्रत की संभावना है, जिससे बाजार में रौनक बढ़ गई है।.